अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड के सदस्य | Member of Banking Codes & Standards Board of India

हेल्पलाइन नं.: **1800 208 2244** / **1800 22 2244** (टोल फ्री नं.) | **080 2530 0175** (सशुल्क) | **+91 80 2530 2510** (एनआरआई के लिए)

www.unionbankofindia.co.in | @unionbankofindia | @UnionBankTweets | UnionBankInsta | YouTube UnionBankofIndiaUtube | unionbankofindia

Avail Home / Car Loan at attractive interest rate

So you can get **a bigger home** and **bigger car**

Union Home

Sanction in 5 days
Repayment upto 30 years

Union Miles

Sanction in 2 days
Repayment upto 7 years

Conditions Apply.

Online loan application facility | Interest on Daily reducing balance

Proud to be associated with

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड के सदस्य Member of Banking Codes & Standards Board of India

Helpline Nos.: **1800 208 2244** / **1800 22 2244** (Toll free no.) | **080 2530 0175** (Chargeable) | **+91 80 2530 2510** (For NRIs)

www.unionbankofindia.co.in | @unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube unionbankofindia

प्रस्तुत करते हैं एटीएम आधारित यूनियन ग्रीन कार्ड, इसे खास तौर पर बनाया गया है हमारे देश के परिश्रमी किसानों के लिए. आज ही कार्ड के लिए आवेदन कीजिए और ढेर सारी बैंकिंग सेवाओं, ऋणों और अन्य अनेक फायदों का आनंद लेना प्रारंभ कीजिए. • आसान ऋण योजनाएं • ब्याज दरों में रियायत • समय पर ऋण पुनर्भुगतान करने पर 4%* की ब्याज दर • कार्ड का इस्तमाल शाखा से, ATM से और POS से पैसे निकालने के लिए किया जा सकता है

*₹ 3 लाख तक ऋण

गौरवशाली सहभागी:

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड के सदस्य | Member of Banking Codes & Standards Board of India

हेल्पलाइन नं.: 1800 208 2244 / 1800 22 2244 (टोल फ्री नं.) | 080 2530 0175 (सशुल्क) | +91 80 2530 2510 (एनआरआई के लिए)

www.unionbankofindia.co.in | @unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube unionbankofindia

Add wings to your retail trade business with Union Trade Plus

- Working Capital & Term Loan Finance to eligible traders upto Rs. 10.00 crore
- Flexible calculation of Drawing Power
- Flat Margin of 20% for Working Capital and Term Loan Finance
- Attractive Rate of Interest offered to small traders
- Waiver of rentals for single POS Terminal for 12 months from the date of 1st installation

Conditions Apply

Proud to be associated with

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
अच्छे लोग, अच्छा बैंक

Union Bank of India
Good people to bank with

भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड के सदस्य Member of Banking Codes & Standards Board of India

Helpline Nos.: **1800 208 2244** / **1800 22 2244** (Toll free no.) | **080 2530 0175** (Chargeable) | **+91 80 2530 2510** (For NRIs)

www.unionbankofindia.co.in | @unionbankofindia @UnionBankTweets UnionBankInsta YouTube UnionBankofIndiaUtube unionbankofindia

महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक

क्र.सं.	विवरण % (प्रतिशत में)	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2018
1	ब्याज आय/औसत कार्यशील निधियां (एडब्ल्यूएफ)	8.35	8.78	8.04	8.33	9.35	9.19	8.95	8.88	8.37	7.60	6.71
2	ब्याज व्यय/एडब्ल्यूएफ	5.76	5.96	5.51	5.19	6.33	6.43	6.55	6.54	6.21	5.53	4.80
3	ब्याज स्प्रेड/एडब्ल्यूएफ	2.59	2.82	2.53	3.14	3.02	2.76	2.40	2.34	2.16	2.07	1.91
4	गैर-ब्याज आय/एडब्ल्यूएफ	1.20	1.09	1.19	1.03	1.09	0.93	0.86	0.97	0.94	1.16	1.02
5	परिचालन व्यय/एडब्ल्यूएफ	1.44	1.63	1.52	2.00	1.77	1.65	1.67	1.70	1.62	1.50	1.38
6	लागत आय अनुपात	38.17	41.81	40.66	47.85	43.15	44.70	51.24	51.34	52.10	46.42	47.26
7	सकल (परिचालन) लाभ/एडब्ल्यूएफ	2.34	2.28	2.21	2.18	2.34	2.04	1.59	1.61	1.49	1.73	1.54
8	नेट वर्थ पर प्रतिलाभ	24.70	24.79	23.69	18.63	13.67	13.68	9.99	9.73	6.84	2.86	(27.99)
9	अंतिम आस्तियों पर प्रतिलाभ	1.12	1.07	1.06	0.88	0.68	0.69	0.48	0.47	0.33	0.12	(1.08)
10	औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ	1.26	1.27	1.25	1.05	0.79	0.79	0.52	0.49	0.35	0.13	(1.07)
11	अग्रिमों पर प्रतिफल	10.12	11.06	9.94	9.86	11.22	11.05	10.53	10.42	9.63	8.72	7.67
12	जमाराशियों की लागत	6.19	6.50	5.94	5.53	6.93	7.38	7.37	7.31	7.00	6.28	5.66
13	शुद्ध लाभ का लाभांश भुगतान अनुपात (कार्पोरेट लाभांश कर सहित)	17.04	17.11	15.66	23.44	28.64	25.89	17.39	25.76	11.95	-	-
14	ऋण जमा अनुपात	75.55	73.22	73.71	78.11	84.94	84.11	82.04	86.65	83.69	81.45	78.18
15	ऋण + गैर एसएलआर निवेश (अनुषंगी ईकाइयों में निवेश को छोड़कर)-जमा अनुपात	78.44	76.75	80.75	84.08	86.51	87.63	90.36	93.51	88.91	87.82	83.77
16	पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बासल III)	-	-	-	-	-	-	10.80	10.22	10.56	11.79	11.50
	टियर।							7.54	7.50	8.14	9.02	9.07
	टियर ।।							3.26	2.72	2.42	2.77	2.43

महत्वपूर्ण वित्तीय सूचक

क्र. सं.	विवरण	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2018
1	कर्मचारी (संख्या)	25722	27510	27772	27746	30838	31798	33806	35514	35473	36877	37587
2	शाखाएं (संख्या)	2361	2558	2805	3016	3201	3511	3871	4081	4200	4282	4301
3	प्रति कर्मचारी कारोबार (₹ करोड़ में)*	6.20	6.94	8.53	10.43	10.70	12.15	13.76	14.46	15.51	16.43	17.83
4	प्रति कर्मचारी सकल लाभ (₹ लाख में)	10.03	11.20	13.18	15.52	17.04	17.56	15.44	16.40	16.13	20.15	20.06
5	प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹ लाख में)	5.39	6.28	7.47	7.50	5.80	6.79	5.02	5.02	3.81	1.51	(13.96)
6	प्रति शाखा कारोबार (₹ करोड़ में)*	67.52	74.61	84.49	95.93	103.11	110.05	120.16	125.80	130.96	141.50	155.80
7	प्रति शाखा सकल लाभ (₹ करोड़ में)	1.09	1.20	1.30	1.43	1.64	1.59	1.35	1.43	1.36	1.74	1.75
8	प्रति शाखा शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)	0.59	0.68	0.74	0.69	0.56	0.61	0.44	0.44	0.32	0.13	(1.22)
9	प्रति शेयर आय (₹ में)	27.46	34.18	41.08	39.71	34.07	38.93	27.99	28.05	20.42	8.08	(69.45)
10	प्रति शेयर बही मूल्य (₹ में)	111.19	137.87	173.38	213.17	237.48	264.37	269.37	288.01	287.51	277.76	243.44

नोट : * औसत कारोबार

परिभाषाएं :

औसत कार्यशील निधियां (एडब्ल्यूएफ)	:	कुल आस्तियों का पाक्षिक औसत
औसत जमाराशियां	:	कुल जमाराशियों का पाक्षिक औसत
औसत अग्रिम	:	कुल अग्रिमों का पाक्षिक औसत
औसत कारोबार	:	औसत जमाराशियों और औसत अग्रिमों का योग
औसत निवेश	:	कुल निवेश का पाक्षिक औसत
ब्याज आय/एडब्ल्यूएफ	:	कुल ब्याज आय को एडब्ल्यूएफ से भाग दें
ब्याज व्यय/एडब्ल्यूएफ	:	कुल ब्याज व्यय को एडब्ल्यूएफ से भाग दें
ब्याज स्प्रेड/एडब्ल्यूएफ	:	कुल ब्याज आय में से कुल ब्याज व्यय को घटाकर एडब्ल्यूएफ से भाग दें
गैर-ब्याज आय/एडब्ल्यूएफ	:	कुल गैर ब्याज आय को एडब्ल्यूएफ से भाग दें
परिचालन व्यय	:	कुल व्यय में से ब्याज व्यय घटायें
परिचालन व्यय/एडब्ल्यूएफ	:	परिचालन व्यय को एडब्ल्यूएफ से भाग दें
आय लागत अनुपात	:	परिचालन व्यय/गैर ब्याज आय + ब्याज स्प्रेड
सकल लाभ/एडब्ल्यूएफ	:	सकल लाभ को एडब्ल्यूएफ से भाग दें
नेट वर्थ पर प्रतिलाभ	:	शुद्ध लाभ/नेट वर्थ (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधियां एवं अर्मूत आस्तियों को छोड़कर)
आस्तियों पर प्रतिफल	:	शुद्ध लाभ/कुल आस्तियां
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ	:	शुद्ध लाभ/एडब्ल्यूएफ
अग्रिमों पर आय	:	आग्रिमों पर अर्जित ब्याज/औसत अग्रिम
जमाराशियों की लागत	:	जमाराशियों पर प्रदत्त ब्याज को औसत जमाराशियों से भाग दें
लाभांश भुगतान अनुपात	:	कार्पोरेट लाभांश कर सहित लाभांश/शुद्ध लाभ (कार्पोरेट लाभांश कर सहित)
ऋण जमा अनुपात	:	कुल अग्रिम/ग्राहकों की जमाराशियां (यथा कुल जमाराशियां-अंतर बैंक जमाराशियां)
ऋण + गैर सांविधिक तरलता अनुपात निवेश (अनुषंगी ईकाइयों में निवेश को छोड़कर)-जमाराशि अनुपात		कुल अग्रिम +गैर एसएलआर निवेश-अनुषंगी ईकाइयों में निवेश/ग्राहकों की जमाराशियां
प्रति कर्मचारी कारोबार	:	औसत जमाराशियां (बैंक जमाराशियों को छोड़कर) + औसत अग्रिम/कर्मचारियों की कुल संख्या
प्रति कर्मचारी सकल लाभ	:	सकल लाभ को कर्मचारियों की कुल संख्या से भाग दें
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ	:	शुद्ध लाभ/कर्मचारियों की कुल संख्या
प्रति शाखा कारोबार	:	औसत जमाराशियां (बैंक जमाराशियों को छोड़कर) + औसत अग्रिम/शाखाओं की संख्या
प्रति शाखा सकल लाभ	:	सकल लाभ/शाखाओं की संख्या
प्रति शाखा शुद्ध लाभ	:	शुद्ध लाभ/शाखाओं की संख्या
प्रति शेयर आय	:	शुद्ध लाभ को इक्विटी शेयर केपिटल से भाग करें
प्रति शेयर बही मूल्य	:	नेट वर्थ (पुनर्मूल्यांकन प्रारक्षित निधि एवं अमूर्त आस्तियों को छोड़कर) को इक्विटी शेयर कैपिटल से भाग करें

KEY FINANCIAL INDICATORS

S.No.	Particulars % (In Percentage)	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2018
1	Interest Income/Average Working Funds (AWF)	8.35	8.78	8.04	8.33	9.35	9.19	8.95	8.88	8.37	7.60	6.71
2	Interest Expenses/AWF	5.76	5.96	5.51	5.19	6.33	6.43	6.55	6.54	6.21	5.53	4.80
3	Interest Spread/AWF	2.59	2.82	2.53	3.14	3.02	2.76	2.40	2.34	2.16	2.07	1.91
4	Non-Interest Income/ AWF	1.20	1.09	1.19	1.03	1.09	0.93	0.86	0.97	0.94	1.16	1.02
5	Operating Expenses/ AWF	1.44	1.63	1.52	2.00	1.77	1.65	1.67	1.70	1.62	1.50	1.38
6	Cost Income Ratio	38.17	41.81	40.66	47.85	43.15	44.70	51.24	51.34	52.10	46.42	47.26
7	Gross (Operating) Profit/ AWF	2.34	2.28	2.21	2.18	2.34	2.04	1.59	1.61	1.49	1.73	1.54
8	Return on Net Worth	24.70	24.79	23.69	18.63	13.67	13.68	9.99	9.73	6.84	2.86	(27.99)
9	Return on Terminal Assets	1.12	1.07	1.06	0.88	0.68	0.69	0.48	0.47	0.33	0.12	(1.08)
10	Return on Average Assets	1.26	1.27	1.25	1.05	0.79	0.79	0.52	0.49	0.35	0.13	(1.07)
11	Yield on Advances	10.12	11.06	9.94	9.86	11.22	11.05	10.53	10.42	9.63	8.72	7.67
12	Cost of Deposits	6.19	6.50	5.94	5.53	6.93	7.38	7.37	7.31	7.00	6.28	5.66
13	Dividend payout Ratio to Net Profit (including Corporate Dividend Tax)	17.04	17.11	15.66	23.44	28.64	25.89	17.39	25.76	11.95	-	-
14	Credit - Deposit Ratio	75.55	73.22	73.71	78.11	84.94	84.11	82.04	86.65	83.69	81.45	78.18
15	Credit + Non SLR Investment (excluding Investments in Subsidiaries) - Deposit Ratio	78.44	76.75	80.75	84.08	86.51	87.63	90.36	93.51	88.91	87.82	83.77
16	Capital Adequacy Ratio (Basel III)	-	-	-	-	-	-	10.80	10.22	10.56	11.79	11.50
	Tier I							7.54	7.50	8.14	9.02	9.07
	Tier II							3.26	2.72	2.42	2.77	2.43

KEY FINANCIAL INDICATORS

S. No.	Particulars	31.03.2008	31.03.2009	31.03.2010	31.03.2011	31.03.2012	31.03.2013	31.03.2014	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2018
1	Employees (Number)	25722	27510	27772	27746	30838	31798	33806	35514	35473	36877	37587
2	Branches (Number)	2361	2558	2805	3016	3201	3511	3871	4081	4200	4282	4301
3	Business per Employee (Rs in Crore) *	6.20	6.94	8.53	10.43	10.70	12.15	13.76	14.46	15.51	16.43	17.83
4	Gross Profit per Employee (Rs in Lacs)	10.03	11.20	13.18	15.52	17.04	17.56	15.44	16.40	16.13	20.15	20.06
5	Net Profit per Employee (Rs in Lacs)	5.39	6.28	7.47	7.50	5.80	6.79	5.02	5.02	3.81	1.51	(13.96)
6	Business per branch (Rs in Crore) *	67.52	74.61	84.49	95.93	103.11	110.05	120.16	125.80	130.96	141.50	155.80
7	Gross Profit per branch (Rs in Crore)	1.09	1.20	1.30	1.43	1.64	1.59	1.35	1.43	1.36	1.74	1.75
8	Net Profit per branch (Rs in Crore)	0.59	0.68	0.74	0.69	0.56	0.61	0.44	0.44	0.32	0.13	(1.22)
9	Earnings per Share (in Rupees)	27.46	34.18	41.08	39.71	34.07	38.93	27.99	28.05	20.42	8.08	(69.45)
10	Book Value per Share (in Rupees)	111.19	137.87	173.38	213.17	237.48	264.37	269.37	288.01	287.51	277.76	243.44

Note : * Average Business

Definitions :

Average Working Funds (AWF)	:	Fornightly average of total assets
Average Deposits	:	Fornightly average of total deposits
Average Advances	:	Fornightly average of total advances
Average Business	:	Total average deposits and average advances
Average Investments	:	Fornightly average of total investments
Interest Income/AWF	:	Total interest income divided by AWF
Interest Expenses/AWF	:	Total interest expenses divided by AWF
Interest Spread/AWF	:	Total interest income minus Total interest expenses divided by AWF
Non Interest Income/AWF	:	Total Non interest income divided by AWF
Operating Expenses	:	Total Expenses minus Interest Expenses
Operating Expenses/AWF	:	Operating profit divided by AWF
Cost Income Ratio	:	Operating Expenses / Non Interest Income plus interest spread
Gross Profit/AWF	:	Operating profit divided by AWF
Return on Net Worth	:	Net Profit / Net Worth (excluding revaluation reserves and intangible assets)
Return on Assets	:	Net Profit / Total Assets
Return on Average Assets	:	Net Profit / AWF
Yield on Advances	:	Interest Earned on Advances / Average Advances
Cost of Deposits	:	Interest paid on deposits divided by average deposits
Dividend Payout Ratio	:	Dividend including corporate Dividend Tax / Net Profit (including Corporate dividend tax)
Credit Deposit Ratio	:	Total advances / Customer Deposits (i.e. Total Deposits minus Inter Bank Deposits)
Credit + Non SLR Investments (excluding Investment in Subsidiaries) - Deposit Ratio	:	Total Advances + Non-SLR Investments minus Investments in subsidiaries / Customer Deposits
Business per employee	:	Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of employees
Gross Profit per Employee	:	Gross Profit divided by total No. of employees
Net Profit per Employee	:	Net Profit / Total No. of Employees
Business per Branch	:	Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of branches
Gross Profit per Branch	:	Gross Profit / No. of Branches
Net Profit per Branch	:	Net Profit / No. of Branches
Earning per Share	:	Net Profit divided by equity share capital
Book Value per share	:	Net worth (excluding Revaluation Reserve and intangible assets)/ equity share capital

सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया **("बैंक")** के शेयरधारकों की **16वीं** वार्षिक साधारण बैठक **("एजीएम") बुधवार, दिनांक 27 जून, 2018 को प्रात: 11.00 बजे रामा एंड सुंदरी वाटूमल ऑडिटोरियम, के. सी. कॉलेज, दिनशॉ वाचा रोड, चर्चगेट, मंबई-400020** में निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कारोबार

मद क्र. 1

दिनांक **31 मार्च, 2018** के तुलन पत्र तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ व हानि लेखा, लेखों में कवर की गयी अवधि के लिए बैंक की गतिविधियों तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन पत्र और लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन एवं अंगीकरण हेतु.

विशेष कारोबार

मद क्र. 2

एफपीओ/ राइट्स/ क्यूआईपी/ अधिमान आबंटन आदि के माध्यम से पूंजी का अर्जन.

विचारोपरांत उचित पाये जाने पर आशोधनों सहित या रहित निम्नलिखित विशेष संकल्प पारित करना.

संकल्प किया कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 **("अधिनियम")** के प्रावधानों, राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 **("योजना")** तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 यथा समय-समय पर संशोधित, भारतीय रिजर्व बैंक **("आरबीआई")**, भारत सरकार **("जीओआई")**, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड **("सेबी")** और/ या इस संबंध में आवश्यक होने पर किसी अन्य प्राधिकारी के अनुमोदन, सहमति, मंजूरी, यदि कोई हो, के अध्यधीन तथा उनके द्वारा अनुमोदन के लिए आवश्यक निर्धारित शर्तों, निबंधनों और संशोधनों तथा बैंक के निदेशक मंडल द्वारा दी गयी सहमति के अनुसार तथा सेबी (पूंजी का निर्गम एवं आवश्यक प्रकटीकरण) विनियमन 2009 **("आईसीडीआर विनियमन")** यथा अद्यतन संशोधित, भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश यदि कोई हों; बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड 1992 के अंतर्गत जारी अधिसूचना/ परिपत्र एवं स्पष्टीकरण तथा समय-समय पर लागू अन्य नियमों एवं सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं आवश्यक प्रकटीकरण) विनियमन 2015 (**"लिस्टिंग विनियमन"**) संबंधित प्राधिकरणों तथा स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, में दर्ज सूचीयन करार के अध्यधीन बैंक के शेयरधारकों की सहमति है और एतद्द्वारा बैंक के निदेशक मंडल (जिसे इसके बाद "**बोर्ड**" कहा जाएगा, जिसमें इस संकल्प द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित इसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बोर्ड द्वारा गठित की गयी/ की जाने वाली समिति भी शामिल है) को प्रदान की जाए एवं एतदद्वारा प्रदान की जाती है कि प्रस्ताव दस्तावेज/प्रास्पेक्टस अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के माध्यम से भारत या भारत से बाहर **₹6,850 (रुपये छ: हजार आठ सौ पचास करोड़ मात्र)** के इक्विटी शेयर (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो) जो **₹1,168.57 करोड़ (रुपये एक हज़ार एक सौ अड़सठ करोड़ एवं सत्तावन लाख मात्र)** की वर्तमान चुकता इक्विटी शेयर पूंजी सहित **₹3,000 करोड़ (रुपये तीन हजार करोड़ मात्र)**, जो बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ए) अथवा संशोधन (यदि कोई हो) जो भविष्य में अधिनियम बन सकता है, के द्वारा बढ़ाई गई सीमा के अंदर हो तथा इस प्रकार कि किसी भी स्थिति में केंद्र सरकार की अंशधारिता बैंक की चुकता इक्विटी पूंजी के 51% से कम न हो, चाहे बाजार मूल्य से छूट पर अथवा प्रीमियम पर तथा एक या अधिक अवसरों पर, एक अथवा अधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों **("एनआरआई")**, निजी अथवा सार्वजनिक कंपनियों, विनिवेश संस्थाओं, समितियों, न्यासों, शोध संस्थानों, अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं **(क्यूआईबी)**, विदेशी संस्थागत निवेशकों **("एफआईआई")**, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्युचुअल फंडों, उद्यम पूंजी निधियों, विदेशी उद्यम पूंजी निवेशकों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेंशन निधियों, विकास वित्त संस्थाओं या अन्य इकाइयों, प्राधिकरणों या अन्य किसी संवर्ग के निवेशकों, जो विद्यमान विनियमनों/ दिशानिर्देशों या उपर्युक्त दोनों के किसी संयोजन, जिसे बैंक द्वारा उचित समझा जाए, के अनुसार बैंक के इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों में निवेश करने हेतु अधिकृत हैं, को पूंजी का सृजन, प्रस्ताव, निर्गम और आबंटन (निश्चित आबंटन और/या निर्गम का ऐसा भाग और ऐसे संवर्ग के व्यक्तियों, जो उस समय लागू नियमों के तहत अनुमत हों, को आरक्षित प्रावधानों सहित) किया जाए.

"पुन: संकल्प किया कि ऐसा निर्गम, प्रस्ताव या आबंटन सार्वजनिक निर्गम (यथा अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) और/ या अधिकार निर्गम और/ या निजी स्थापन, अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन, अधि आबंटन विकल्प सहित या रहित के जरिये होगा तथा ऐसा प्रस्ताव, निर्गम, स्थापन या आबंटन, अधिनियम आईसीडीआर विनियमन, लिस्टिंग विनियमन तथा भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी या अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी सभी अन्य दिशानिर्देशों और ऐसे समय या समयों पर इस प्रकार तथा ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर, जिन्हें बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेक से उचित समझा जाए, के प्रावधानों के अनुसार किया जाए."

"पुन: संकल्प किया कि बोर्ड को अधिकार होगा कि वह निर्गम ऐसे मूल्य या मूल्यों पर इस प्रकार से और यदि आवश्यक हो, तो लीड मैनेजरों और/ अभिगोपकों और/ या अन्य परामर्शदाताओं या अन्यथा के परामर्श से अपने पूर्ण विवेकानुसार ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर तथा आईसीडीआर विनियमनों, अन्य विनियमनों और लागू अन्य कानूनों, नियमों, विनियमनों तथा दिशानिर्देशों के अधीन ऐसे मूल्य या मूल्यों पर जारी करे, जो आईसीडीआर विनियमनों के संबद्ध प्रावधानों के अनुसार निर्धारित मूल्य से कम न हो; चाहे ऐसे निवेशक (गण) बैंक के विद्यमान सदस्य हों या नहीं."

"पुन: संकल्प किया कि लिस्टिंग के प्रावधानों, विनियमनों, अधिनियम के प्रावधानों, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 के प्रावधानों, आईसीडीआर विनियमनों के प्रावधानों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत से बाहर निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूतियों का अंतरण या निर्गम) विनियमन, 2017 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), शेयर बाजार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) तथा अन्य सभी अपेक्षित प्राधिकारी वर्ग (जिन्हें इसके बाद सामूहिक रुप में "सम्यक प्राधिकारी" कहा जाएगा) तथा उपर्युक्त में से किसी के भी द्वारा इस प्रकार का अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/ या मंजूरियां (जिन्हें इसके बाद अपेक्षित अनुमोदन कहा जाएगा) प्रदान करते समय निर्धारित की जाने वाली शर्तों के अध्यधीन बोर्ड, स्थापन दस्तावेज और/ या ऐसे अन्य दस्तावेजों/ लेखों/ परिपत्रों/ ज्ञापनों के जरिये तथा समय-समय पर एक या अधिक अवसरों पर अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) (जिन्हें आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII में परिभाषित किया गया है), को अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन (क्यूआईपी), जैसा कि आईसीडीआर विनियमनों के अध्याय VIII में उल्लेख है,

के अनुसार आईसीडीआर विनियमनों के या उस समय प्रचलित कानूनों के अन्य प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तो एवं निबंधनों के तहत ऐसे मूल्य एवं तरीके से इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों (वारंटों को छोड़कर), जो बाद में इक्विटी शेयरों के बदले परिवर्तनीय हैं, का बोर्ड अपने सम्यक विवेक से इस प्रकार सृजन, प्रस्ताव, निर्गम एवं आबंटन कर सकता है कि किसी भी समय भारत सरकार की धारिता बैंक की इक्विटी पूंजी के 51% से कम न हो."

"पुन: संकल्प किया कि आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII के अनुसार पात्र संस्थागत स्थापन के मामले में:

ए) प्रतिभूतियों का आबंटन केवल आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VIII के अन्तर्गत परिभाषित पात्र संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा. ये प्रतिभूतियां पूर्णत: प्रदत्त होंगी तथा ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन इस संकल्प की तिथि से 12 माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा.

बी) आईसीडीआर विनियमन के विनियमन 85(I) के प्रावधान के अनुक्रम में बैंक, विनियमनों द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से अधिकतम 5 प्रतिशत से अनधिक छूट पर शेयर का प्रस्ताव देने हेतु अधिकृत है.

सी) प्रतिभूतियों का आधार मूल्य निर्धारित करने हेतु संबद्ध तारीख, आईसीडीआर विनियमन के अनुसार होगी.

"पुन:संकल्प किया कि भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/ भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड/स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या इस संबंध में बोर्ड द्वारा दी गयी सहमति के अनुसार निर्गम, आबंटन एवं लिस्टिंग के अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय ऐसे अन्य उपयुक्त प्राधिकारियों के द्वारा संशोधित जैसा भी आवश्यक या लागू हो, को स्वीकार करने का बोर्ड को अधिकार है."

"पुन:संकल्प किया कि एनआरआई, एफआईआई और/या अन्य पात्र विदेशी निवेशों को नए इक्विटी शेयरों एवं प्रतिभूतियों, यदि कोई है, का निर्गम और आबंटन, लागू विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम,1999 के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन अधिनियम द्वारा निर्धारित समग्र सीमा के अध्यधीन होगा."

"पुन: संकल्प किया कि जारी किये जाने वाले कथित इक्विटी शेयर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 समय-समय पर यथा संशोधित (विनियमन) के अध्यधीन तथा बैंक के मौजूदा शेयरों के समरुप होंगे एवं लाभांश की घोषणा के समय प्रभावी सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरुप लाभांश, यदि कोई है, के लिए पात्र होंगे."

"पुन: संकल्प किया कि इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम या आबंटन करने के लिए बोर्ड को निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आबंटित की जानी हैं, प्रत्येक अवसर पर आबंटित किए जाने वाले शेयरों/ प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, सहित सार्वजनिक निर्गम की शर्तें निर्धारित करने तथा ऐसे सभी कार्य, कार्रवाई, मामले और काम निपटाने तथा ऐसे कार्य, दस्तावेज एवं करार निष्पादित करने, जिसे वह अपने विवेकानुसार आवश्यक, उचित एवं वांछनीय समझे तथा इक्विटी शेयरों के प्रस्ताव, निर्गम एवं आबंटन तथा निर्गम राशि के उपयोग करने के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने या उन्हें निपटाने के अनुदेश या निर्देश जारी करने तथा अपने पूर्ण विवेक से बैंक के सर्वोत्तम हित में ठीक एवं उचित माने जाने वाले निबंधनों व शर्तों, जो भी हों, में ऐसे संशोधन, परिवर्तन, फेरबदल, विलोपन तथा परिवर्धन, आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिए, इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत किया जाए और एतद्द्वारा अधिकृत किया जाता है."

"पुन: संकल्प किया कि बोर्ड यथा आवश्यक इक्विटी/प्रतिभूतियों के प्रस्ताव के लिए बुक रनर(रों), लीड मैनेजर(रों), बैंकर्स, अभिगोपक(कों), डिपॉजिटरी(रियों), रजिस्ट्रार(रों), लेखापरीक्षक(कों) तथा अन्य ऐसी एजेन्सी, जो इक्विटी शेयरों एवं प्रतिभूतियों के प्रस्ताव संबंधी कार्य में शामिल हों, को कमीशन, दलाली, शुल्क या ऐसे अन्य प्रभार के भुगतान हेतु ऐसी एजेंसियों के साथ इस प्रकार की सभी व्यवस्थाओं, करारों, ज्ञापनों, दस्तावेजों आदि को निष्पादित करने के लिए बोर्ड को अधिकृत किया जाए एवं एतदद्वारा ऐसा किया जाता है."

"पुन: संकल्प किया कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिए लीड मैनेजरों, अभिगोपकों, परामर्शदाताओं और/ या बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों के परामर्श से बोर्ड को निर्गम की शर्तें निर्धारित करने हेतु अधिकृत किया जाए एवं किया जाता है, जिसमें निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आबंटित की जानी हैं, का निर्धारण, प्रत्येक अवसर पर आबंटित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो), अंकित मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि/ प्रतिभूतियों का कंवर्जन/ वारंट की प्रक्रिया/ प्रतिभूतियों का शोधन (रिडेम्प्शन), ब्याज दर, शोधन अवधि, प्रतिभूतियों के परिवर्तन या शोधन या निरस्तीकरण पर इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों के निर्गम/ कंवर्जन पर प्रीमियम या छूट, ब्याज दर, कंवर्जन की अवधि, रिकॉर्ड तिथि या बुक क्लोजर एवं अन्य संबंधित प्रासंगिक मामलों का निर्धारण, भारत और/या विदेश में एक या अधिक शेयर बाजारों में लिस्टिंग, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, आदि शर्तों का निर्धारण शामिल है."

"पुन: संकल्प किया कि इनमें से ऐसे शेयर/प्रतिभूतियां, जो अभिदत्त नहीं हुए हैं, को बोर्ड अपने सम्यक विवेक, जिसे बोर्ड उचित समझे तथा विधि सम्मत तरीके से निस्तारित कर सकता है."

"पुन: संकल्प किया कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिए बोर्ड द्वारा ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने, जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से उचित समझे तथा शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने, पुन: ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने, सभी आवश्यक, वांछनीय एवं उचित दस्तावेज व ज्ञापनों को निष्पादित करने, जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से ठीक, उचित एवं वांछनीय समझे, को आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिए इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत माना जाए तथा एतदद्वारा अधिकृत किया जाता है."

"पुन: संकल्प किया कि इस संकल्प को प्रभावी बनाने हेतु बोर्ड को इसमें प्रदत्त सभी प्राधिकार प्रबंध निदेशक एवं सीईओ या कार्यपालक निदेशक/निदेशकों की समिति को पूंजी निधि एकत्रित करने हेतु अधिकृत किया जाए एवं एतदद्वारा किया जाता है."

मद क्र.3

केंद्र सरकार के अतिरिक्त बैंक के शेयरधारकों में से वैध नामांकन वाले तीन निदेशकों के निर्वाचन हेतु, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 (इसके बाद "अधिनियम" कहा जाएगा) की धारा 9 (3) (i) के अनुसार बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (इसके बाद "विनियमन अधिनियम" कहा जाएगा), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970/1980 (इसके बाद "योजना" कहा जाएगा) एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 (इसके बाद "विनियमन" कहा जाएगा) अधिनियम की धारा 19 के अनुसार एवं अधिसूचना संख्या डीबीओडी क्र. बीसी क्र. 46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवंबर 2007 के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या डीबीओडी क्र. बीसी क्र. 95/29.39.001/2010-11

दिनांक 23 मई 2011 (इसके बाद आरबीआई "अधिसूचना" कहा जाएगा) के अनुसार एवं भारत सरकार के पत्र संख्या एफ़ संख्या 16/83/2013-BO.I दिनांक 3 सितंबर, 2013 के अनुसार, सरकार द्वारा दिनांक 25 मार्च 2015, 20 जून 2016 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-शासकीय निदेशकों के रूप में विचार हेतु मानदंड (इसके बाद "भारत सरकार दिशानिर्देश" कहा जाएगा) एवं निर्वाचन के बाद आशोधनों सहित एवं रहित निम्नलिखित साधारण संकल्प लिया जाता है.

"संकल्प लिया गया कि संबंधित योजना के साथ विनियमनों के आधार पर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के आधार पर धारा 9(3)(i) के अनुक्रम में केंद्र सरकार के अतिरिक्त, शेयरधारकों में से ...., ...,एवं .....को निदेशकों के रूप में निर्वाचित किया गया है बैंक के निर्वाचित निदेशकों को **28 जून 2018** से कार्यालय संभालने के लिए अधिकृत किया जाए एवं वे निदेशकों के रूप में कार्यग्रहण की तिथि से तीन वर्ष की अवधि तक कार्यालय का कार्यभार संभालेंगे."

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

राजकिरण रै जी

(राजकिरण रै जी.)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक : 10 मई, 2018

नोट:

1. व्याख्यात्मक विवरण

बैठक की कारोबार कार्यसूची क्रमांक 2 और 3 के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य युक्त व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है.

2. परोक्षी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेने तथा वोट देने के हकदार शेयरधारक अपने स्वयं के स्थान पर भाग लेने तथा वोट देने हेतु (बैंक के अधिकारी अथवा कर्मचारी को छोड़कर) उपस्थित रहने व वोट देने हेतु परोक्षी नियुक्त कर सकते हैं और यह आवश्यक नहीं है कि ऐसा परोक्षी बैंक का शेयरधारक हो. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 1998 के विनियमन 70(vi) के अनुसार परोक्षी प्रपत्र प्रदान करने वाला व्यक्ति उस बैठक में, जिससे संबंधित प्रपत्र है, व्यक्तिगत रुप से वोट देने का हकदार नहीं होगा. वार्षिक रिपोर्ट के अनुलग्नक फार्म "बी" के अलावा परोक्षी का अन्य कोई भी प्रपत्र वैध नहीं होगा.

परोक्षी फार्म को प्रभावी बनाने के लिए बैंक के केन्द्रीय कार्यालय में **कंपनी सचिव को निवेशक सेवाएं प्रभाग, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, 12वां तल, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पाइंट, मुंबई-400021** के पते पर बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् **शुक्रवार, 22 जून, 2018** को बैंक के कार्य-समाप्ति **सायं 5.00** बजे तक या उससे पूर्व मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र, यदि कोई है तो उसके साथ, जिसके अन्तर्गत यह हस्ताक्षरित है अथवा उस मुख्तारनामा की प्रति अथवा अन्य अधिकार पत्र, जिसे पब्लिक नोटरी अथवा मजिस्ट्रेट द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रुप में प्रमाणित किया गया हो, जब तक कि इस प्रकार के मुख्तारनामा अथवा अन्य अधिकार पत्र को बैंक के पास पूर्व में ही जमा और पंजीकृत न किया गया हो, अवश्य प्राप्त होना चाहिए.

3. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

किसी कंपनी या किसी निकाय, निगम, जो बैंक के शेयरधारक हैं, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने के संकल्प की उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया हो, बैंक के केन्द्रीय कार्यालय में, उक्त पते पर बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् **शुक्रवार, 22 जून, 2018** को कार्य-समाप्ति अर्थात सायं 5.00 बजे तक या उससे पूर्व जमा न करा दिया गया हो.

4. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र इस रिपोर्ट के साथ, पहले से ही छपे हुए अपेक्षित ब्योरे, ई-वोटिंग लॉग-इन आई डी व पासवर्ड के साथ, प्रेषित किया गया है. शेयरधारकों को यह विकल्प है कि वे ई-वोटिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए अपना वोट डाल सकते हैं. लेकिन जो शेयरधारक रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग नहीं करते हैं, वे एजीएम की तिथि पर, बैठक के स्थान पर आयोजित होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया में अपना वोट डाल सकते हैं. इस प्रकार के शेयरधारकों/ परोक्षियों/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपस्थिति पर्ची में छपे हुए ब्योरे का सत्यापन करें और खाली स्थान, यदि कोई है, तो उसे भरें और उसमें उपलब्ध कराए गए निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें तथा उसे बैठक के स्थान पर सुपुर्द करें. शेयरधारकों के परोक्षी/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र पर "परोक्षी" अथवा "प्राधिकृत प्रतिनिधि" जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख किया जाए. उपस्थिति पर्ची एजीएम के स्थान पर प्रवेश के समय सुपुर्द की जाए और उपस्थित पर्ची-सह-प्रवेश पत्र को मतदान के समय मतपत्र प्राप्त करने हेतु सुपुर्द किया जाए.

5. अंतरण दायर करना

अतंरण विलेख के साथ शेयर प्रमाणपत्र/ पत्रों को अतंरण हेतु बैंक के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) को भेजा जाना चाहिए.

6. बुक क्लोजर

शेयर धारकों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण रजिस्टर **गुरुवार, दिनांक 21 जून, 2018** से **बुधवार दिनांक 27 जून, 2018** तक (दोनों दिन मिलाकर) वार्षिक साधारण बैठक के उद्देश्य से बंद रहेगा.

7. अदावाकृत /अदत्त लाभांश, यदि कोई हो

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने पिछली अवधि के अपने लाभांश पत्र का नकदीकरण नहीं कराया है/ लाभांश पत्र प्राप्त नहीं किया है, यदि कोई हैं, तो उनसे अनुरोध है कि वे अदत्त लाभांश के लिए बैंक के आरटीए से उक्त पते पर अथवा निवेशक सेवा प्रभाग से संपर्क करें.

शेयरधारकों से ध्यानपूर्वक नोट करने का अनुरोध है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 10बी के अनुसार लाभांश घोषित होने की तिथि के 30 दिनों तक लाभांश अदावाकृत/ अदत्त रहने पर 30 दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद अगले 7 दिनों के अंदर उन्हें "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित कर दिया जायेगा.

उक्त "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि, अंतरण की तिथि से सात वर्षो तक अदावाकृत/ अदत्त रहने पर, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के अन्तर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित करना अपेक्षित है. बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2009-10

तक के अदत्त लाभांश को आईईपीएफ में पहले ही अंतरित किया जा चुका है. वित्त वर्ष 2010-11 से अदत्त लाभांश के ब्यौरे हेतु संबंधित शेयरधारक बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध अदावाकृत लाभांश सर्च सुविधा के लिंक: http://eremit.unionbankofindia.co.in/UnclaimedDividend का अवलोकन कर सकते हैं.

8. पता/ बैंक ब्यौरा/ बैंक खाता मैंडेट में परिवर्तन :

(ए) लाभांश का भुगतान करने हेतु बैंक एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डीपॉजिटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किये गये बैंक खाते के ब्यौरे का उपयोग करेगा. जिन सदस्यों के पास इलेक्ट्रॉनिक रुप में शेयर रखे हुए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डीपॉजिटरी खाते में रजिस्टर्ड बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डीपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अद्यतन किया जाना चाहिए; ताकि बुक क्लोजर प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व इसे अद्यतन किया जा सके. बैंक अथवा इसके शेयर अंतरण एजेन्ट इलेक्ट्रॉनिक रुप में रखे शेयरों के धारकों से बैंक विवरणों अथवा बैंक मैंडेट में किसी परिवर्तन हेतु सीधे ही प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकती है. ऐसे परिवर्तनों को केवल सदस्य के डीपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को सूचित किया जाए.

(बी) जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं, तो इसकी सूचना बैंक के आरटीए को विधिक दस्तावेजी सबूत एवं हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ निम्न पते पर प्रस्तुत करें :

डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशन लि.

यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. बी 5, पार्ट बी,
एमआईडीसी, क्रॉस लेन, मरोल
अंधेरी (पूर्व),
मुंबई - 400 093

(सी) बैंक का ब्यौरा प्रदान किए जाने वाला फार्मेट वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न है तथा बैंक की बेवसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.

(डी) इलेक्ट्रॉनिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं तो इसकी सूचना केवल अपने संबंधित डीपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को दें, न कि बैंक अथवा बैंक के आरटीए को.

(ई) सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के आरटीए के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय संबंधित फोलियो क्रमांक (भौतिक रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) और संबंधित डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी क्रमांक (इलेक्ट्रॉनिक/ डीमेट रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) का अनिवार्य रुप से उल्लेख करें.

9. स्थिति में परिवर्तन की रिकॉर्डिंग

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के आरटीए- डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशन लि. को तत्काल सूचित करें:

ए. स्थायी निवास हेतु भारत में वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी. भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड सहित आदि, यदि पहले नहीं दिया गया हो.

10. फोलियों का समेकन

एक से अधिक खातों में एक जैसे नामों से या संयुक्त नामों से उसी क्रम में भौतिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे उन सभी शेयरों को एक ही खाते में समेकन करने हेतु अपने शेयर प्रमाणपत्र बैंक के आरटीए, डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशन लि. को प्रेषित करें.

11. वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां

कृपया ध्यान दें कि जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल आईडी बैंक में पंजीकृत नहीं करवाया है, उनको वार्षिक रिपोर्ट 2017-18 की हार्ड प्रतियां भारतीय डाक/कुरियर सेवा द्वारा भेजी जाएंगी तथा जिन शेयरधारकों ने अपने ई-मेल आईडी बैंक/डीपी में पंजीकृत करवाया है, उनको सॉफ्ट प्रतियां ई-मेल द्वारा भेजी जायेंगी. बैंक की वेबसाइट पर भी वार्षिक रिपोर्ट को रखा गया है. वार्षिक साधारण बैठक में वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां बांटी नहीं जाएंगी और इसलिए सदस्यों से अनुरोध है कि अपने साथ वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां साथ लाएं.

12. निर्दिष्ट और कट-ऑफ तारीख

ए) निर्वाचन हेतु निर्दिष्ट-तारीख :

विनियमन के नियम 12 के अनुसार, केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले **तीन** निदेशकों के चयन हेतु चुनाव में अर्थात् **मनोनीत होने, चुनाव लड़ना और वोट डालने के पात्र** शेयरधारकों का निर्धारण करने के उद्देश्य से **शुक्रवार, 18 मई 2018** को निर्दिष्ट तिथि किया गया है, जैसा सूचना के कार्यसूची मद संख्या 3 में उल्लिखित है.

बी) अन्य कार्यसूची मदों के लिए ई-वोटिंग हेतु कट-ऑफ तारीख

संशोधित कंपनी नियम(प्रबंधन एवं प्रशासन) 2014 के नियम 20 यथा संशोधित के अनुसार, **कार्यसूची मदें संख्या 1 एवं 2** के संबंध में शेयरधारकों को वोट देने के अधिकार के लिए **बुधवार 20 जून 2018** निर्दिष्ट तारीख माना जाएगा.

13. वोट देने का अधिकार

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के प्रावधानों के अनुसार, इस समय केंद्र सरकार के अलावा, संपर्की नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, **बैंक के सभी शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार के 10 प्रतिशत से अधिक** के उसके द्वारा धारित किन्हीं शेयरों के लिए वोट देने का अधिकारी नहीं होगा.

उपर्युक्त के अधीन तथा विनियमन के नियम 68 के अनुसार कोई शेयरधारक, जो निर्दिष्ट तारीख अर्थात् **शुक्रवार, 18 मई 2018** और **कट-ऑफ तारीख अर्थात् बुधवार, 20 जून 2018** को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत है, तो वह हाथ उठाकर वोट देने पर एक वोट देने और मतदान होने पर उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए एक वोट देने का अधिकारी होगा/होगी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियम 1998 के नियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पंजीकृत है, तो रजिस्टर में जिसका नाम प्रथम स्थान पर अंकित होगा, वह वोट देने के

लिए, उसका अकेला धारक माना जायगा. इस प्रकार यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर है, तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने का अधिकारी होगा और वही नामांकन करने, बैठक में वोट देने का अधिकारी होगा.

14. लेखों की जानकारी

जो शेयरधारक लेखों पर किसी प्रकार की जानकारी चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि इस हेतु बैंक को लिखें, जो वार्षिक साधारण बैठक की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले प्राप्त हो जाना चाहिए; ताकि प्रबंधन द्वारा वह सूचना तैयार रखी जा सके. जवाब केवल वार्षिक साधारण बैठक में ही दिये जाएंगे.

15. भौतिक रूप से धारित शेयरों का डिमैटेरियलाइजेशन

शेयरों को भौतिक रूप से धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपने शेयरों को डिमैटेरियलाइज रूप में परिवर्तित करायें, जिसके लिए उन्हें अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करना होगा, जहां वे अपना संबंधित डीमैट खाता संचालित कर रहे हैं.

16. ई-वोटिंग

I. सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं आवश्यक प्रकटीकरण) विनियमन 2015 के विनियमन 44 तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014, यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) संशोधन नियम 2015 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुपालन में बैंक को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वार्षिक साधारण बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने और ई-वोटिंग सेवाओं के द्वारा कारोबार की सुविधा प्रदान की गई है.

II. वोटिंग की सुविधा वार्षिक साधारण बैठक में रहेगी और इस बैठक में उपस्थित वे शेयरधारक अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

III. जिन शेयरधारकों ने वार्षिक साधारण बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे दिया है, वे भी वार्षिक साधारण बैठक में भाग ले सकते हैं, परन्तु वे दुबारा वोट नहीं दे सकेंगे.

IV. वार्षिक साधारण बैठक ("रिमोट ई-वोटिंग") स्थल के अलावा अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग तथा बैठक स्थल पर वोटिंग की सुविधा **सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल)** द्वारा प्रदान की जाएगी.

V रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **शनिवार दिनांक 23 जून 2018 (प्रात: 9.00 बजे आईएसटी)** से प्रारम्भ होकर **मंगलवार, दिनांक 26 जून 2018 (सायं 5.00 बजे आईएसटी)** तक रहेगी. बैंक के शेयरधारक जो, **निर्दिष्ट-तारीख शुक्रवार 18 मई, 2018** को फिजिकल या डिमैटेरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हों, **कार्यसूची मद संख्या 3** के लिए रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त, बैंक के शेयरधारकों, जो कट ऑफ तारीख **बुधवार, 20 जून 2018** को फिजिकल या डिमैटेरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हैं तो **कार्यसूची मदें संख्या 1 एवं 2** के लिए रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इस अवधि के बाद सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को बंद कर दिया जाएगा. शेयरधारकों द्वारा एक बार संकल्प पर वोट करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

VI रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और तरीका निम्नानुसार है:

(i) ई-वोटिंग वेबसाइट पर लॉग ऑन करें **www.evotingindia.com.**

(ii) अपना वोट देने के लिए 

टैब पर क्लिक करें.

(iii) अब अपना यूजर आईडी एवं इमेज सत्यापन प्रविष्ट करके लॉग इन पर क्लिक करें.



(ए) सीडीएसएल हेतु: 16 अंकों की लाभार्थी आईडी,

(बी) एनएसडीएल हेतु: 8 अंकों की क्लाइंट आईडी के बाद 8 अंकों की कैरेक्टर डीपी आईडी,

(सी) भौतिक रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों को बैंक के साथ पंजीकृत फोलियो संख्या प्रविष्ट करनी है.

(iv) यदि आपके शेयर डीमैट रूप में है एवं आपने www.evotingindia.comपर लॉग-ऑन कर पूर्व वोटिंग में किसी कंपनी या बैंक को वोट कर दिया है, तो आपकी विद्यमान पासवर्ड का उपयोग किया जाएगा.

(v) यदि आप प्रथम बार उपयोगकर्ता है तो निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें:



पैन	• आयकर विभाग(डीमैट शेयरधारक के साथ-साथ भौतिक शेयरधारक दोनों के लिए लागू) द्वारा जारी 10 अंकों का अल्फा-न्यूमैरिक पैन की प्रविष्टि करें. • जिन सदस्यों ने अपने पैन कार्ड को बैंक/डिपॉजिटरी पार्टिसीपेंट के साथ अद्यतन नहीं किया है, से अनुरोध है कि पैन फील्ड अथवा सीडीएसएल द्वारा प्रेषित ईमेल में उल्लिखित उपस्थिती पर्ची सह प्रवेश पास में मुद्रित क्रम संख्या का उपयोग करें
लाभांश का बैंक विवरण अथवा जन्म-तिथि (डीओबी)	• लॉग इन करने के लिए, बैंक में अथवा आपके डीमैट खाते में दर्ज लाभांश बैंक विवरण या जन्मतिथि (दिनांक/माह/वर्ष प्रारूप में) प्रविष्ट करें. • यदि डिपॉजिटरी या बैंक में दोनों विवरण दर्ज नहीं हुये है, तो कृपया निर्देश (iii) में उल्लिखित लाभांश बैंक विवरण फील्ड के अनुसार सदस्य आईडी / फोलियो संख्या प्रविष्ट करें.

(vi) इन विवरणों की उचित रूप से प्रविष्टि के बाद "SUBMIT" टैब पर क्लिक करें.

(vii) इसके बाद भौतिक रूप में शेयर धारित सदस्य सीधे कंपनी चयन स्क्रीन पर पहुँच जाएंगे.

(viii) अब डीमैट रूप में शेयर धारित सदस्य 'पासवर्ड क्रिएशन' मेन्यू में जाएं, जिसमें नए पासवर्ड फील्ड में उन्हें अनिवार्यत: अपने लॉग-इन पासवर्ड की प्रविष्टि करनी होगी. कृपया ध्यान दें, कि इस पासवर्ड का उपयोग डीमैट धारकों द्वारा किसी भी अन्य कंपनी के प्रस्तावों हेतु वोटिंग के लिए किया जाना चाहिए, जिस पर वे वोट देने के पात्र हैं, बशर्ते कंपनी सीडीएसएल के माध्यम से ई-वोटिंग का विकल्प दें. **आपको यह सलाह दी जाती है कि अपने पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें एवं अपने पासवर्ड को गोपनीय रखें.**



(ix) भौतिक रूप में शेयर धारित सदस्यों हेतु, इस सूचना में दिए संकल्पों पर केवल ई-वोटिंग के लिए विवरणों का उपयोग किया जा सकता है.

(x) **"यूनियन बैंक ऑफ इंडिया"** के ईवीएसएन पर क्लिक करें.

(xi) वोटिंग पृष्ठ पर, आपको कार्यसूची मद क्र. 1 एवं 2 के लिए "संकल्प विवरण (रिजोल्यूशन डिस्क्रीप्शन)" दिखाई देगा एवं इसी के साथ-साथ वोटिंग विकल्प "हाँ/नहीं" के लिए प्राप्त होगा. स्वेच्छानुसार हाँ या नहीं विकल्प का चयन करें. हाँ विकल्प का अर्थ है कि आप संकल्प से सहमत हैं और नहीं का अर्थ है कि आप संकल्प से असहमत हैं.

(xii) कार्यसूची मद क्र. 3 यथा शेयर धारक निदेशकों के निर्वाचन हेतु वोट करते समय आप उम्मीदवारों के नाम देख सकते हैं तथा नाम के सापेक्ष आपके लिए वोट देने का विकल्प उपलब्ध होगा. आप अधिकतम तीन उम्मीदवारों को वोट दे सकते है.

(xiii) सम्पूर्ण संकल्प विवरण देखने के लिए "रिसोल्यूशन फाइल लिंक" पर क्लिक करें.

(xiv) संकल्प चयन के बाद आपको वोट देने का निर्णय करना होगा, और इस हेतु "SUBMIT" पर क्लिक करें. एक पुष्टीकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा. यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो "OK" पर क्लिक करें अन्यथा अपना वोट बदलने के लिए "CANCEL" पर क्लिक करें एवं तदनुसार अपना वोट परिवर्तित करें.

(xv) संकल्प पर अपना वोट "पुष्टि" (CONFIRM) करने के बाद आपको वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी.

(xvi) वोटिंग पृष्ठ के "Click here to print" पर क्लिक कर आपके द्वारा दिए गए वोट का प्रिंट आउट भी आप ले सकते हैं.

(xvii) यदि कोई डीमैट खाता धारक अपना लॉग-इन पासवर्ड भूल गया है, तो उसे अपनी यूजर आईडी एवं छवि सत्यापन कूट प्रविष्ट कर "Forgot Password" पर क्लिक करना होगा एवं सिस्टम द्वारा दिए गए विवरण की प्रविष्टि करनी होगी.



(xviii) शेयर धारक एंड्रोएड आधारित मोबाइलों पर उपलब्ध सीडीएसएल के एम-वोटिंग मोबाइल ऐप से अपना वोट दे सकते हैं. गूगल प्ले स्टोर से एम-वोटिंग ऐप डाउनलोड किया जा सकता है. ऐप्पल एवं विंडोज फोन के उपयोगकर्ता क्रमश: ऐप स्टोर एवं विंडोस फोन स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं. मोबाइल ऐप से वोट करते समय ऐप द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें.

(xix) गैर-वैयक्तिक शेयर धारकों एवं अभिरक्षकों हेतु नोट

- गैर-वैयक्तिक शेयर धारकों (जैसे वैयक्तिक, एचयूएफ़, एनआरआई इत्यादि के अलावा) और अभिरक्षकों से, www.evotingindia.comपर लॉग ऑन करके स्वयं को कॉर्पोरेट के रूप में पंजीकृत करना अपेक्षित है.
- संस्था के हस्ताक्षर एवं मुहर सहित पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति कों helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करें.
- लॉग-इन विवरण प्राप्त होने के उपरांत एडमिन लॉग इन और पासवर्ड के माध्यम से एक अनुपालन यूजर बनाया जाए ताकि अनुपालन यूजर जिस खाते कों वोट देना चाहता है, उसको लिंक करने में सक्षम हो.
- लॉग-इन लिंक खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल की जाए तथा खातों का अनुमोदन होने पर वे अपना वोट देने में सक्षम होंगे.
- अभिरक्षक के पक्ष में जारी बोर्ड संकल्प और मुख्तारनामा (पीओए) की स्कैन प्रति, यदि कोई हो, तो जांचकर्ता द्वारा सत्यापन हेतु सिस्टम में उसकी पीडीएफ़ प्रति अपलोड की जाए.

VII. ई-वोटिंग से संबंधित मामले में किसी प्रकार की शंका या पूछताछ होने की दशा में हेल्प सेक्शन में, www.evotingindia.comपर उपलब्ध "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न" (FAQs) और ई-वोटिंग मैन्युअल का संदर्भ ले सकते है या टोल फ्री नं.: 1800225533 पर संपर्क किया जा सकते है.

VIII. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा वोटिंग की सुविधा से जुड़े समस्त शिकायतों के लिए श्री राकेश दलवी, उप प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफ़तलाल मिल कंपाउंड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोवर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 को संबोधित कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करें या 1800225533 पर कॉल करें.

IX. जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ की तारीख/निर्दिष्ट को शेयरहोल्डर के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा रखे गये लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग द्वारा या बैठक स्थल पर वोटिंग के लिए पात्र होगा

X. वोटिंग की जांच करने और रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए, कंपनी सचिव, मेसर्स एस एन अनंतसुब्रह्मणियन एंड कंपनी (SNA&CO) को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

XI. वार्षिक साधारण बैठक शुरू होने के बाद अध्यक्ष द्वारा वहां उपस्थित उन्हीं शेयरधारकों को वोटिंग की अनुमति प्रदान की जायेगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

XII. जांचकर्ता द्वारा वार्षिक साधारण बैठक में वोटिंग समाप्त होने के उपरांत तथा बैठक की समाप्ति के बाद अधिकतम 48 घंटों के अंदर पक्ष और विपक्ष में पड़े कुल वोटों की समेकित रिपोर्ट बनाकर, यदि कोई हो, बैठक के अध्यक्ष या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत की जायेगी.

17. वोटिंग के परिणाम :

रिमोट ई-वोटिंग तथा बैठक स्थल की वोटिंग के समेकित परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट के साथ बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in तथा सीडीएसएल की वेबसाइट: www.evotingindia.com पर परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद उपलब्ध करा दिया जायेगा. ये परिणाम तुरन्त स्टॉक एक्सचेंज को भी भेजे जाएंगे.

18. बैठक में ई वोटिंग के लिए जांचकर्ता :

ई-वोटिंग के संबंध में जैसा पहले ही इंगित किया है कि कार्यसूची की मद संख्या 1-3 के लिए कंपनी सचिव, SNA&CO जांचकर्ता के रूप में कार्य करेंगे. वे बैठक में ई-वोटिंग के लिए अन्य शेयरधारक के साथ भी जांचकर्ता के रूप में कार्य करेंगे.

चुनाव के लिए ई-वोटिंग, बैंक द्वारा नियुक्त मुख्य रिटर्निंग ऑफिसर और SNA&CO (स्वतंत्र सलाहकार एवं जांचकर्ता) एवं केंद्र सरकार के नामित, जो एक निरीक्षक और द्वितीय जांचकर्ता के रूप में कार्य करेगा, के पर्यवेक्षण में सम्पन्न किया जाएगा.

व्याख्यात्मक विवरण

1. एफपीओ/राइट्स/क्यूआईपी इत्यादि के द्वारा पूंजी का निर्गम:

बासल-III विनियामकों की अपेक्षानुसार बैंक को 31 मार्च, 2019 तक इक्विटी शेयर पूंजी के रूप में कॉमन इक्विटी टीयर-1 (सीईटी-1) न्यूनतम 5.50% व पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) के रूप में 2.50%, टीयर 1 अनुपात (सीसीबी सहित) 9.50% और समग्र सीआरएआर (सीसीबी सहित) को 11.50% बनाए रखना है.

प्रतिवर्ष (वित्त वर्ष 2019 तक) 0.625% पूंजी संरक्षण बफर की बढ़ती अपेक्षाओं, बैंक की भावी विस्तार एवं समृद्धि योजनाओं एवं फलस्वरूप पूंजी प्रभार के कारण पूंजी की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते बैंक को अपनी पूंजी बढ़ाने की आवश्यकता है; ताकि पूंजी पर्याप्तता अनुपात को सुदृढ़ करते हुए बासल -III की अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके.

विकास अनुमानों के आधार पर आपके निदेशकों ने **₹6,850 करोड (रुपये छ: हजार आठ सौ पचास करोड़ मात्र)** की इक्विटी पूंजी जुटाने का फैसला किया है, जो भारत सरकार द्वारा पूंजी प्रदान किए जाने के साथ-साथ बैंक द्वारा इक्विटी पूंजी जुटाने के विकल्पों जैसे सार्वजनिक निर्गम (फॉलो-ऑन-पब्लिक इश्यू) और/या राइट इश्यू और/या पात्र संस्थागत स्थापन सहित निजी स्थापन और/या सरकार तथा दूसरे नियामक प्राधिकरणों और सेबी आईसीडीआर विनियमनों के प्रावधानों के अधीन अन्य किसी माध्यम से किया जा सकता है. बढ़ी हुई पूंजी का प्रयोग बैंक के सामान्य कारोबारी उद्देश्य के लिए किया जाएगा.

दिनांक 23 जून, 2017 को आयोजित वार्षिक साधारण बैठक में, पब्लिक इश्यू (अर्थात फॉलो-ऑन पब्लिक इश्यू) और/या राइट इश्यू और/या निजी प्लेसमेंट, अर्हता प्राप्त संस्थागत (क्यूआईपी) और/या भारत सरकार या अन्य संस्थाओं को अधिमानी आबंटन और/या किसी अन्य माध्यम से, भारत सरकार और अन्य नियामक प्राधिकारणों और सेबी आईसीडीआर नियामकों से अनुमोदन की शर्त पर, बैंक को **₹4,950 करोड़ (रुपये चार हजार नौ सौ**

पचास करोड़ मात्र) तक की इक्विटी शेयर कैपिटल के लिए शेयर धारकों का अनुमोदन प्राप्त हुआ है, जो दिनांक 22 जून, 2018 तक वैध है.

बैंक ने दिसंबर 2017 में पात्र संस्थागत स्थापन (क्यूआईपी) के लिए अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं को प्रति शेयर ₹154.65 के निर्गम मूल्य पर 12,93,24,280 इक्विटी शेयरों (प्रति शेयर ₹144.65 के शेयर प्रीमियम सहित) के आबंटन द्वारा **₹2,000 करोड़ (रुपये दो हज़ार करोड़ मात्र)** की इक्विटी पूंजी उगाही की है. इसके अतिरिक्त बैंक ने मार्च, 2018 में अधिमानी आधार पर भारत सरकार को प्रति शेयर ₹144.62 के निर्गम मूल्य पर 31,28,19,803 इक्विटी शेयरों (प्रति शेयर ₹134.62 के शेयर प्रिमियम सहित) का आंबटन कर **₹4,524 करोड़ (रुपये चार हज़ार पाँच सौ चौबीस करोड मात्र)** की इक्विटी पूंजी एकत्रित की है.

भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, अब इक्विटी पूंजी को **₹6,850 करोड (रुपये छ: हजार आठ सौ पचास करोड़ मात्र)** तक बढ़ाने की योजना है.

इस विशेष प्रस्ताव का उद्देश्य बोर्ड को यह अधिकार देना है कि वह ऐसे समय या समयों पर एक या अधिक बार में, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर तथा उन निवेशकों, जिनका उल्लेख वहां है तथा जिन्हें बोर्ड अपने सम्पूर्ण विवेक के अनुसार उचित समझे, को इक्विटी शेयर जारी करे. इक्विटी शेयरों का निर्गम कब और कितनी बार किया जाए, इससे संबंधित विस्तृत शर्तों एवं निबंधनों का निर्धारण बोर्ड द्वारा व्यापारिक बैंकरों, लीड मैनेजरों, सलाहकारों तथा ऐसे अन्य प्राधिकारियों, जिन्हें बैंक द्वारा तत्कालीन बाजार की दशाओं तथा अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखकर अपेक्षित समझा जाए, से विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा.

उपर्युक्त के अनुसार पात्र संस्थागत स्थापन के माध्यम से जारी किये जाने वाले इक्विटी शेयरों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि:

i. सेबी (आईसीडीआर) विनियमन के अध्याय VIII और/या अन्य लागू विनियमनों के अनुसार इक्विटी शेयरों के मूल्यन की संबंधित तिथि वह तिथि होगी, जिसे अधिनियम की धारा 81(1ए) एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, तथा लागू अन्य नियमों, कानूनों, विनियमनों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार प्रस्तावित इक्विटी शेयरों के निर्गम के संबंध में सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त होने के बाद निदेशक मंडल/या उसके द्वारा विधिवत प्राधिकृत समिति अपनी बैठक में इक्विटी शेयरों के प्रस्तावित इश्यू को खोलने का निर्णय लेती है.

ii. चूंकि प्रस्ताव का मूल्य बाद में ही निर्धारित किया जा सकता है, अत: जारी किये जाने वाले शेयरों का मूल्य बताना संभव नहीं है, तथापि यह आईसीडीआर विनियमनों, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970 तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998, समय-समय पर यथा संशोधित एवं लागू या अपेक्षित अन्य दिशानिर्देशों/ विनियमनों/ सहमतियों के अनुसार ही होगा.

iii. पूर्णत: चुकता शेयरों का निर्गम एवं आबंटन केवल पात्र संस्थागत क्रेताओं को ही सेबी (आईसीडीआर) विनियमनों के अनुसार किया जाएगा तथा आबंटन का कार्य इस संकल्प के पारित होने के 12 महीनों के अंदर कर लिया जाएगा.

iv. प्रस्ताव से संबंधित विस्तृत शर्तों एवं नियमों का निर्धारण बोर्ड द्वारा सलाहकार(रों), लीड मैनेजर(रों), अभिगोपक(कों) तथा ऐसे अन्य प्राधिकारी या प्राधिकारियों, जिन्हें बैंक द्वारा तत्कालीन बाजार की दशाओं तथा अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखकर अपेक्षित समझा जाए, से विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा.

13.4 Proper and sufficient care was taken for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of applicable laws governing Banks in India.

13.5 The accounts have been prepared on going concern basis.

14. Corporate Governance:

The Board of the Bank is committed to adopt good Corporate Governance practices in letter and spirit. A detailed report on Corporate Governance is given in a separate section of the Annual Report. The Corporate Governance report for financial year 2017-18 has no audit qualifications.

15. Corporate Social Responsibility (CSR):

15.1 Your Bank is committed to its Corporate Social Responsibility by contributing to the society. In this endeavor, Bank has set up the 'Union Bank Social Foundation Trust (UBSFT)' in the year 2006 for spearheading your Bank's CSR initiatives. Your Bank has contributed ₹467.06 lakhs as donation to UBSFT for CSR activities.

15.2 UBSFT undertook the responsibility of healthcare facilities provision through Bank's mobile vans to flood affected, hilly and inaccessible areas of Uttarakhand thereby providing relief to 23 villages.

16. Acknowledgement:

The Board places on record its gratitude to the Government of India, Reserve Bank of India, Securities & Exchange Board of India, Insurance Regulatory and Development Authority of India, Central Vigilance Commission and other institutions for the valuable guidance and support received from them. The Board also acknowledges unstinted support of the financial institutions, correspondent Banks, valuable shareholders, esteemed customers and all other stakeholders. The Board also expresses its deep appreciation for the dedicated service and contribution made by members of staff in the overall performance of the Bank.

For and on behalf of the Board of Directors,

(Rajkiran Rai G.)
Managing Director & CEO

Place: Mumbai
Dated: 10th May, 2018

प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण

1. बृहद आर्थिक परिदृश्य

1.1 वर्ष 2017-18 के दौरान, वैश्विक आर्थिक वातावरण विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल रहा. वर्ष के दौरान विश्व व्यापार के स्तर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गयी. विश्व भर के केंद्रीय बैंकों ने मूल्य स्थिरता लक्ष्यों व संवृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उदार मौद्रिक नीतियों के लिए कार्य किया है. प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं, अमेरिका, यूरो क्षेत्र और जापान ने अपने संबंधित देशों की समग्र विकास गतिशीलता को पुनर्जीवित करने के लिए विस्तारित राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों का चयन किया है. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष रिपोर्ट (अप्रैल 2018) के अनुसार, 2018 और 2019 में वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में 3.9% की वृद्धि होने की उम्मीद है.

1.2. उभरते आर्थिक परिदृश्य में उपभोग मांग और निर्यात में वृद्धि के जरिये वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में बहाली को बल मिला है. तथापि, वर्ष 2017 के दौरान निवेश परिदृश्य में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ. इसके विपरीत, उन्नत अर्थव्यवस्थाओं ने सकारात्मक निवेश गति द्वारा समर्थित औद्योगिक गतिविधियों में तेज गति दर्ज की है. समग्र तौर पर वैश्विक संवृद्धि में वृद्धि हेतु उभरती अर्थव्यवस्थाओं में खपत आधारित संवृद्धि तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में निवेश आधारित संवृद्धि के सटीक सामन्जस्य की आवश्यकता है.

1.3. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते बाजारों से बढ़ते निर्यात के द्वारा समर्थित, विश्व व्यापार की मात्रा 2018 में 4.9% तथा 2019 में 5.1% की उच्च गति से बढ़ने का अनुमान है, जो 2017 की 2.9% वृद्धि दर से काफी अधिक है. हालांकि, वर्तमान वैश्विक परिवेश, उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में व्यापारिक अनिश्चिताओं से गुजर रहा है. अमेरिका द्वारा प्रमुख धातु आयातों पर आयात शुल्क लगाए जाने से न केवल व्यापार लाभों को प्रभावित किया है बल्कि वैश्विक प्लेटफॉर्म पर मुद्रा शक्तियां भी इससे बाधित हुई हैं.

1.4. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कार्यान्वयन के रूप में प्रमुख बुनियादी बदलावों के साथ वर्ष 2017-18 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा. वित्त वर्ष 2017-18 की पहली छमाही में, भारतीय अर्थव्यवस्था में कम निवेश और कमजोर क्षमता निर्माण से आने वाली वृद्धि में बाधाएं देखी गईं. दूसरी छमाही में, सेवा संचालित गतिविधियों और निजी उपभोग खर्च में तेजी के समर्थन से अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे गति मिली.

1.5. बुनियादी ढांचे के विकास और ग्रामीण आय सृजन पर अधिक जोर के साथ वित्त वर्ष 2017-18 का केंद्रीय बजट विकास केंद्रित था. बजट में फसलों के अधिकतम विक्रय मूल्य(एमएसपी) को उनकी उत्पादन लागत के 1.5 गुना बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया. हालांकि अधिकतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) वृद्धि के द्वारा ग्रामीण आय सृजन में सकारात्मक वृद्धि परिलक्षित होगी, लेकिन इससे तेजी से बढ़ते हुए खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम बढ़ जाएगा.

1.6. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कतिपय घरेलू और वैश्विक कारकों से अर्थव्यवस्था के मूल्य परिदृश्य में तेज अस्थिरता देखी गई. एक ओर, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से जहां कीमतों में इजाफा हुआ, घरेलू मोर्चे पर संयत खाद्य मुद्रास्फीति ने ऊपरी दबाव को संतुलित बनाए रखा.

1.7 वित्तीय इक्विटी बाजारों में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और वैश्विक सुधार में विश्वास प्राप्त करके वर्ष 2017-18 के दौरान मजबूत किया गया. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान सभी तीन प्रमुख बाजार संकेतक सेंसेक्स, बैंकेक्स और निफ्टी ने क्रमश: 11.3%, 11.4% और 10.7% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की है.



2. बॉण्ड बाजार परिदृश्य

वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 10 वर्षीय बेंचमार्क पर आय 03 अप्रैल, 2017 के 6.65% से उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 03 अप्रैल, 2018 में 7.33% हो गयी. साथ ही, वित्त वर्ष 2017-18 की पहली छमाही में अल्पकालीन और दीर्घकालीन आय के बीच के अंतर में भी कमी की प्रवृत्ति देखी गयी, इसके बाद, दूसरी छमाही में आय के इस अंतर में बढ़ोत्तरी हुई.



3. विदेशी निवेश प्रवाह:

संवृद्धि में सुधार और सुदृढ़ बाजार भावनाओं के चलते वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान एफपीआई प्रवाह ₹1.44 लाख करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2016-17 में ₹48500 करोड़ से काफी अधिक है. विदेशी निवेश में पुनरुत्थान के फलस्वरूप रूपया मार्च 2017 के अंत में 67.0 / अमरीकी डालर से सुधरकर मार्च 2018 में 64.9 / अमरीकी डालर हो गया.

4. तरलता परिदृश्य:

वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान प्रथम तीन तिमाहियों में घाटे की स्थिति और अंतिम एक तिमाही में अधिशेष के साथ तरलता की स्थिति में तीव्र अस्थिरता देखी गई. भारतीय रिज़र्व बैंक ने मार्कर आवश्यकताओं के अनुसार तरलता बढ़ाई व अवशोषित की, ताकि अर्थव्यवस्था में सिस्टम आधारित तटस्थता लायी जा सके.

5. **भारतीय रिज़र्व बैंक के नीतिगत निर्णय:** वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने मौद्रिक नीति और मूल्य स्थिरता लक्ष्य के अपने तटस्थ रुख को 4% पर जारी रखा. भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 25 बीपीएस तक रेपो दर कम कर दी है. सामूहिक रूप से कई कारक, नीतिगत दरों को 6.0% पर, जैसाकि अस्थिर मुद्रास्फीति (फरवरी 2018 में 5.2% और जुलाई 2017 में 2.2% के बीच), सुदृढ़ जी-सेक आय, विस्तारित राजकोषीय नीतियों और कृषि उत्पादन में अपेक्षित तेजी बनाए रखने की दिशा में उत्प्रेरक रहे. केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2018-19 एमएसपी वृद्धि और कच्चे तेल में निरंतर वृद्धि पर लक्षित है तथा सामूहिक रूप से मूल्य दृष्टिकोण पर भारित है. इसके बावजूद, मुद्रास्फीति पर एचआरए के दूसरे दौर के प्रभाव के मानकीकरण ने भारतीय रिजर्व बैंक की समान ब्याज दर जारी रखने में मदद की.

6. बैंकिंग वातावरण:

6.1. बैंकिंग उद्योग संरचनात्मक सुधारों और आस्ति गुणवत्ता चुनौतियों संबंधी अनिश्चितताओं से जूझता रहा. नई कर व्यवस्था का भी बैंकिंग कारोबार पर अधिक प्रभाव पड़ा. जहां जीएसटी के अल्पावधि समायोजन से कारोबार संवृद्धि प्रभावित हुई, लघु उद्यमियों को कर के दायरे में लाने से इन इकाइयों के लिए अधिक पारदर्शिता आयी और इन इकाइयों का डाटाबेस तैयार किया गया.

6.2. निरंतर जारी आस्ति गुणवत्ता चुनौतियों के साथ, बैंकिंग उद्योग ने गंभीर अनुपालन असंगतताओं संबंधी दबाव का सामना किया. तथापि, प्रणाली में विभिन्न परिचालन जोखिम से सुरक्षित रखने के लिए बैंकों के पास एक सुनियोजित जोखिम प्रबंधन तंत्र विद्यमान है. सरकार द्वारा बैंकों की दीर्घकालिक पूंजी बाध्यताओं के समाधान हेतु उपलब्ध करायी गयी पूंजी ने बैंकों की बासल III के तहत अपनी न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद की है.

6.3. मौजूदा संरचनात्मक एवं कार्यात्मक चुनौतियों के बावजूद, बैंकिंग उद्योग अपने प्रमुख कार्य अर्थात ऋण देने संबंधी सेवा के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है. निवेश भावनाओं में वृद्धि तथा बढ़ती मांग से वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में ऋण संवृद्धि में वृद्धि हुई. पुनर्संतुलित आस्तियों और पूंजीगत चुनौतियों के साथ आने वाले समय में क्रेडिट मांग में और बढ़ोत्तरी की उम्मीद है.

7. संसाधन प्रबंधन

7.1 जमाराशियाँ:

7.1.1 बैंक ने विगत वर्ष की तुलना में 8.0% की वृद्धि करते हुए ₹ 4.08 करोड़ की जमाराशियाँ संग्रह करने की उपलब्धि प्राप्त की है.

7.1.2 वित्त वर्ष 2017-18 में कुल जमाराशि में कासा का अंश 34.1% रहा.

7.2 विविध जमाराशि संविभाग:

तालिका 1 : जमा की संरचना

(₹ करोड़)

मानदंड	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
कुल जमा	408502	378392	30110	8.0
कासा जमा	139241	130308	8933	6.9
बचत	114183	104072	10111	9.7
चालू	25058	26236	-1178	(-) 4.5

निधियों की लागत को कम करने हेतु बैंक अपने कासा जमाराशियों को बढ़ाने में प्रयासरत रहा है. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कासा जमाराशि ₹13,9241 करोड़ रही जिसमें से चालू खाते की जमाराशि ₹25,058 करोड़ तथा बचत खाते की जमाराशि ₹1,14,183 करोड़ थी. कासा जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.9% की दर से वृद्धि हुई. कासा के तहत, बचत जमाराशियाँ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.7% की दर से बढ़ीं,

7.2.1 बैंक ने चेक सुरक्षा हेतु अतिरिक्त सुविधाएँ शुरू करते हुए ग्राहक सेवाओं को बेहतर बनाने के संबंध में सक्रिय कदम उठाए हैं. इसमें प्रत्येक चेक के लिए पाँच अंकों की यादृच्छिक अल्फा न्यूमरिक संख्या शामिल है तथा इसी संख्या को सर्वर में भी डाला जाता है, जो डुप्लिकेसी का पता लगाने और धोखाधड़ी से बचाने में सहायक होता है.

7.2.2 बैंक ने अपने वेबसाइट पर ग्राहकों और जो ग्राहक नहीं हैं दोनों के लिए ऑनलाइन लॉकर आवेदन सुविधा भी शुरू की है. इसका उद्देश्य डिजिटल माध्यम से सेवा दक्षता में वृद्धि करना है.

8. क्रेडिट प्रबंधन:

तालिका 2: अग्रिमों का वर्गीकरण

(₹ करोड़)

मानदंड	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
सकल अग्रिम	313860	301684	12176	4.0
घरेलू	288336	272238	16098	5.9
वैश्विक	25524	29446	-3922	-13.3
रैम क्षेत्र	158642	146417	12225	8.3
खुदरा	49446	40380	9066	22.5
कृषि	45825	44124	1701	3.9
एमएसएमई	63371	61913	1458	2.4
घरेलू अग्रिमों में रैम का हिस्सा (%)	55.0	53.8	120 बीपीएस	

बैंक का बकाया क्रेडिट पिछले वर्ष ₹ 3.02 लाख करोड़ था, जो 31 मार्च 2018 को बढकर ₹ 3.14 लाख करोड़ हो गया. क्रेडिट मांग को पुन: बढ़ाने और समष्टिगत मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने से समग्र क्रेडिट विकास में सहायता मिली है.

8.1 रिटेल

8.1.1 बैंक ने कम पूंजी खपत वाले रैम क्षेत्र पर बल देना जारी रखा है, जिससे घरेलू अग्रिमों में रैम का अंश वित्त वर्ष 2016-17 में 53.8% से उत्तरोत्तर बढ़कर वित्त वर्ष 2017-18 में 55.0% हो गया. वर्ष के दौरान बैंक के रिटेल लेंडिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, घरेलू अग्रिमों में रिटेल ऋण में वित्त वर्ष 2016-17 के 14.8% की तुलना में वित्त वर्ष 2017-2018 में 17.2% की वृद्धि हुई है.

8.1.2 बैंक ने सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष खुदरा ऋण योजना शुरू की है, जो सरकारी कर्मचारियों को शून्य प्रोसेसिंग शुल्क तथा कम ब्याज दरों पर खुदरा ऋण प्रदान करती है.

8.1.3 बैंक ने खुदरा ऋण आधार को बढ़ाने के लिए बड़ी राशि के उधारकर्ताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से यूनियन होम ऋण के अंतर्गत फ्लेक्सिबल मार्जिन पेमेंट प्लान शुरू किया है.

8.2 कृषि :

8.2.1 कृषि अग्रिम (आरआईडीएफ़ को छोड़कर) 31 मार्च, 2017 को ₹44,124 करोड़ था, जो 31 मार्च, 2018 को 3.9% की दर से बढ़कर ₹45,825 करोड़ हुआ. लघु एवं सीमांत किसानों को अग्रिम 31 मार्च, 2018 को ₹27,235 करोड़ रहा. एएनबीसी के 8% लक्ष्य के मुकाबले बैंक ने लघु एवं सीमांत किसानों को 9.7% ऋण देना बरकरार रखा है. साथ ही, विशेष कृषि ऋण योजना (एसएसीपी) के अधीन कुल ₹22,041 करोड़ का संवितरण किया गया.

8.2.2 किसानों को ऋण सेवाएँ प्रदान करने में बैंक सक्रिय भूमिका निभाता रहा है, परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 1.69 लाख नए किसानों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ा गया. साथ ही बैंक ने वर्ष के दौरान ₹2,674 करोड़ की ऋण सुविधा सहित 1.75 लाख किसान क्रेडिट कार्ड भी जारी किए.

8.3 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई):

तालिका 3: एमएसएमई पोर्टफोलियो का विश्लेषण

(₹ करोड़)

मानदंड	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
सूक्ष्म उद्यम	20071	19411	660	3.4
लघु उद्यम	28116	27739	377	1.4
मध्यम उद्यम	15185	14763	422	2.9
एमएसएमई अग्रिम	63371	61913	1458	2.4

8.3.1 एमएसएमई अग्रिम 31 मार्च, 2017 को ₹61,913 करोड़ रहा, जो 31 मार्च, 2018 को 2.4% की दर से बढ़कर ₹63,371 करोड़ हुआ. सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम क्षेत्रों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 3.4%, 1.4% और 2.9% की बढ़त हुई.

8.3.2 सरकारी योजनाओं को सक्रियता से लागू करते हुए बैंक ने 'मुद्रा' लोन संवितरण के लक्ष्यों का 88% प्राप्त किया है और स्टैंड-अप इंडिया योजना के लिए ₹61.3 करोड़ प्रदान किए.

8.3.3 हल्के वाणिज्यिक वाहन योजना के अधीन, बैंक ने ₹1,098 करोड़ का संवितरण किया है.

8.3.4 बैंक ने जीएसटी रिटर्न फ़ाइल करने वाले उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए जीएसटी रिटर्न पर आधारित बाधा-रहित आंकलन के साथ यूनियन ट्रेड जीएसटी शुरू किया है. इस योजना में व्यापार/सेवाएँ/उत्पादन गतिविधियों में लगी सभी एमएसएमई इकाइयों को शामिल किया गया. इस योजना ने ₹2.0 करोड़ तक की कार्यशील पूंजी और आकर्षक ब्याज दर भी प्रदान किया है.

8.3.5 जीएसटी कार्यान्वयन के महत्त्वपूर्ण दौर में, बैंक ने नकदी प्रवाह की अस्थायी अनियमितताओं को कम करने के लिए यूनियन जीएसटी इनपुट ऋण शुरू किया है. इस योजना के तहत, खरीद पर लगने वाले इनपुट टैक्स ऋण पर आधारित अस्थायी कार्यशील पूँजी सीमा की सुविधा कारोबारी उद्यमों को प्रदान की जाएगी. इस योजना के तहत, सभी निधि आधारित कार्यशील पूँजी के उधारकर्ता 6 माह की अवधि के लिए विद्यमान निधि आधारित एक्सपोजर का 20% या इनपुट टैक्स दावे का 80% जो भी कम हो, प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे.

8.3.6 मिड-साइज़ क्षेत्रों के कारोबार का पता लगाने के लिए विद्यमान यूनियन हाई प्राईड योजना का आशोधन किया गया है. साथ ही चैनल वित्तपोषण संविभाग में बैंक के अधिक एक्सपोजर के लिए डीलर फ़ाइनेंस योजना का भी नवीनीकरण किया गया है.

8.4 बड़े निवेशों को वित्त प्रदान करना

आपके बैंक ने औद्योगिक वित्त शाखाओं के लिए व्यापार मॉडल को पुनर्निर्मित करते हुए अपने कॉर्पोरेट ऋण संविभाग को सुदृढ़ बनाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं. इसके अधीन, प्रत्येक कॉर्पोरेट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक ने विशेषीकृत संपर्क प्रबन्धकों को नियुक्त किया है. साथ ही, यह मॉडल लार्ज कॉर्पोरेट से निधि आधारित, गैर-निधि आधारित और तृतीय पक्ष कारोबार प्राप्त करने में सहायक होगा.

बैंक ने कॉर्पोरेट क्रेडिट के लिए दिशानिर्देश तैयार किया है, जिसमें शुल्क आधारित आय बढ़ाने, उच्च श्रेणी के उधारकर्ताओं को ऋण देने और विवेकसम्मत ऋण अप्रोच पर अधिक ज़ोर दिया है.

8.5 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम:

आपके बैंक के क्रेडिट निर्णय हमेशा से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में अधिकतम बैंकिंग पहुँच बनाने के सरकार के उद्देश्य के साथ जुड़े रहे हैं. 31 मार्च, 2018 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का आउटस्टैंडिंग क्रेडिट ₹1,33,922 करोड़ था और जिसने पिछले वर्ष की इसी अवधि से 19.9% की वृद्धि दर्ज की है. 40.0% के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिम ने समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) में 47.8% का गठन किया है.

बैंक ने समाज के सभी हिस्सों के लिए समान अवसर और सामाजिक विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है, तदनुसार बैंक ने समाज के विभिन्न कमजोर और संरक्षित वर्गों विशेष रूप से महिलाओं, अल्पसंख्यक समुदाय और स्वयं सहायता समूहों को क्रेडिट सुविधाएं प्रदान की हैं. बैंक ने ग्रामीण युवाओं के बीच बेरोजगारी की समस्या को कम करने पर जोर दिया है और जिन जिलों में बैंक प्रमुख (लीड) बैंक की ज़िम्मेदारी में है, बैंक ने **14 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर-सेटी** स्थापित किए हैं.

तालिका 4: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

(₹ करोड़)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वर्ष दर वर्ष (%)	एएनबीसी में %	आरबीआई मानदंड मार्च, 2018 (%)
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र हेतु ऋण	133922	111674	19.9	47.8	40
कृषि क्षेत्र*	52148	50773	2.7	18.6	18
लघु एवं सीमांत किसान	27235	24137	12.8	9.7	8.0
कमजोर वर्ग को ऋण	36430	33003	10.4	13.0	-
महिला लाभार्थियों को ऋण	19022	17635	7.9	6.8	

* प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम देने के आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, कृषि क्षेत्र के लिए अग्रिम के अंतर्गत ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास (ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) आरआईडीएफ और पीटीसी के तहत बकाया शामिल है.

आपका बैंक काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजीबी), वाराणसी का प्रायोजक है. इसकी पूर्वी यूपी के 8 जिलों यथा वाराणसी, आजमगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मऊ, भदोही और आंबेडकर नगर में 459 सीबीएस शाखाएँ हैं.

आपके बैंक द्वारा प्रायोजित आरआरबी ने समाज के ग्रामीण हिस्से को ऋण उपलब्ध कराने में उत्कृष्ट कार्य किया है, पिछले वर्ष की तुलना में ऋण बकाया 10.19% की दर से बढ़कर ₹3,259.77 करोड़ रहा. कुल अग्रिम का 80.25% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत दिया गया है. 62.20% कासा जमाराशि के साथ केजीएसजीबी की जमाराशि ₹11,182.65 करोड़ है.

एक आरआरबी के रूप में, केजीएसजीबी ने तकनीकी प्लेटफॉर्म अपनाने में अत्यधिक सफलता हासिल की है. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 43 एटीएम इन्स्टॉल किए गए हैं, जिसमें एक टॉकिंग (बोलनेवाला) एटीएम भी शामिल है. आरआरबी ने किसानों के लाभ के लिए एटीएम सक्षम केसीसी पेश किया है. तेजी से सेवा उपलब्ध कराने को सक्षम बनाने के लिए आरटीजीएस/एनईएफ़टी सेवा और डिजिटल अथॉरिटी चेक सिस्टम भी प्रस्तुत किया गया है. वर्तमान में, ग्राहकों को हमारे आरआरबी द्वारा नियमित अंतरणों के लिए एसएमएस एलर्ट और एसएमएस बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है.

कृषि के तहत अग्रिम बढ़ाने के लिए बैंक ने कृषि संभावित जिलों में क्लस्टर को बढ़ाने हेतु 21 क्षेत्रों में नई कृषि क्लस्टर योजना की शुरुआत की है. इन क्लस्टर का नेतृत्व क्षेत्र प्रबंधकों द्वारा किया जाता है और ये संतोषजनक प्रदर्शन कर रहे हैं.

बैंक कमजोर वर्ग को वित्त पोषण करने के लिए इच्छुक रहा है. तदनुसार, बैंक ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम के साथ एक समझौता किया गया है, जिसके तहत विभिन्न योजनाओं में ₹128.81 करोड़ के पुनर्वित्त का लाभ लिया गया है.

बैंक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफ़बीवाई) के तहत जलवायु संबंधी समस्याओं का सामना करने वाले किसानों के लाभ हेतु निरंतर प्रदान किए जा रहे सेवाओं का विस्तार कर रहा है. इसके अंतर्गत, बटाईदार और किराएदार किसान बीमा में समाविष्ट किए गए थे.

9 वित्तीय समावेशन, सामाजिक लक्ष्यों की उपलब्धि :

तालिका 5: वित्तीय समावेशन की हासिल उपलब्धियां

विवरण	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	(%) वृद्धि
कुल खाते (लाख में)	86.22	68.06	26.68
शेष (लाख में)	193064	135384	42.6
आधार अंकित खाते	69.26	44.53	55.52
आधार अंकित खातों का %	80.33	65.43	22.76
मोबाइल अंकित खाते	45.85	33.98	34.96
मोबाइल अंकित खातों का %	53.18	49.92	6.53
एपीवाई नामांकन (लाख में)	3.15	1.80	75.47
वित्तीय साक्षरता केंपों की संख्या	5328	4118	29.38
केंप में लाभार्थियों की संख्या	215820	106849	101.9

9.1 आपके बैंक ने सरकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा इसे पूरा करने के लिए अनेक उपाय सुनिश्चित किए हैं. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर 255 शाखाओं में आधार पंजीकरण केंद्र खोले गए हैं एवं 429 अतिरिक्त शाखाएँ खोलना प्रस्तावित है.

9.2 आपके बैंक ने सभी 14 अग्रणी जिलों के साथ-साथ गैर अग्रणी जिलों में 30 वित्तीय साक्षारता केंद्र खोले हैं. ग्राहकों में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता सेवाओं के संबंध में जागरूकता लाने की दृष्टि से कुल 5328 ग्रामीण कैम्प का आयोजन किया गया. बैंक ने 54,833 व्यक्तियों के खाते खोलकर उन्हें ऋण सेवा प्रदान करके एक कीर्तिमान स्थापित किया है.

9.3 बैंक ने कुल 1044 डिजिटल कैम्प का आयोजन किया जिसमें से 230 ग्रामीण शाखाओं में तथा 814 वित्तीय समावेशन केन्द्रों में किया गया.

10. अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग:

तालिका 6: विदेशी परिचालन				
				(यूएस $ मिलियन में राशि)
विवरण	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वृद्धि, वर्ष दर वर्ष	
			वास्तविक	(%)
विदेशी जमाराशि	813	1020	-207	-20.3
विदेशी अग्रिम	3913	4555	-642	-14.1
कुल विदेशी व्यापार	4726	5575	-849	-15.2

10.1 वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक के विदेशी अग्रिमों में 14.1 प्रतिशत की कमी आई है. ऐसा, आरबीआई के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय परिचालन में चुकौती आश्वासन पत्र (एलओसी) वचन पत्र (एलओयू) को हटा लेने के परिणामस्वरूप हुआ है. आपका बैंक वैश्विक बाजार में परिचालनात्मक जोखिमों को बरकरार रखने एवं विदेशी परिचालनों में एक्सपोजर को कम करने में सख्त रहा है.

10.2 31 मार्च, 2017 के ₹10,047 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2018 को निर्यात अग्रिम ₹9,895 करोड़ तक कम रहा. बैंक की एनआरआई जमाराशि 31 मार्च, 2017 के ₹18,222 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2018 को ₹19,072 करोड़ है.

11. आस्ति गुणवत्ता:

11.1 आपके बैंक ने अथाह प्रयासों से आस्ति गुणवत्ता का प्रबंधन किया है.

11.2 दिवाला तथा शोधन अक्षमता कोड के कार्यान्वयन से वर्ष के दौरान वसूली की प्रक्रियाओं में तेजी हुई है. इससे ना केवल बैंक को विद्यमान प्रचंड आस्ति समस्याओं के निवारण में सहायता हुई है बल्कि सख्त अनुश्रवण तंत्र के निर्माण पर ज़ोर दिया है.

तालिका 7: एनपीए का संचलन		
		(₹ करोड़)
विवरण	वित्त वर्ष 2017-18	वित्त वर्ष 2016-17
सकल एनपीए (प्रारंभिक)	33712	24171
बढ़ोत्तरी	21369	13244
घटाया, कमी	5711	3703
(I) अपग्रेडेशन	400	1051
(II) वसूली	1835	1388
(III) राइट-ऑफ	3477	1264
सकल एनपीए (अंतिम)	49370	33712
शुद्ध एनपीए	24326	18833

11.3 आपका बैंक एनसीएलटी के तहत संकल्प योजनाओं को लागू करने में सक्रिय रहा है. बैंक के पास एनसीएलटी के संदर्भित ₹12,134 करोड़ का कुल एक्सपोजर है, जिसके तहत ₹7,650 करोड़ का प्रावधान किया गया है. ऐसे खातों में, बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात 63.0% रहा.

12. ट्रेजरी/कोषागार परिचालन:

12.1 ट्रेजरी प्रभाग घरेलू ट्रेजरी परिचालन, विदेशीमुद्रा परिचालन, नियत आय, डेरिवेटिव उत्पाद, इक्विटी और अन्य वैकल्पिक आस्ति वर्ग, संचालन करता है. देश भर में फैले अपने ग्राहकों को सभी प्रकार की कारोबार सुविधाएं प्रदान करने के लिए, ट्रेजरी सभी सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक व्यवहार कक्ष से सुसज्जित है और यह बाजार के नवीनतम घटनाक्रम से तालमेल बनाए रखता है. बैंक के ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों का एक गुच्छा, जैसे-अग्रेषण, ऑप्शंस, ब्याज दर परिवर्तन, मुद्रा परिवर्तन, उन्नत प्रौद्योगिकी मंच द्वारा उपलब्ध कराया जाता है.

12.2 बैंक अपने उत्पादों जैसे कि ब्याज दर स्वैप (आईआरएस), मुद्रा स्वैप, ब्याज दर वायदा, फॉरवर्ड्स और आवश्यकतानुसार ब्याज दर का विकल्प एवं अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों की जरूरत के अनुसार विदेशी मुद्रा जोखिम न्यूनीकरण का प्रयोग कर व्यक्तिगत समाधान प्रदान करता है. स्वपूंजी ट्रेडिंग डेस्क उपलब्ध अंतरपणन को भुनाने एवं ट्रेडिंग अभिलाभ बुक करने में सक्रिय था.

13. संपदा प्रबंधन :

तालिका 8: वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान तृतीय पक्ष उत्पाद से प्राप्त आय			
			(₹ करोड़)
व्यापार के मानदंड	वित्त वर्ष 2017-18	वित्त वर्ष 2016-17	% वर्ष दर वर्ष वृद्धि
जीवन बीमा	71.33	58.67	21.58
गैर जीवन बीमा	9.37	6.36	47.3
म्यूचुअल फंड	19.31	8.36	130.98
हेल्थ इन्स्योरेंस	8.49	4.43	91.65
कुल आय	**108.50**	**77.82**	**26.14**

वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने कई नए उत्पाद प्रारम्भ किए हैं, जिनमें यूनियन महिला सुरक्षा (बजाज एलियांज जनरल इन्स्योरेंस कं. लि. के सहयोग से), यूनियन कैंसर केयर (चोलामंडलम एमएस जनरल इन्स्योरेंस कं. लि. के सहयोग से) और यूनियन हेल्थ सुरक्षा (रेलिगेयर हेल्थ इन्स्योरेंस कं. लि. के सहयोग से) शामिल है.

14. मानव संसाधन प्रबंधन:

14.1 आपका बैंक अपने कार्यबल में नवप्रवर्तनशील प्रशिक्षण और कर्मचारी जुड़ाव कार्यक्रमों द्वारा कौशल विकास करने में हमेशा से उत्सुक रहा है. इस उद्देश्य के साथ वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान प्रशिक्षण तंत्र ने 956 कैलेंडर कार्यक्रम, 87 स्थानीय कार्यक्रम और 42 कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिसमें 28,172 स्टाफ सदस्य शामिल हुए. इसके अलावा 341 कर्मचारियों को भी प्रतिष्ठित बाहरी संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया. जैसा कि बैंकिंग उद्योग आस्ति गुणवत्ता और अन्य नियमित चुनौतियों की विपरीत

परिस्थितियों का सामना करती है, बैंक ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए हैं, जो कठिन समय का सामना करने में कर्मचारियों की मदद करते हैं. बैंक ने सरफेसिया के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारियों के लिए भी कार्यक्रम गठित किया है और वसूली प्रबंधन पर उन्नत कार्यक्रम आयोजित किया है.

तालिका 9: कर्मचारी श्रेणी

वर्ष	अधिकारी		लिपिक		अधीनस्थ कर्म.		कुल	
	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला	पुरुष	महिला
2016-17	15389	4628	8642	3228	4284	706	28315	8562
2017-18	16215	5019	8716	3267	3734	636	28665	8922

14.2 नए स्टाफ सदस्यों को बैंकिंग उद्योग का एक समग्र दृश्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक ने सभी नव नियुक्त पीओ, आरडीओ और लिपिकों के लिए आरंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है. बैंक कोर विशेषज्ञ अधिकारी जैसे एचआर अधिकारियों, विधि अधिकारियों, आईटी अधिकारियों, राजभाषा अधिकारियों, विपणन अधिकारियों और फॉरेक्स अधिकारियों के लिए भी नवीनीकृत तरीके से सामान्य बैंकिंग के साथ ही साथ कार्यक्षेत्र विशेष सहयोग प्रारम्भिक कार्यक्रम आयोजित करता है.

14.3 ज्ञान और अनुभव के कुशल संचरण को सुनिश्चित करने के लिए बैंक ने एक नया प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है, जिसका नाम यूनियन भविष्य है. यह कार्यक्रम क्षमता निर्माण में उचित कौशल अंतर्निविष्ट करने और वरिष्ठ एवं मध्यम स्तर के अधिकारियों में ज्ञान अंतरित करने से जुड़ा है. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्यात्मक और नेतृत्व कौशल में वृद्धि कर 'भविष्य के लिए तैयार' करना है. अगस्त 2017 से शुरू किए गए यूनियन भविष्य के अब तक 1030 प्रतिभागी हुए हैं, जो व्यक्तिगत विकास यात्रा से गुजरे हैं. ये प्रतिभागी अब ऑन जॉब प्रोजेक्ट के माध्यम से अपने क्षमता को साबित करने की राह पर हैं, जो कि बैंक के परिवर्तनकारी उद्देश्यों से गहरे रूप से संबद्ध हैं.

14.4 विविध प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ-साथ बैंक एक पाक्षिक प्रश्नोत्तरी 'यूनियन ज्ञान कसौटी' का भी आयोजन करता है, जिसमें बैंक के आंतरिक परिचालन से संबन्धित विविध विषय शामिल रहते हैं. इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता के लिए आर्थिक पुरस्कार भी शामिल हैं, जो सहभागिता को प्रोत्साहित करता है. ज्ञान कसौटी न सिर्फ ज्ञान वृद्धि में मदद करती है बल्कि यह प्रतिभागियों के सीखने और उन्नति करने के उत्साह को भी प्रदर्शित करता है.

14.5 आपका बैंक ग्राहकों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है, तदनुसार, यह अपने कर्मचारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु तैयार करता है.

15. शाखा नेटवर्क:

आपका बैंक देश के वंचित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को बढ़ाने में सक्रिय रहा है. तदनुसार, बैंक ने वर्ष के दौरान 25 नई शाखाएं जोड़ी हैं, जिसमें से 9 शाखाएं देश के बैंक रहित ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी केंद्रों में खोली गयी हैं.

तालिका 10: शाखा नेटवर्क का गठन

विवरण	ग्रामीण	अर्ध शहरी	शहरी	मेट्रो	विदेशी	कुल
शाखाओं की संख्या	1252	1288	851	906	4	4301
शाखाएं (%)	29	30	20	21	-	100

तालिका 11: एटीएम और ई-लॉबी

(संख्या)

चैनल	यथा 31 मार्च, 2018	यथा 31 मार्च, 2017	वृद्धि % - वर्ष दर वर्ष
एटीएम	7642	7518	1.65
पीओएस टर्मिनल	56700	51891	9.27
ई-लॉबी	201	151	33.11
नकद रहित कैंप	152	91	67.03
चेक जमा मशीन	574	370	55.14

बैंक ने अपने डिजिटल समावेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बेहतरीन प्रदर्शन किया है. नई प्रौद्योगिकी के आगमन और बदलते बैंकिंग आवश्यकताओं के साथ, आपके बैंक ने डिजिटल अभियान में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न उपायों को अंगीकृत किया है. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने डिजिटल बैंकिंग उपयोगकर्ता आधार में 16.2% की उल्लेखनीय वृद्धि की है.

आपका बैंक अपने डिजिटल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए उत्सुक है, तदनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान ई-लॉबी उपस्थिति में 33% की वृद्धि हुई है.

16. डिजिटल नेटवर्क को बढ़ाने हेतु उपाय:

तालिका 12: नकदी रहित लेनदेन में वृद्धि

संख्या

उत्पाद	यथा 31 मार्च, 2018 (लाख में)	यथा 31 मार्च, 2017 (लाख में)	वृद्धि % - वर्ष दर वर्ष
डेबिट कार्ड	356.00	309.00	15.21
क्रेडिट कार्ड	2.18	1.80	21.11
आईआरसीटीसी कार्ड	0.25	0.21	18.35
प्रीपेड कार्ड	0.06	0.05	8.63
इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता	18.18	15.31	18.75
एसएमएस बैंकिंग उपयोगकर्ता	250.00	220.00	13.64
मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ता	20.46	11.34	80.42
यूपीआई	3.54	1.96	80.61
भीम	4701	0.0	-

16.1 **भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस)** ग्राहकों को "कभी भी कहीं भी" बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने वाला सिंगल ब्रांड इमेज पर कार्य करता है. यह एक सिंगल बिल पेमेंट सिस्टम है, जो रोजमर्रा

की उपयोगी सेवाएं जैसे बिजली, पानी, गैस, टेलीफोन और डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) टेलीविज़न सेवा के लिए बार-बार किए जाने वाले भुगतान की सेवाएं प्रदान करता है. यह सुविधा इंटरनेट बैंकिंग में बिल प्रेसेंटमेंट मॉड्यूल में समन्वित है.

16.2 बैंक ने संस्था से संबंधित जानकारी के प्रसार हेतु प्रक्रिया को सरल बनाने और सभी मोबाइल एवं वेब आधारित भुगतान चैनल में सिंगल इंटरफेस हेतु **यूनियन सहयोग** एप्लिकेशन की शुरुआत की है.

16.3 ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिंग जागरूकता को प्रभावी ढंग से फैलाने के लिए आपके बैंक ने प्रत्येक अग्रणी जिले में गाँव को अंगीकृत किया है. तदनुसार, 158 गाँवों की पहचान की गई है. प्रत्येक गाँव में जागरूकता फैलाने एवं अभियान हेतु बैंक ने डिजिटल भुगतान चैनल एवं व्यापारी अधिग्रहण लेनदेन की उपलब्धता द्वारा "यूनियन ड़ीजि गांव" नाम दिया गया था.

16.4 आपका बैंक अग्रणी पीएसयू बैंक है जिसने एटीएम लेनदेन में बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण की शुरुआत की है. वर्तमान में हमारे कार्ड धारकों के लिए भारत भर में 900+ एटीएम बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण हेतु सक्षम बनाए गए हैं. यह हमारे एटीएम को ऐसे कार्ड धारकों के फिंगरप्रिंट द्वारा प्रमाणीकरण के अतिरिक्त विकल्प के साथ सक्षम करता है, जिनके आधार नंबर को उनके बैंक खाते में अंकित किया गया है.

16.5 बैंक ने अपने यू मोबाइल एप्लिकेशन में डेबिट कार्ड कंट्रोल फंक्शन की शुरुआत की है जिससे ग्राहक अपने डेबिट कार्ड को ब्लॉक या अनब्लॉक एवं व्यय सीमा को निर्धारित कर सकता है. यह सुविधा ग्राहकों को ना केवल उनके कार्ड से लेनदेन पर वास्तविक नियंत्रण प्रदान कर विश्वास को बढ़ाता है, बल्कि सुरक्षा स्तर के नए आयाम से भी परिचित कराता है.

16.6 बैंक ने सभी ग्राहकों के लिए उनके औसत तिमाही शेष का लिहाज किए बिना वीज़ा पेवेब डेबिट कार्ड की शुरुआत की है. वीज़ा पेवेब डेबिट कार्ड नियर फील्ड कम्यूनिकेशन (एनएफ़सी) तकनीक पर आधारित है, जो ग्राहकों को बेहतर सुविधाजनक गति प्रदान करता है, चूंकि इन कार्ड से लेनदेन पूरा करने में विद्यमान मेग्नेटिक स्ट्रिप/ईएमवी कार्ड की तुलना में कम समय लगता है.

17. तकनीकी उन्नयन :

17.1 आपका बैंक सदैव से ही ग्राहकों को सरलीकृत बैंकिंग प्रदान करने की दृष्टि से आईटी मूलभूत सुविधाओं को विकसित कर रहा हैं. बैंक ग्राहक अनुकूल तकनीकी के कार्यान्वयन सहित सूचना सुरक्षा मॉड्यूल में वृद्धि हेतु प्रयासरत है.

ग्राहक सेवा उत्कृष्टता हेतु अपनी तकनीकी का लाभ उठाने में बैंक एक कदम आगे बढ़ गया है:

17.2 अपने परिसर में कार्यकुशल संसाधन के उपयोग हेतु निजी क्लाउड

17.3 साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु आंतरिक साइबर सुरक्षा अभियान केन्द्र

17.4 परिचालन ग्राहक संपर्क प्रबंधन के साथ क्षेत्र कर्मियों को सहायता

17.5 ई-केवाईसी के माध्यम से वित्तीय समावेशन पहल का विस्तार

17.6 ओटीपी आधारित खाता खोलना एवं आधार भुगतान

बैंक ने आंतरिक प्रक्रिया में वृद्धि हेतु नई तकनीक को अंगीकृत किया है, जो निम्नानुसार है:

17.7 दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत केन्द्रीयकृत खाता खोलने में वृद्धि.

17.8 ऋण प्रस्तावों का डिजिटलीकरण

17.9 उन्नत सुरक्षा, प्रामाणिकता, विश्वसनीयता एवं प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के साथ केवाईसी सत्यापन के लिए ई-केवाईसी सोल्युशन.

17.10 डिजिटल भुगतान इको-सिस्टम के लिए आवश्यक एपीआई के अनुकूल नवीनतम संस्करण के लिए कोर बैंकिंग एप्लिकेशन का उन्नयन

17.11 एकीकृत मोबाइल एप का विकास एवं उदयम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन सोल्युशन का विस्तार.

बेहतर निर्णय लेने के लिए विश्लेषित आंकड़ों का उपयोग:

17.12 बैंक ने एकीकृत सेवा निवेदन प्रबंधन एवं बिक्री प्रबंधन के साथ ग्राहक संपर्क प्रबंधन (सीआरएम) एप्लिकेशन को विकसित किया है, ग्राहक वर्गीकरण, धोखाधड़ी की पहचान एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन के माध्यम से यह एप्लिकेशन निर्णय लेने में सहायक है.

17.13 बैंक ने डिजिटल चैनल की उपयोगिता को बढ़ाने के लिये फ्यूचर ग्रुप, शॉपर्स स्टॉप, पतंजलि, आदित्य बिरला ग्रुप/ मेक माई ट्रिप के साथ रिटेल टाई-अप भी किया है.

17.14 साथ ही बैंक द्वारा तत्काल डेबिट कार्ड जारी करना, राष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिक टोल संग्रह आदि जैसे नए उत्पादों पर कार्य कर रहा है.

18. कारोबार निरंतरता के लिए जोखिम प्रबंधन

आपका बैंक सदैव से ही सुनियोजित जोखिम के प्रबंधन में सक्रिय रहा है चाहे फिर यह बाजार हो, परिचालन या क्रेडिट हो. संगठनात्मक स्तर पर, बैंक के पास विभिन्न जोखिमों के प्रबंधन के लिए शीर्ष कार्यपालकों के परिचालन स्तर की समिति द्वारा समर्थित शीर्ष स्तर पर जोखिम प्रबंधन और आस्ति देयता प्रबंधन (एससीआर एवं एएलएम) पर बोर्ड की पर्यवेक्षी समिति है. पर्यवेक्षी समिति जोखिम रणनीति और नीतियों के कार्यान्वयन की देखभाल, जोखिम की दिशा एवं स्तर की समीक्षा, विवेकपूर्ण सीमा, संविभागों में विविधता और जोखिम रिपोर्टिंग की निगरानी करता है.

18.1 ऋण जोखिम प्रबंधन:

ऋण जोखिम प्रबंधन समिति (सीआरएमसी): सीआरएमसी बैंक के ऋण जोखिम कार्य का पर्यवेक्षण करता है. अपनी आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन उद्देश्य के अनुरूप, बैंक अनुशासित ऋण जोखिम प्रबंधन के माध्यम से एक सुदृढ़ आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास करती है. बैंक के पास पहचान, मापन एवं अनुश्रवण के नियंत्रण हेतु सुदृढ़ ऋण मूल्यांकन एवं जोखिम निर्धारण प्रणाली है. बैंक के पास ऋण जोखिम प्रबंधन के लिए विभिन्न साधन है, जिसमें ऋण जोखिम

प्रबंधन नीतियाँ, ऋण अनुमोदन समिति, विवेकपूर्ण ऋण सीमाएं, जोखिम रेटिंग प्रणाली, जोखिम आधारित ब्याज निर्धारण एवं संविभाग प्रबंधन शामिल है.

बैंक रिटेल एवं कॉर्पोरेट ऋण जोखिम मूल्यांकन के लिए सुपरिभाषित आंतरिक रेटिंग मॉडल अवधारणा का प्रयोग करता है. साथ ही, बैंक ने रेटिंग गुणवत्ता में सुधार, रेटिंग मॉडलों के बेहतर प्रशासन के लिए सशक्त रेटिंग डाटाबेस बनाने हेतु केंद्रीय कार्यालय स्तर पर केंद्रीकृत रेटिंग पूल की स्थापना की है. जोखिम मूल्यांकन की बेहतर प्रशासन के लिए, केंद्रीकृत रेटिंग पूल शाखा स्तर पर तैयार किए गए कॉर्पोरेट लेनदारों की रेटिंग के निर्धारण एवं अंतिम रूप देने का कार्य करता है.

बैंक ने सभी अग्रिमों के लिए बैंक की मानकीकृत एवं पूर्ण परिभाषित अनुमोदन प्रक्रिया अपनायी है, जिसमें ऋण मंजूरी हेतु समिति आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाता है एवं विभिन्न स्तरों पर ऋण अनुमोदन समितियां कार्यरत है.

18.2 बाज़ार जोखिम प्रबंधन :

आस्ति देयता समिति (एलको): एलको बैंकिंग एवं ट्रेडिंग कारोबार में बाज़ार जोखिम को कम करने के लिए आस्ति देयता प्रबंधन नीति, ट्रेजरी नीति एवं बाज़ार जोखिम प्रबंधन नीति प्रस्तुत करती है. आस्ति देयता प्रबंधन समिति की नियमित बैठकें होती हैं, जिनमें विभिन्न आस्तियों एवं देयताओं की मात्रा, संमिश्र, अवधि, मूल्य एवं संरचना के बारे में निर्णय लिया जाता है. आस्ति देयता प्रबंध समिति आस्तियों और देयताओं का मूल्य-निर्धारण भी करती है. यह मुख्यत: ब्याज दर जोखिम पहचान, मापन, अनुश्रवण एवं प्रबंधन करती है. बाज़ार जोखिम प्रबंधन के जरिए, बैंक सक्रिय तरलता प्रबंधन सुनिश्चित करता है, दबावग्रस्त परिदृश्य परिकल्पित करता है और साथ ही बैंक के लिए आकस्मिक निधि योजना रखता है.

तरलता प्रबंधन रणनीतियां: बैंक ने तरलता मानक पर बासल III के ढांचे के आधार पर आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार तरलता जोखिम प्रबंधन को अंगीकृत किया है, इसमें अंतर दिवसीय तरलता प्रबंधन तथा तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) शामिल है. तरलता अनुपातों की गणना तिमाही आधार पर की जाती है एवं तरलता का अनुश्रवण एवं प्रबंधन सक्रियतापूर्वक किया जाता है.

जोखिम गणना कार्यपद्धतियों में स्थानांतरण: वर्तमान में, बाजार जोखिम का आकलन, मानकीकृत मूल्यांकन प्रणाली (एसएमएम) द्वारा किया जाता है. बैंक, बाजार जोखिम के लिए उन्नत अप्रोच के तहत बाजार जोखिम की गणना एवं उसके बेहतर मूल्यांकन हेतु आंतरिक मॉडल अप्रोच (आईएमए) लाने की प्रक्रिया में है.

18.3 परिचालन जोखिम प्रबंधन:

बैंकिंग के वर्तमान परिदृश्य में, परिचालन जोखिम प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण है. परिचालन जोखिम के प्रबंधन हेतु बैंक व्यापक प्रक्रियाओं, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और लेखा परीक्षा का प्रयोग करता है. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति है. परिचालन जोखिम की जांच और समाधान के लिए सभी नए उत्पादों को नव-उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया से गुजरना होता है.

आपके बैंक ने विगत बारह वर्षों के दौरान परिचालनगत हानियों से संबंधित आंकड़ों का समेकन किया है तथा सुधारात्मक कदम उठाने हेतु उनका विश्लेषण किया जाता है; ताकि आगे ऐसी हानियों की पुनरावृत्ति ना हो. विभिन्न उत्पादों की प्रकृत्याओं में अवशिष्ट जोखिमों के आकलन हेतु जोखिम एवं नियंत्रित स्व-मूल्यांकन सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया शुरू की गई है.

जोखिम गणना पद्धति में स्थानांतरण : वर्तमान में बैंक द्वारा परिचालन जोखिम के अंतर्गत पूंजी आकलन हेतु प्राथमिक संकेतक अप्रोच का प्रयोग किया जाता है, परिचालन जोखिम हेतु बैंक को अब समानान्तर आधार पर 'मानकीकृत अप्रोच (टीएसए)' को भी कार्यान्वित करने की अनुमति भारतीय रिजर्व बैंक से मिली है.

बैंक परिचालन जोखिम के लिए एक पूंजी संगणना सोल्युशन लागू करने की प्रक्रिया में है, जो उन्नत मूल्यांकन अप्रोच (एएमए) की अपेक्षाओं को पूर्ण करती है. एएमए के दिशानिर्देशों के तहत, चार मुख्य घटक जैसे आंतरिक हानि आकड़े, वाह्य हानि आकड़े, कारोबार परिवेश और आंतरिक नियंत्रण कारक एवं परिदृश्य विश्लेषण के आधार पर पूंजीगत अपेक्षाओं का आकलन किया जाता है.

18.4 समूह जोखिम प्रबंधन :

बैंक, अपनी समूह जोखिम प्रबंधन नीति के माध्यम से ग्रुप-वार अप्रोच लागू करने की ओर अग्रसर है; ताकि कारोबार संचालन में जोखिम के प्रमुख पहलुओं, जो सभी कारोबार समूहों को प्रभावित करते हैं, की ओर ध्यान दिया जा सके. तदनुसार, बैंक द्वारा सामान्य तथा तनावग्रस्त स्थितियों में अपने समूह प्रतिष्ठानों, आंतरिक नियंत्रणों तथा मिटिगेशन उपायों, पूंजी आकलन हेतु व्यवस्थित नीति लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई है.

18.5 धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन :

बैंक की एक बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति है. बैंक की आंतरिक धोखाधड़ी समीक्षा परिषद धोखाधड़ी के सभी प्रयासित मामलों की जांच करती है और सुदृढ़ प्रणाली और प्रक्रियाएं बनाए रखने के लिए सुधारात्मक उपाय सुझाए जाते हैं. बोर्ड को ₹1.00 लाख या उससे अधिक राशि के सभी धोखाधड़ी मामलों की रिपोर्टिंग के अलावा, बैंक ₹ 1 करोड़ के या उससे अधिक राशि के धोखाधड़ी मामलों की रिपोर्टिंग बोर्ड की विशेष समिति को करता है, ताकि समिति ₹ 1 करोड़ या उससे अधिक राशि के धोखाधड़ी के अनुश्रवण कर सके. बैंक संदिग्ध एवं धोखाधड़ीग्रस्त लेनदेनों पर समग्र नजर बनाए रखने के लिए उद्यम-वार जोखिम प्रबंधन सामाधान लागू करने की ओर अग्रसर है. बैंक का लक्ष्य प्रारम्भिक चरण में धोखाधड़ी का पता लगाना है.

19. अनुपालन :

वर्तमान परिवेश में, अनुपालना की प्रमुख भूमिका है. चूंकि आपका बैंक बैंकिंग प्रणाली का एक अभिन्न अंग है, जिसकी एक सुव्यवस्थित अनुपालन संरचना है. अनुपालन विभाग सुव्यवस्थित संरचना के साथ एक स्वतंत्र वर्टिकल है जिसके प्रमुख महाप्रबंधक है, जो कि मुख्य अनुपालन अधिकारी है एवं कार्यात्मक विभागों की

सहायता से समन्वय स्थापित करने के लिए सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी इन पर है. बैंक की एक संरचित रिपोर्टिंग व्यवस्था है जिसके अंतर्गत संस्था की प्रत्येक स्तर अपनी अनुपालन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करती है. साथ ही, बैंक की विनियामक सांविधिक एवं उचित व्यवहार अचार संहिता कार्य स्व-नियामक संस्थाओं, सरकारी नीतियों, बैंक की आंतरिक नीतियों एवं धन शोधन निवारण अधिनियम द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुरूप है.

अनुपालन को व्यवस्थित बनाने के उपाय के रूप में, बैंक ने सिस्टमेटिक जोखिम के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षण हेतु एक टच पॉइंट की स्थापना की है, ताकि आरबीआई की सहायता की जा सके.

20. लेखापरीक्षा :

20.1 आपका बैंक अपनी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा तंत्र, समवर्ती लेखापरीक्षा, प्रबंध लेखापरीक्षा एवं सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षा को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रही है. आपके बैंक ने आंतरिक नीतियों को सुदृढ़ किया है. तद्नुसार, बैंक की बोर्ड ने अपनी लेखा परीक्षा नीतियों की समीक्षा की है.

20.2 वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 3778 की योजनाबद्ध संख्या के सापेक्ष 3880 शाखाओं की लेखापरीक्षा पूरी की है.

20.3 वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, कोई भी शाखा 'अत्यंत उच्च जोखिम' और 'बहुत उच्च जोखिम' रेटिंग के अंतर्गत नहीं पाई गई है. साथ ही, 'उच्च जोखिम' वाली शाखाओं की संख्या कम हुई है.

20.4 बैंक ने नए विकसित सॉफ्टवेयर के कार्यान्वयन से केंद्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर दोनों की ऑफसाइट अनुश्रवण प्रणाली में सुधार किया है.

20.5 बैंक वित्त वर्ष 2018-19 से वेब आधारित लेखापरीक्षा प्रबंधन सोल्युशन (डब्लूबीएएमएस), जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा, प्रबंध लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, करेंसी चेस्ट की लेखापरीक्षा एवं सेवा शाखा को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है.

21. सतर्कता:

21.1 बैंक के रोज़मर्रा के कामकाज में मूलभूत स्तर पर अनुपालन और प्रणाली की कमजोरियों को समाप्त करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है, जिसमें सतर्कता की मुख्य भूमिका है.

21.2 आपके बैंक में केंद्रीय सतर्कता आयोग के अधिदेशों के अनुरूप एक भली भांति संरचित सतर्कता प्रशासन है जो कि परिचालन के सभी क्षेत्रों को कवर करती है.

21.3 सतर्कता जागरूकता की ओर एक कदम बढ़ते हुए, बैंक द्वारा अपने अन्य कार्यालयों एवं शाखाओं में निवारक सतर्कता दौरे किए गए. साथ ही, क्षेत्र कर्मियों को प्रक्रियाओं के आवश्यक जागरूकता एवं नियमों के गैर- अनुपालन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में निर्देशित किया गया.

21.4 बैंक ने सतर्कता के बहुत से कार्यों को ऑनलाइन पोर्टल पर स्थानांतरित करके तकनीकी के साथ पारदर्शिता को जोड़ दिया है.

27. दृष्टिकोण:

हाल ही में बैंकिंग क्षेत्र, संरचनात्मक एवं विनियामक परिवर्तनों का साक्षी रहा है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र को और अधिक लचीला, समर्थ एवं सुदृढ़ बनाना है. इसके अतिरिक्त कुछ बैंक भविष्य में अपने विकास के लिए कर्मचारियों को सक्षम बनाने हेतु निवेश कर रहे हैं ताकि वे बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का कर्मठता से सामना कर सके. आपके बैंक के पास भावी दृष्टिकोण है और वह धारणीय संवृद्धि क्षमता के लिए बहुत से पहलों पर अपना ध्यान केन्द्रित किए हुए है. अल्प कालिक मुद्दों के निपटान होने पर इस प्रकार के पहल आपके बैंक को आगामी वर्षों में विजेता शिखर पर ले जाएगा.

आपके बैंक का यह विश्वास है कि ग्राहक सेवा में सतत वृद्धि, जोखिम प्रबंधन संरचना में सुधार, अनुपालन में सुदृढ़ संस्कृति एवं कर्मचारी विकास, गुणवत्तापूर्ण संवृद्धि के मुख्य सिद्धान्त है. इस दिशा में बैंक वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान और अधिक प्रयासरत रहेगा. विद्यमान ग्राहकों के लिए क्रॉस-सेल एवं अप-सेल सुदृढ़ करते समय, सक्रिय ग्राहक अर्जन रणनीति नए संबंध बनाने के लिए प्रक्रिया में है. शाखाएं धीरे-धीरे सेवा एवं बिक्री केंद्र में बदल रही है क्योंकि खाते खोलना, ऋण मूल्यांकन एवं अनुश्रवण जैसी अधिकतम गैर-ग्राहक गतिविधियां संबंधी कार्य बॅक-ऑफिस में किया जा रहा है. कारोबार बढ़ोतरी के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2018-19 तक यह अपेक्षित है कि 3/4 से भी अधिक क्रेडिट अंडरराइटिंग फिर चाहे वे लार्ज एवं मिड कॉर्पोरेट, एमएसएमई, रिटेल या कृषि ऋण क्यों न हो, केंद्रीकृत प्रोसेसिंग हब हो जायेंगे. वास्तव में, ग्रमीण एवं अर्ध-शहरी केंद्रों के लिए हमारे पायलट हब-एंड-स्पोक मॉडल ने तुरंत प्रोत्साहनवर्धक परिमाण दिये है तद्नुसार अगले वर्ष के दौरान देश भर में उन्हें विस्तारित किया जाएगा. इसी तरह, यदि विश्लेषण तंत्र के माध्यम से आरंभ में ही क्रेडिट का अनुश्रवण किया जाए और जैसे ही हमें ऋण के संबंध में चेतावनी मिले, हम प्रारम्भ में ही सटीक उपाए करें ताकि ऋण बही की गुणवत्ता को सुधारा जा सके. डिजिटल बैंकिंग के मामले में आपका बैंक काफी आगे है; डिजिटल के पहल से हमारे ग्राहकों एवं कर्मचारियों को कम लागत, सेवा दक्षता एवं सुविधाजनक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होगी. हमारा अन्य उद्देश्य कर्मचारी विकास में निवेश करना भी है.

आपका बैंक तुलन-पत्र को और अधिक सशक्त करने के लिए अधिक ऊर्जा एवं आशा के साथ नए वर्ष में प्रवेश कर रहा है. कारोबार करने का तरीका बदल रहा है और आपका बैंक सभी हित धारकों के लिए मूल्य निर्माण करने हेतु निरंतर प्रयासरत है.

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

1. Macro-economic scenario:

1.1 During the year 2017-18, global economic environment remained favourable for driving growth. World trade volume also recorded optimistic gains during the year. Central Banks across the world have worked for accommodative monetary policies to attain price stability targets and growth. Major economies, the US, Euro area and Japan have opted for expansionary fiscal and monetary policies to revive the overall growth dynamics of their respective countries. As per the International Monetary Fund Report (April 2018), global economic activities are expected to pick-up by 3.9% each in 2018 and 2019.

1.2 Rebound in global economic activities was supported by gaining consumption demand and exports in emerging economic landscape. However, investment scenario did not witness any significant improvement during the year 2017. On the contrary, advanced economies have recorded sharp pick-up in industrial activities driven by gaining investment momentum. On aggregate basis, upturn in global growth calls for a perfect blend of consumption driven growth in emerging economies and investment driven growth in advanced economies.

1.3 As per the World Economic Outlook report by International Monetary Fund, world trade volume is projected to grow at a higher pace of 4.9% in 2018 and 5.1% in 2019 significantly up from 2.9% in 2017, supported by growing exports from emerging markets. However, present global environment has been witnessing trade turbulences amongst advanced and emerging economies. Imposition of import duties by the United States on major metal imports has not only affected the terms-of trade gains for India and China, it also hampered the currency strengths on global platforms.

1.4 Year 2017-18 was very significant for Indian economy with major tectonic shift in the form of Goods & Service Tax (GST) implementation. In the first half of FY 2017-18, Indian economy witnessed growth constraints arriving from low investment and weak capacity building. In the second half, economy gradually gained pace supported by service driven activities and pick-up in private consumption spending.

1.5 Union Budget FY 2017-18, was growth centric with greater emphasis on infrastructure development and rural income generation. Budget also focused on increasing Minimum Support Price (MSP) of crops to 1.5 times of its production cost. Even though MSP rise provides a positive push to rural income generation, it will pose upside risks to food inflation going forward.

1.6 Price scenario in the economy witnessed sharp volatility during FY 2017-18 owing to many domestic and global factors. On the one hand, rising crude prices pushed the prices high, moderating food inflation in the domestic front has balanced the upward pressure.

1.7 Indian equity markets strengthened during the year FY 2017-18 supported by gaining confidence in macroeconomic landscape and global recovery. All the three major market indicators Sensex, Bankex and Nifty have recorded annual growth of 11.3%, 11.4 %, and 10.7% respectively during FY 2017-18.



2. Bond Market performance: Yield on 10-year benchmark has witnessed remarkable hardening during the year FY 2017-18 from 6.65% in April 03, 2017 to 7.33% in April 03, 2018. Also, a trend of narrowing of gap between short-term and long-term yields was observed in the first half of the FY 2017-18, afterwards, spread between the yields widened in the second half.



3. Foreign investment inflows:

Driven by recovering growth and strengthening market sentiments, FPI inflows were ₹1.44 lakh crore during FY 2017-18, significantly up from ₹48,500 crore in FY 2016-17. Revival in foreign investment also resulted in appreciation in rupee from 67.0/ USD in end March 2017 to 64.9/USD in March 2018.

4. **Liquidity scenario:** Liquidity conditions witnessed sharp volatilities during FY 2017-18 with first three quarters of deficit and last one quarter with surplus. RBI injected and absorbed liquidity as per the marker requirements so as to bring the system level neutrality in the economy.

5. **RBI's policy decisions**: During FY 2017-18, RBI continued with its neutral stance of monetary policy and price stability target at 4%. RBI has reduced repo rate by 25 bps during FY 2017-18. Many factors have collectively driven towards maintaining policy rates at 6.0%, like volatile inflation (ranging between 5.2% in Feb 2018 and 2.2% in July 2017), hardening g-sec yield, expansionary fiscal policies, and expected pick-up in agricultural output. Union Budget FY 2018-19 targets for MSP rise and on-going increase in crude price collectively weighted on price outlook. Nevertheless, normalizing second round impact of HRA on inflation facilitated RBI to continue with same interest rate.

6. Banking environment:

6.1 Banking industry continued with structural reforms and headwinds of asset quality challenges. On-set of new tax regime also had a greater impact on banking business. While short-term adjustment to GST impacted the business growth, bringing small entrepreneurs under tax net added to greater transparency and database building for these units.

6.2 Along with on-going asset quality challenges, banking industry was put in the clutches of severe compliance inconsistencies. Nevertheless, banks have a well-defined risk management mechanism in place to cushion the system from various operational risks. Government's infusion of capital to address pro-longed capital constraints have helped banks in meeting their minimum capital requirements under Basel III.

6.3 Despite the on-going structural and functional challenges, banking industry continues to outperform in serving its prime duty, i.e lending. Credit growth recovered in the Q4 FY 2017-18 supported by regaining investment sentiments and demand. Going-forward, credit demand is expected to move in upward trajectory with re-balancing assets and capital challenges.

7. Resource management:

7.1 Deposits:

7.1.1 Bank has achieved milestone in having deposits of ₹4.08 lakh crore, up by 8.0% from previous year.

7.1.2 CASA share in total deposit stood at 34.1% as on March 31, 2018.

7.2 Diversified deposit portfolio:

Table 1 : Composition of Deposits

(₹crore)

Parameter	As of March 31st , 2018	As of March 31st , 2017	Annual Growth	
			Absolute	(%)
Total Deposits	408502	378392	30110	8.0
CASA Deposits	139241	130308	8933	6.9
Savings	114183	104072	10111	9.7
Current	25058	26236	-1178	(-) 4.5

Bank strived to maximize its CASA deposits to lower cost of funds. CASA deposits as on March 31, 2018 were ₹1,39,241 crore of which current account amounted to ₹25,058 crore and savings amounted ₹1,14,183 crore. CASA deposits grew at a rate of 6.9% on y-o-y basis. Within CASA, savings deposits grew at 9.7% on y-o-y basis.

7.2.1 Bank has taken pro-active steps to improve customer services by introducing additional features for cheque security. This includes random alpha numeric five digit number for each cheque leaf, and feeds the same number in the server also, which helps in tracking the duplicacy and prevents frauds.

7.2.2 Bank has also introduced online locker application facility available on Bank's website for both customers and non-customers. This is intended to increase the service efficiency through digital mode.

8. Credit Management:

Table 2: Classification of Advances

(₹crore)

Parameter	As of March 31st , 2018	As of March 31st , 2017	Annual Growth	
			Absolute	(%)
Gross Advances	313860	301684	12176	4.0
Domestic	288336	272238	16098	5.9
Global	25524	29446	-3922	-13.3
RAM sectors	158642	146417	12225	8.3
Retail	49446	40380	9066	22.5
Agri	45825	44124	1701	3.9
MSME	63371	61913	1458	2.4
RAM share to Domestic Advances (%)	55.0	53.8	120 bps	

Bank's credit outstanding as of March 31, 2018 was ₹3.14 lakh crore, up from ₹3.02 lakh crore as of same period previous, Reviving credit demand and strengthening macro-fundamentals supported the overall credit-growth.

8.1 Retail:

8.1.1 Bank has continued to focus on capital light RAM sector with its share gradually increasing to 55.0% as on March 31, 2018 from 53.8% as on March 31, 2017.

Bank's emphasis on retail lending has improved significantly during the year with share of retail loan in domestic advances increasing to 17.2% in FY 2017-18 from 14.8% in FY 2016-17.

8.1.2 Bank has introduced special retail lending scheme for government employees which provides retail loans to government employees at zero processing charges and lower interest rates.

8.1.3 Bank has introduced flexible margin payment plan under Union Home loan for attracting big ticket size borrowers to widen the retail credit base.

8.2 *Agriculture:*

8.2.1 Agricultural advances (excluding RIDF) as of March 31, 2018 were ₹45,825 crore against ₹44,124 crore as of March 31, 2017 noting growth of 3.9%. Advances to small and marginal farmers were ₹27,235 crore as of March 31, 2018. Bank has maintained surplus target of 9.7% of ANBC, against 8% for lending to small and marginal farmers. Also, a total of ₹22,041 crore disbursements were made under special agriculture credit plan (SACP).

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना,1970 के खंड 13 (यथा संशोधित) के अनुक्रम में बोर्ड की प्रबंधन समिति में यथा 31.03.2018 को निम्नलिखित सदस्य शामिल है: -

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ,
- कार्यपालक निदेशक,
- भारतीय रिज़र्व बैंक नामित निदेशक का धारा 9(3)(सी) के अन्तर्गत नामांकन, एवं
- तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशकों का धारा 9(3)(ई),(एफ), (एच) एवं (आई) के अन्तर्गत आवर्तन के आधार पर प्रत्येक छ: माह की अवधि के लिए बोर्ड द्वारा नामांकन.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.1.2 कार्य :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में विभिन्न कारोबारी मामलों यथा ऋण प्रस्तावों की मंजूरी/समीक्षा, ऋण समझौता/अपलेखन प्रस्ताव, साख अनुमोदन समिति-I के प्राधिकार से अधिक पूँजी एवं राजस्व व्ययों का अनुमोदन, परिसरों का अधिग्रहण एवं किराए पर लेने, निवेश, दान आदि को ध्यान में रखते हुए बोर्ड के निदेशकों द्वारा बोर्ड की प्रबंधन समिति गठित की गयी है.

5.1.3 एमसीबी बैठकों की उपस्थिति :

वर्ष 2017-18 के दौरान, बोर्ड की प्रबंधन समिति की 24 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	7	7
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	17	17
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	24	20
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	24	23
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	24	22
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारतीय रिज़र्व बैंक नामित निदेशक	24	11
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	24	22
डॉ. आर.एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	24	20
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	24	15

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी, को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

5.2.1 संघटन :

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) भारतीय रिज़र्व बैंक एवं वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार गठित की गयी है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति में निम्नानुसार सदस्य हैं :

- कार्यपालक निदेशक, आन्तरिक निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा के प्रभारी
- भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती, एवं

- धारा 9(3)(जी) के अन्तर्गत दो अन्य गैर कार्यपालक निदेशक, जिनमें से एक सामान्यत: सनदी लेखाकार निदेशक होना चाहिए.

अन्य कार्यपालक निदेशक/कों को आमंत्रित किया जा सकता है, यदि कार्यसूची में उनके क्षेत्र से संबंधित कोई मद चर्चा के लिए शामिल हो.

श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक जो सनदी लेखाकार हैं समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 18(1)(ई) के अनुसार कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति का सचिव होगा.

5.2.2 कार्य :

लेखापरीक्षा समिति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी कैलेंडर मद के आदेश के अनुसार बैंक के कार्यों की समीक्षा करती है. निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं:-

1. एसीबी बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी समग्र कार्य का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करती है. समग्र लेखा परीक्षा कार्य में बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का गठन, परिचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखापरीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है.
2. एसीबी, बैंक के आंतरिक निरीक्षण/लेखापरीक्षा कार्यों अर्थात् उसकी प्रणाली, गुणवत्ता और अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा करती है. यह विशेषीकृत शाखाओं और बहुत बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक रेटिंग वाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है. इसके द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता है :-
    - अंतर-शाखा समायोजन खाते
    - अंतर बैंक खातों और नोस्ट्रो खातों में बहुत समय से बकाया प्रविष्टियां जिनका मिलान न हुआ हो.
    - विभिन्न शाखाओं में बहियों के मिलान की बकाया स्थिति
    - धोखाधड़ी.
    - बहियों के मिलान से संबंधित सभी अन्य प्रमुख क्षेत्र.
3. एसीबी, भारिबैं एवं सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों में नियुक्त अनुपालन अधिकारी से तिमाही रिपोर्ट प्राप्त करती है एवं उसकी समीक्षा करती है.
4. सांविधिक लेखापरीक्षा के मामले में यह समिति लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. बैंक के छमाही/वार्षिक वित्तीय लेखों और रिपोर्टों को अंतिम रूप प्रदान करने के पहले यह बाह्य लेखापरीक्षकों से चर्चा करती है.
5. लेखापरीक्षा समिति, बैंक की लेखा नीति और कार्य प्रणाली, संबंधित पार्टी लेनदेन, व्हिसिल ब्लोअर तकनीक, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण तथा बैंक के तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की भी समीक्षा करती है.

5.2.3 एसीबी बैठकों में उपस्थिति :

वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 12 बैठकें हुई एवं उपस्थिति विवरण निम्नानुसार है :-

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक, समिति के अध्यक्ष	12	12
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	5	5
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	12	12
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	12	10
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं नामित निदेशक	12	6
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक	1	1

5.3 जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति (एससीआर एंड एएलएम)

5.3.1 संघटन :

बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में जोखिम एवं आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति गठित की है. समिति में निम्नानुसार सदस्य शामिल किए गए हैं:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशक एवं
- तीन गैर-कार्यपालक निदेशक.

श्री केवल हांडा, बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.3.2 कार्य :

बैंक ने जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन के कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के लिए निदेशक मंडल की जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन पर्यवेक्षी समिति गठित की है, यह बैंक के सभी जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी है

5.3.3 एससीआर एवं एएलएम समिति की उपस्थिति :

वर्ष 2017 -18 में समिति की 5 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	4	4
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	4	3

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	5	4
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	2	1
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	3	3
डॉ आर. एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	2	2
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	5	5
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	3	3

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री केवल हांडा, को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.4 ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)

5.4.1 संघटन:

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है. वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) से आंतरिक निरीक्षण, सांविधिक लेखापरीक्षा, अंतर शाखा/अंतर बैंक खातों,बहियों के मिलान के प्रमुख क्षेत्रों आदि का पर्यवेक्षण अपेक्षित है. एसीबी से यह भी अपेक्षित है कि वह बैंक में धोखाधड़ी के संबंध में निवारक पहलुओं तथा की जा रही अनुवर्ती कार्रवाई पर भी ध्यान दे. यह विशेष समिति ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों का विशेष रूप से अनुश्रवण और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई पर ध्यान देती है, जबकि एसीबी सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों का भी अनुश्रवण जारी रखेगी

यह विशेष समिति, निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर गठित की गई है.

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के दो सदस्य
- भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती को छोड़कर निदेशक मंडल के दो अन्य सदस्य

श्री केवल हांडा, बैंक के गैर-कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.4.2 कार्य :

इस विशेष समिति का प्रमुख कार्य ₹1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा एवं उनका अनुश्रवण करना होगा ताकि:

- धोखाधड़ी की संभावनाओं वाली कार्यप्रणालीगत कमियों को पहचानने और उन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक उपाय करना.
- धोखाधड़ी का पता लगाने में हुई देरी का पता लगाने और/अथवा बैंक के उच्च प्रबंधन या भारतीय रिज़र्व बैंक को सूचित करने में यदि कोई देरी हुई हो, तो उनके कारणों की पहचान करना.
- सीबीआई/ पुलिस जांच एवं वसूली स्थिति की प्रगति का अनुश्रवण करना.
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में प्रत्येक स्तर पर स्टाफ उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाता है तथा यदि स्टाफ संबंधी कोई कार्रवाई हो तो उसे तत्काल निपटाया जाता है.
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने जैसी उपचारात्मक कार्रवाई की समीक्षा करना.
- धोखाधड़ी निवारक उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु यथावश्यक अन्य उपाय लागू करना.

5.4.3 एससीएमएफ बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2017 -18 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	3	3
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	3	3
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	4
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	1
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	4	4
डॉ आर. एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	2	2
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	2	2

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री केवल हांडा, को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.5 बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति (आरएमसीबी)

5.5.1 संघटन :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करने के लिए वसूली प्रबंधन

के लिए बोर्ड स्तर की उप समिति गठित की गयी हैं. यह समिति अपनी रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करेगी.

समिति का संगठन इस प्रकार है:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशकगण
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.5.2 कार्य :

नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करना एवं बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

5.5.3 आरएमसीबी बैठकों में उपस्थिति

वर्ष 2017 -2018 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	3	3
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	4	2
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	4

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.6 बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)

5.6.1 संघटन :

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में बैंक में ग्राहक सेवा की देखरेख के लिए बोर्ड की ग्राहक

सेवा समिति गठित की गयी है. समिति के सदस्य निम्नानुसार हैं :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशक
- सरकार द्वारा नामित निदेशक सहित चार गैर कार्यपालक निदेशक

इनके अतिरिक्त, इन बैठकों में आंतरिक लोकपाल तथा दो विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.6.2 कार्य:

समिति निम्नलिखित कार्य कर रही है:

i. सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव देना.

ii. मौजूदा नीतियों एवं कार्यपद्धतियों को युक्तियुक्त बनाना तथा सरलीकरण की दृष्टि से उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा निरंतर आधार पर परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाने हेतु समुचित प्रोत्साहनों का सुझाव देना

iii. बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने से पूर्व नीतियों की वार्षिक आधार पर समीक्षा करके संस्तुति करना

5.6.3 सीएससीबी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई जिसमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	3	3
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, समिति के अध्यक्ष	2	2
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	3
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	4	4
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	2
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2
डॉ आर. एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	2	1
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	2	2
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	2	2
डॉ. एस. रविंद्रनाथ, विशेष आमंत्रित	4	4
डॉ. एस. जगन्नाथन, विशेष आमंत्रित	4	3

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.7 बोर्ड की एचआर उप-समिति (एचआरएससीबी)

5.7.1 संघटन :

समिति में 'अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक' अब 'प्रबंध निदेशक एवं सीईओ', कार्यपालक निदेशकगण, सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा बोर्ड द्वारा

नामित कोई दो निदेशक होते हैं. इसके अतिरिक्त, मानव संसाधन के दो विशेषज्ञ भी विशेष आमंत्रित के रुप में भाग लेते हैं.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.7.2 कार्य:

निम्नलिखित पहलुओं के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण और समीक्षा:

1. एचआर पर बैंक की संपूर्ण रणनीति.
   - समग्र जनबल आयोजना व कौशल अंतराल की पहचान
   - सही प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उनके विकास के लिये प्रणाली, प्रक्रिया और संरचना
   - उत्तराधिकार की योजना
2. बैंक के सभी स्टाफ पर लागू होने वाली निष्पादन प्रबंधन प्रणाली का विकास
   - प्रमुख दायित्व क्षेत्रों का पारदर्शी निष्पादन आकलन
   - सभी स्टाफ को विकास संबंधी फीडबैक प्रणाली देना
3. बैंक की रणनीति और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप एचआर नीतियों को सुव्यवस्थित करना
   - पुरस्कार व प्रोत्साहन
   - पदोन्नति
   - तैनाती
4. प्रशिक्षण
   - विशिष्ट कारोबारी कौशल प्रशिक्षण
   - सभी स्टाफ सदस्यों को सामान्य प्रशिक्षण/ पुनश्चर्या
5. एचआर संबंधी सभी कार्यों का आईटी स्वचालन

5.7.3 एचआरएससीबी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, अध्यक्ष #	3	3
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	3
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	4	4
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	4	4
डॉ. आर.एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	4	4
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	4	2

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.8 हितधारकों की संबंध समिति (एसआरसी)

5.8.1 संघटन :

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के अनुक्रम में कार्यपालक निदेशकों एवं तीन गैर-कार्यपालक निदेशकों की बोर्ड की स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी) गठित की गयी है.

डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर- कार्यपालक निदेशक समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.8.2 कार्य :

यह समिति बैंक के प्रतिभूति धारकों की शेयर अंतरण, रिफंड आदेश, शेयर प्रमाण पत्र, लाभांश आदि की अप्राप्ति के संबंध में शिकायतों का अनुश्रवण करती है.

5.8.3 एसआरसी बैठकों में उपस्थिति:

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, समिति के अध्यक्ष	4	4
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	3
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	4	4
डॉ. आर.एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	2	2
श्री जी.के.लाठ, शेयरधारक निदेशक	2	2
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	2	1

5.8.4 अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 6 के अनुक्रम में श्री दीपक डी. संघवी को उनके सेवानिवृत्ति 30.11.2017 तक निवेशक शिकायत निवारण के लिए बैंक के अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया था. उनके सेवानिवृत्ति के पश्चात श्री मंगेश मांद्रेकर को कंपनी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया एवं निवेशक शिकायत निवारण के लिए बैंक के अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया.

5.8.5 वर्ष 2017-18 के दौरान शेयरधारकों की शिकायतों का विवरण

31.03.2018 को समाप्त वित्त वर्ष की तुलना में 31.03.2017 को समाप्त वित्त वर्ष में प्राप्त, निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों की संख्या प्रदर्शित करने वाली तुलनात्मक तालिका निम्नानुसार है:-

विवरण		31.03.18 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए	31.03.17 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए
ए.	वर्ष के प्रारम्भ में शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	0	2
बी.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या	231	249
सी.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों की निस्तारित की गयी शिकायतों की संख्या	231	251
डी.	वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	0	0

5.9 आईटी रणनीति समिति (आईटीएससी)

5.9.1 संघटन

आईटी सुशासन उपायों के एक भाग के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बोर्ड को आईटी पर रणनीतिक मार्गदर्शन देने और बोर्ड की ओर से आईटी निवेश की समीक्षा के लिए आईटी रणनीति समिति बनाने की संस्तुति की है. समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- कार्यपालक निदेशकगण
- सरकार द्वारा नामित निदेशक (28.09.2017 से समिति में शामिल)
- दो गैर-कार्यपालक निदेशक जिसमें से एक स्वतंत्र निदेशक होगा
- एक बाहरी आईटी विशेषज्ञ
- मुख्य सूचना अधिकारी (बैंक के आईटी कार्यों के प्रमुख, महाप्रबंधक)

डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.9.2 कार्य

- आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों का अनुमोदन
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया बनाई है.
- यह पुष्टि करना कि कारोबारी रणनीति वास्तव में आईटी रणनीति के साथ संयोजित है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी की संगठनात्मक-संरचना, कारोबारी मॉडल और इसकी दिशा के अनुरूप है.
- सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने कारोबार बढ़ाने में आईटी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया एवं पद्धति का पालन किया है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी में निवेश जोखिम और लाभ के संतुलन के अनुरूप रहें और बजट स्वीकार करने योग्य हों.
- रणनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों का प्रयोग तय करने के लिए प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त उपायों का अनुश्रवण और आईटी संसाधनों के स्रोत और उपयोग के बारे में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन देना.
- बैंक के सुस्थिर विकास के लिए आईटी निवेश में उचित संतुलन सुनिश्चित करना.
- आईटी जोखिम और नियंत्रणों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करना और अनुश्रवण के लिए प्रबंधन की तैयारी का मूल्यांकन करना.
- आईटी रणनीतियों के कार्यान्वयन में वरिष्ठ प्रबंधन के निष्पादन का मूल्यांकन करना.
- उच्च स्तरीय नीति संबंधी मार्गदर्शन (उदाहरणार्थ-जोखिम, फंडिंग या प्राप्ति स्रोत संबंधी)
- यह पुष्टि करना कि आईटी या कारोबारी संरचना इस प्रकार बनायी गयी है जिससे आईटी से अधिकतम कारोबारी लाभ प्राप्त हो.
- बैंक स्तर पर आईटी पर व्यय होने वाली समग्र राशि का पर्यवेक्षण और यह पता करना कि प्रबंधन के पास आईटी जोखिम के लिए संसाधन हैं.
- आईटी के कामकाज और कारोबार में इसके योगदान की समीक्षा (अर्थात् वायदे के अनुरूप लाभ मिल रहा है)
- आईटी आपदा प्रबंधन के लिए तंत्र स्थापित करना.
- बैंक के डिजिटल लेनदेनों को बढ़ाने के लिए तत्संबंधी परामर्श, दिशानिर्देश एवं अनुश्रवण हेतु डिजिटल लेनदेन पर बोर्ड स्तरीय उप समिति के रूप में कार्य करने के लिए.

5.9.3 आईटीएससी बैठकों में उपस्थिति:

2017-18 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुईं और उसमें निम्नलिखित उपस्थिति रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक, समिति के अध्यक्ष	4	4
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	4	3
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	4	3
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	2	0
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2

5.10 नामांकन समिति (एनसी)

5.10.1 संघटन:

भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के रूप में चयनित किए गए व्यक्तियों द्वारा पूरे किए जाने के लिए विशिष्ट ''योग्य

एवं उपयुक्त'' मानदंड निर्धारित किए हैं. उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने शेयरधारक निदेशकों की योग्य एवं उपयुक्त स्थिति के निर्धारण हेतु समुचित सावधानी प्रक्रिया करने के लिए नामांकन समिति का गठन किया है, जिसमें तीन गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल किये गए हैं.

5.10.2 कार्य:

- समुचित सावधानी के कार्य की जिम्मेदारी लेना और चयनित शेयरधारक निदेशकों की ''योग्य एवं उपयुक्त'' स्थिति की जांच करना.
- यह देखना कि क्या किसी मानदंड यथा (i) शैक्षिक योग्यता (ii) अनुभव एवं क्षेत्र की विशेषज्ञता (iii) ट्रैक रिकॉर्ड एवं सत्यनिष्ठा का गैर-अनुपालन वर्तमान चयनित निदेशक/प्रस्तावित उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्तव्यों को निभाने में रुकावट तो पैदा नहीं करता है. इसके अतिरिक्त, किसी प्राधिकार/नियामक एजेंसी के बारे में प्रतिकूल सूचना या दिवालियापन अथवा किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्था से किसी ऋण में चूक की सूचना उम्मीदवार को बैंक के बोर्ड में निदेशक होने के लिए अयोग्य एवं अनुपयुक्त कर देगी.
- हस्ताक्षरित घोषणा के आधार पर यह समिति उम्मीदवार को स्वीकार करने या न करने का निर्णय करे और आवश्यक समझे जाने पर उपयुक्त प्राधिकारी/ व्यक्तियों से संदर्भ प्राप्त करें ताकि इन अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके.

5.10.3 एनसी बैठकों में उपस्थिति:

2017-18 के दौरान समिति की 1 बैठक हुई और उसमें निम्नलिखित उपस्थिति रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक, समिति के अध्यक्ष	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	1	1
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1

श्री केवल हांडा, बैंक के गैर कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक हैं, जो वर्तमान में समिति के अध्यक्ष हैं.

5.11 पारिश्रमिक समिति (आरसी)

5.11.1 संघटन:

भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पूर्णकालिक निदेशकों को कार्य निष्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की एक योजना घोषित की है. भारत सरकार की सूचना के अनुसार बोर्ड की एक उप समिति बनाई गई है, जिसे ''पारिश्रमिक समिति'' कहा गया है. समिति के गठन में निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया है:

- सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक
- दो अन्य निदेशक

5.11.2 कार्य:

भारत सरकार के उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को दिए जाने वाले कार्यनिष्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहनों का निर्धारण करना.

5.11.3 आरसी बैठकों में उपस्थिति

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक. एफ.नं.12/1/2014-बीओए दिनांक 18.08.2015 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2015-16 से सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के बोर्ड के पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन हेतु प्रमुख कार्यनिष्पादन संकेतक में परिवर्तन किया गया है तथा विस्तृत कार्यनिष्पादन मूल्यांकन मैट्रिक्स के आधार पर सचिव (वित्तीय सेवाएँ) की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पूर्णकालिक निदेशकों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा. इसलिए वित्तीय वर्ष 2015-16 से बैंक के पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किए जाने वाले कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन को तय करने में पारिश्रमिक समिति की अब कोई भूमिका नहीं है. अत: वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक नहीं हुई.

5.12 निदेशकों की पदोन्नति समिति (डीपीसी)

5.12.1 संघटन:

भारत सरकार ने अपने पत्रांक एफ.नं.4/3/1/2012-आईआर दिनांक 08.12.2016 द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों को बोर्ड की सहमति से पदोन्नति प्रक्रिया के लिए चयन समिति की संरचना तय करने की स्वायत्तता प्रदान की है. बोर्ड निदेशकों ने समिति के गठन को निम्नानुसार अनुमोदित किया है-

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- एचआर पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाले कार्यपालक निदेशक
- डोमेन जानकारी रखने वाले दो बाहरी विशेषज्ञ (स्वतंत्र सदस्य)

दिनांक 27.02.2018 को निम्नानुसार समिति का पुनर्गठन किया गया

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा अनुमोदित एचआर पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाले कार्यपालक निदेशक या सरकार द्वारा नामित निदेशक
- डोमेन जानकारी वाले एक बाहरी विशेषज्ञ
- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा अनुमोदित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया या भारतीय रिज़र्व बैंक से सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक के अलावा किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंक के सीएमडी/ईडी/एमडी एवं सीईओ के पद से सेवानिवृत्त एक अतिरिक्त स्वतंत्र सदस्य.

5.12.2 कार्य:

यह समिति उच्च कार्यपालक ग्रेड स्केल VII में पदोन्नति के लिए अभ्यर्थियों का चयन करने के साथ-साथ उच्च प्रबंधन वर्ग वेतनमान VII में चयन/अनुमोदन न होने पर अधिकारियों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार करती है और उच्च कार्यपालक ग्रेड में अधिकारियों की सेवाएं जारी रखने संबंधी मामलों पर निर्णय लेती है.

5.12.3 डीपीसी बैठकों में उपस्थिति:

2017-18 के दौरान समिति की एक बैठक हुई और उसमें निम्नलिखित उपस्थिति रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	1	1
डोमेन जानकारी वाले एक बाहरी विशेषज्ञ	1	1
अतिरिक्त स्वतंत्र सदस्य	1	1

5.13 अनुशासनिक कार्यवाही समिति-सतर्कता/ गैर-सतर्कता (डीपीसी-V)

5.13.1 संघटन:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने बैंक की अनुशासनिक कार्यवाही समिति-सतर्कता/गैर सतर्कता को यह निर्देश दिया है कि अर्ध वार्षिक आधार पर सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों व विभागीय जांच की समीक्षा की जानी चाहिए. इस समिति में निम्न सदस्य हैं:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक
- भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक

5.13.2 कार्य:

यह समिति सतर्कता, गैर-सतर्कता संबंधी अनुशासनात्मक मामलों और विभागीय जांचों की समीक्षा करती है.

5.13.3 डीपीसी-V बैठकों में उपस्थिति

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 2 बैठकें संपन्न हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामित निदेशक	2	2
श्री अनिल कुमार मिश्रा, भारिबैं द्वारा नामित निदेशक	2	2

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.14 बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)

5.14.1 संघटन:

इस समिति में कार्यपालक निदेशकों, मुख्य अनुपालन अधिकारी/ मुख्य वित्तीय अधिकारी और महा प्रबंधक/उप महा प्रबंधक/सहायक महा प्रबंधक-बोर्ड सचिव शामिल हैं.

5.14.2 कार्य:

बैंक ने शेयरों के शीघ्र अंतरण के लिए निदेशक मंडल की शेयर अंतरण समिति गठित की है, जिसे शेयरों के अंतरण, प्रेषण, डीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने आदि की पुष्टि के अधिकार दिये गये हैं.

5.14.3 एसटीसीबी बैठकों में उपस्थिति:

वर्ष के दौरान, समिति ने शेयरों के अंतरण, प्रेषण, डीमैट एवं डुप्लीकेट शेयर जारी करने इत्यादि पर कार्रवाई करने के लिए 35 बैठकें आयोजित की.

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक, समिति के अध्यक्ष	35	29
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	35	32
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	35	33
पदवार उपस्थिति		
मुख्य वित्तीय अधिकारी	3	3
मुख्य अनुपालन अधिकारी	32	26
महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक-बोर्ड सचिव	35	32

5.15 असहयोगी उधारकर्ता के रूप में वर्गीकरण पर बोर्ड की समीक्षा समिति (आरसीएनसीबी)

5.15.1 संघटन:

अनुमोदन समिति द्वारा पारित असहयोगी उधारकर्ता के वर्गीकरण पर आदेशों की समीक्षा करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों पर उधारकर्ता के असहयोगी उधारकर्ता के रूप में वर्गीकरण पर बोर्ड की समीक्षा समिति का गठन किया गया है. समिति में शामिल हैं :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- दो स्वतंत्र निदेशक (शेयरधारक निदेशक)

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं, जो वर्तमान में समिति के अध्यक्ष हैं.

5.15.2 कार्य :

- समिति, अनुमोदन समिति के आदेशों की समीक्षा करेगी, अर्थात कार्यपालक निदेशक के नेतृत्व वाली समिति द्वारा उधारकर्ता की

रिकार्डिंग असहयोगी के रूप में किये जाने पर बोर्ड की समीक्षा समिति द्वारा पुष्टि होने के बाद ही यह आदेश अंतिम होगा.

- सीआरआईएलसी को प्रस्तुत तिमाही रिटर्न की समीक्षा.
- छमाही आधार पर असहयोगी उधारकर्ताओं की स्थिति की समीक्षा यह सुनिश्चित करने के लिए करना कि क्या बोर्ड को प्रस्तुत करने से पूर्व ऋण अनुशासन रिटर्न व सहकारी व्यवहार द्वारा उनके नाम को अवर्गीकृत किया जा सकता है.

5.15.3 आरसीएनसीबी बैठकों में उपस्थिति:

आवश्यकता के अनुसार बैठक का आयोजन किया जाता है. चूँकि इस संबंध में कोई आवश्यकता नहीं रही, अत: वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई.

5.16 बैंक के जानबूझकर चूककर्ताओं पर समीक्षा समिति (आरसीडब्ल्यूडीबी)

5.16.1 संघटन:

जानबूझकर चूककर्ताओं पर भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक में जानबूझकर चूककर्ताओं पर समीक्षा समिति का गठन किया गया है. समिति में शामिल हैं:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- दो स्वतंत्र निदेशक (शेयरधारक निदेशक)

5.16.2 कार्य :

जानबूझकर चूककर्ता के रूप में उधारकर्ताओं के वर्गीकरण पर कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा समीक्षा व पारित आदेश की पुष्टि.

5.16.3 आरसीडब्ल्यूडीबी बैठकों में उपस्थिति:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	4	4
डॉ. आर.एच. ढोळकिया, शेयरधारक निदेशक	5	5
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	2	2
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	3	3

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.17 शेयरधारक निदेशकों के चुनाव पर निर्णय के लिए बोर्ड की समिति- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान (सीईएसडी)

5.17.1 संघटन:

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थानों सहित अन्य कंपनियों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के इक्विटी शेयर धारण करते हैं. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अन्य कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों व वित्तीय संस्थाओं के शेयरधारक निदेशक के चुनाव में उम्मीदवारों का समर्थन करने पर निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में बोर्ड की एक समिति का गठन करना होता है. समिति में शामिल हैं :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशक
- बोर्ड द्वारा नामित दो अन्य सदस्य

5.17.2 कार्य:

सभी बिन्दुओं अर्थात विभिन्न उम्मीदवारों की शिक्षा, अनुभव, प्रोफाइल एवं पृष्ठभूमि सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के उपरांत चुनाव में उम्मीदवारों का समर्थन करने पर एक निर्णय लिया जाएगा. इसके साथ ही, पीएसबी के शेयरधारक निदेशक के चुनाव के मामलों में विभिन्न क्षेत्रों में बैंक के संदर्भ में आवश्यक विशेषज्ञता को भी ध्यान में रखा जाएगा.

5.17.3 सीईएसडी बैठकों में उपस्थिति

आवश्यकता के अनुसार बैठक का आयोजन किया जाता है. चूँकि इस संबंध में कोई आवश्यकता नहीं रही, अत: वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई.

5.18 चुनाव विवाद समिति (ईडीसी)

5.18.1 संघटन:

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियमन, 1998 के अनुसार शेयरधारक निदेशक के चयन में योग्यता या अयोग्यता अथवा चुने जाने की घोषणा या चुनाव की वैधता आदि के विषय में कोई संदेह या विवाद होने पर उसे निर्णय के लिए चुनाव विवाद समिति के पास भेजा जायेगा. समिति में शामिल होंगे :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक
- बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप - धारा (3) के खण्ड (बी) और (सी) के तहत नामित कोई दो निदेशक.

5.18.2 कार्य:

चुनाव विवाद समिति, आवश्यकता के अनुसार जांच करेगी और यदि यह पाती है कि वह चुनाव, वैध चुनाव था, तो वह घोषित चुनाव के परिणाम की पुष्टि करेगी अथवा यदि उसे लगे कि चुनाव वैध नहीं था तो तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार समिति जांच प्रारंभ होने के 30 दिनों के भीतर तदनुसार आदेश पारित करेगी, साथ नए सिरे से चुनाव कराने सहित इस प्रकार के आदेश जारी करेगी.

5.18.3 ईडीसी बैठकों में उपस्थिति:

आवश्यकता के अनुसार बैठक का आयोजन किया जाता है. चूँकि इस संबंध में कोई आवश्यकता नहीं रही, अत: वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई.

5.19 ऋण अनुमोदन समिति-I (सीएसी-I)

5.19.1 संघटन:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने ऋण अनुमोदन समिति-I का गठन किया है. हमारे बैंक में यह समिति ₹400 करोड़ तक के किसी एक ऋण प्रस्ताव तथा ₹800 करोड़ तक के समूह ऋणों के संबंध में बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करेगी और यदि ऋण इस सीमा से अधिक है, तो बोर्ड की प्रबंधन समिति इस पर विचार करेगी. सीएसी-I में निम्न शामिल हैं :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशकगण
- महाप्रबंधक प्रभारी ऋण
- महाप्रबंधक प्रभारी वित्त/मुख्य वित्त अधिकारी और
- महाप्रबंधक प्रभारी जोखिम प्रबंधन

5.19.2 कार्य:

अग्रिम से संबधित सभी मामले, जिसमें अनुमोदन/समीक्षा-नवीकरण, विविध अनुरोध, ब्याज में रियायत, समझौते/बट्टे खाते में डालने वाले प्रस्ताव, जो इसके प्रत्यायोजन अधिकारों में आते हैं, सीएसी-I में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये जाते हैं.

5.19.3 सीएसी-I की बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 26 बैठकें आयोजित की गई और उनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष #	6	6
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	20	20
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	26	20
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	26	25
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	26	23
पदवार उपस्थिति		
महाप्रबंधक प्रभारी ऋण	26	26
महाप्रबंधक प्रभारी वित्त / सीएफओ	26	24
महाप्रबंधक प्रभारी जोखिम प्रबंधन	26	26

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.20 पूंजीगत निधियों की उगाही के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीईएफ)

5.20.1 संघटन:

बोर्ड द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार पूंजीगत निधियों की उगाही के लिए आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति की दृष्टि से समिति का गठन किया गया है. समिति में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा कार्यपालक निदेशकगण भी शामिल हैं.

5.20.2 कार्य:

समिति को पूंजीगत निधियों की उगाही हेतु आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करने तथा ऐसे सभी कार्य, कृत्य करने तथा विषय एवं मामले निपटाने, जो उसके सम्पूर्ण विवेकाधिकार के अनुसार आवश्यक, उचित एवं अपेक्षित है, करने के लिए प्राधिकार है. लेकिन यह बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय एवं सेबी विनियमन के अधीन प्रदत्त अनुसार प्रमात्रा एवं माध्यम, ट्रांच की संख्या, कीमत या कीमतें, डिस्काउंट/प्रीमियम, कर्मचारियों, ग्राहकों, वर्तमान शेयरधारकों और/या अन्य किसी व्यक्ति को आरक्षण देने तथा ऐसे निर्गम(मों) का समय निर्धारण, अपने विवेकाधिकार पर निर्गम की शुरुआत करने के लिए प्रतिबंधित नहीं हैं. बशर्ते कि यह लागू नियमों एवं विनियमन तथा भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अध्यधीन है.

5.20.3 सीडीआरसीएफ बैठकों में उपस्थिति:

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 9 बैठकें आयोजित की गई और उनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष #	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष #	8	8
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	9	9
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	9	9
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	9	5

दिनांक 30.06.2017 तक श्री अरुण तिवारी इस समिति के अध्यक्ष रहे और तदुपरांत श्री राजकिरण रै जी., को इस समिति का अध्यक्ष चुना गया.

5.21 कॉर्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी समिति (सीएसआरसी)

कॉर्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी समिति का उद्देश्य बोर्ड तथा बैंक के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पन्सिबिलिटी समिति को पूरा करने में सहायता करना है.

5.21.1 संघटन:

समिति में निम्नलिखित शामिल है:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशकगण
- बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(एच) के तहत नामित कोई एक अंश-कालिक गैर-सरकारी निदेशक

- बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3) (आई) के तहत चुने गए एक शेयरधारक निदेशक

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हैं, जो वर्तमान में समिति के अध्यक्ष हैं.

5.21.2 कार्य:

- निदेशक मण्डल को सीएसआर नीति तैयार कर अनुशंसित किया जाना एवं आगे की जाने वाली गतिविधियों का संकेत करना.
- परियोजनाओं का अनुमोदन सीएसआर नीति के तहत समिति द्वारा अनुमोदित यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट या अन्य ऐसी इकाई/संस्था के माध्यम से किया जाना चाहिए.
- महाप्रबंधक/कार्यपालक निदेशक/प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा उन्हें प्रत्यायोजित प्राधिकारों के प्रयोग की समीक्षा तिमाही आधार पर करना. यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्य निष्पादन का तिमाही आधार पर समीक्षा करना.

5.21.3 सीएसआरसी बैठकों में उपस्थिति:

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 3 बैठकें आयोजित की गई और उनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, समिति के अध्यक्ष	3	3
श्री विनोद कथूरिया, कार्यपालक निदेशक	3	3
श्री राज कमल वर्मा, कार्यपालक निदेशक	3	2
श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक	3	3
डॉ. के. रमेश, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	3	3
श्री जी.के. लाठ, शेयरधारक निदेशक	3	3

6. साधारण सभा की बैठकें:

पिछले 3 वर्षों के दौरान आयोजित शेयरधारकों की साधारण बैठकों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

बैठक का स्वरूप	दिनांक एवं समय	स्थान	विशेष संकल्प
बारहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	27 जून, 2014 प्रात: 11.00 बजे	रामा वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	1. ₹192.83 के प्रीमियम पर ₹202.83 की दर से ₹111 करोड़ के कुल 11.10 करोड़ पीएनसीपीएस (पर्पेचुयल नॉन-संचयी अधिमानी शेयर) शेयरों को परिवर्तन के द्वारा वरीयता आधार पर भारत सरकार को 54,72,563 इक्विटी शेयर जारी करना. 2. अर्हता प्राप्त संस्थागत नियोजन के माध्यम से ₹1,386 करोड़ से अधिक राशि के इक्विटी शेयर जारी करना.
तेरहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	26 जून, 2015 प्रात: 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	1. एफपीओ/राइट्स/क्यूआईपी आदि के माध्यम से ₹3,700 करोड़ तक (प्रीमियम सहित यदि कोई हो) पूंजी में वृद्धि करना. 2. बैंक के शेयरधारकों में से केंद्र सरकार के अलावा तीन निदेशकों का चुनाव करना.
असाधारण सामान्य बैठक	18 सितम्बर, 2015 प्रात: 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	₹199.05 प्रीमियम के साथ ₹209.05 की दर पर एवं कुल मिलाकर ₹1080 करोड़ तक के 5,16,62,281 इक्विटी शेयर जारी करना.
चौदहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	27 जून, 2016 प्रात: 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, विद्यासागर,प्राचार्य के.एम. कुंदनानी चौक, 124, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	ऑफर दस्तावेज़/प्रोस्पेक्टस या ऐसे अन्य दस्तावेज़ के द्वारा भारत या विदेश में एफपीओ/राइट्स/क्यूआईपी आदि के जरिए ₹3200 करोड़ (प्रीमियम सहित यदि कोई हो) तक इक्विटी शेयर के लिए पूंजी में वृद्धि करना.
असाधारण सामान्य बैठक	23 फरवरी, 2017 प्रात: 11.00 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, विद्यासागर, प्राचार्य के.एम.कुंदनानी चौक, 124, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	1. ₹128.76 के प्रीमियम सहित ₹138.76 की दर से ₹541 करोड़ के नकदी आधार पर कुल 3,89,88,181 इक्विटी शेयर वरीयता आधार पर भारत सरकार को जारी करना. 2. ₹128.76 के प्रीमियम सहित ₹138.76 की दर से ₹180 करोड़ के नकदी आधार पर कुल 1,29,72,038 इक्विटी शेयर वरीयता आधार पर भारत सरकार को जारी करना.

पंद्रहवीं वार्षिक सामान्य बैठक	23 जून, 2017 प्रात: 11.30 बजे	रामा एंड सुंदरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के सी कॉलेज, विद्यासागर,प्राचार्य के.एम.कुंदनानी चौक, 124, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुम्बई-400 020.	ऑफर दस्तावेज़/ प्रोस्पेक्टस या ऐसे अन्य दस्तावेज़ के द्वारा भारत या विदेश में एफपीओ/राइट्स/क्यूआईपी/अधिमानी आबंटन आदि के जरिए ₹4950 करोड़ (प्रीमियम सहित यदि कोई हो) तक इक्विटी शेयर के लिए पूंजी में वृद्धि करना.
असाधारण सामान्य बैठक	16 मार्च, 2018 प्रात: 11.00 बजे	वाई. बी. चव्हाण ऑडिटोरियम, जनरल जगन्नाथ भोसले मार्ग, मंत्रालय के विपरीत, नरीमन पॉइंट, मुंबई, महाराष्ट्र-400 021.	₹134.62 के प्रीमियम सहित ₹144.62 की दर से ₹4524 करोड़ के नकदी आधार पर कुल 31,28,19,803 इक्विटी शेयर वरीयता आधार पर भारत सरकार को जारी करना.

7. प्रकटन:

बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियमन 2015 तथा भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार और सेबी द्वारा जारी दिशानिदेशों/ परिपत्रों से बैंक संचालित होता है.

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियमन 2015 के अनुसार कार्पोरेट गवर्नेंस के प्रावधान उन सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों पर, जो कंपनी नहीं हैं, परंतु अन्य अधिनियमों के अंतर्गत निगमित कार्पोरेट निकाय हैं, पर उस सीमा तक ही लागू होंगे कि वह उनके संबंधित अधिनियमों और नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन न करता हो.

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह घोषणा की जाती है कि बैंक सभी लागू अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. उक्त खंड के अंतर्गत गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं से संबंधित अनुपालन की जानकारी भी इस रिपोर्ट में दी गई है. खंड द्वारा निर्धारित अन्य प्रकटन अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं:

7.1 निदेशकों का पारिश्रमिक:

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा कार्यपालक निदेशकों को भारत सरकार द्वारा इस प्रयोजन से बनाये गये नियमों के अनुसार पारिश्रमिक का भुगतान और यात्रा व्ययों एवं विराम व्ययों की प्रतिपूर्ति की जाती है. पूर्णकालिक कार्यपालकों की नियुक्ति के अन्य नियम एवं शर्तें राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 8 के अनुसार हैं, जिनके विस्तृत विवरण लेखों की टिप्पणियों में दिए गए हैं.

बैठक शुल्क (फीस):

बैठक में भाग लेने की फीस का निर्धारण राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के खंड 17(1)/16(1) की शर्तों के अनुसार किया जाता है. तदनुसार, सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक को छोड़कर, सभी गैर कार्यकारी निदेशकों को सरकार की अधिसूचना क्र.15/1/2011-बीओ.I दिनांक 20-07-2015 के अनुसार, बैठकों के लिए फीस का भुगतान किया जाता है.

बोर्ड की बैठकें	-	₹20,000/- प्रति बैठक.
समिति की बैठकें	-	₹10,000/- प्रति बैठक.

उक्त जानकारी बैंक की वेब साइट पर भी, निम्न लिंक के तहत उपलब्ध है :

http ://www.unionbankofindia.co.in/english/Making-payment.aspx

यात्रा एवं विराम भत्ता:

अपने लिये पात्र फीस के अतिरिक्त बैंक के कार्य से यात्रा करने वाले प्रत्येक निदेशक को राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 खंड 17 की शर्तों के अनुसार यात्रा व्यय एवं विराम व्यय, यदि कोई हो, का समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित दर से भुगतान किया जायेगा.

7.2 महत्वपूर्ण लेनदेन एवं आर्थिक संबंधों का प्रकटन:

बैंकिंग कारोबार की सामान्य प्रक्रिया के अतिरिक्त, बैंक ने बड़े स्तर पर बैंक के हितों की संभाव्य प्रतिकूलता को ध्यान में रखते हुए कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं किया है, जो बैंक के हितों के विपरीत हो.

बैंक में यह स्थापित प्रथा है कि बोर्ड या बोर्ड की उप-समितियों की उन बैठकों में वे निदेशक भाग नहीं लेते हैं जिनमें उनके या उनके रिश्तेदारों/ फर्मों/कंपनियों के हितों से संबंधित मामलों पर चर्चा होती है.

7.3 आर्थिक संबंध या लेनदेन का प्रकटन:

बैंक के गैर-कार्यपालक निदेशकों का सामान्य बैंकिंग कारोबार लेनदेन तथा बोर्ड एवं समिति की बैठकों हेतु उन्हें प्रदत्त बैठक फीस के अलावा उनका बैंक के साथ कोई आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं है.

7.4 सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमानी निर्गमों आदि के आगम:

बैंक ने 16.03.2018 को आयोजित विशेष सामान्य बैठक में अधिमानी आधार पर भारत सरकार को ₹4524 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों के आबंटन के लिए शेयरधारकों से अनुमति प्राप्त की है. बैंक को भारत सरकार से 27.03.2018 को ₹4524 करोड़ कैपीटल इंफ्यूशन शेयर आवेदन राशि के रूप में प्राप्त हुई है. तदनुसार, बैंक ने ₹10 प्रति शेयर अंकित मूल्य वाले ₹134.62 के प्रीमियम सहित ₹144.62 की दर से नकदी आधार पर कुल 31,28,19,803 (इकतीस करोड़ अठाइस लाख उन्नीस हजार आठ सौ तीन) इक्विटी शेयर वरीयता आधार पर भारत सरकार को जारी कर आबंटित किया.

बैंक ने समय-समय पर प्रोमिसरी नोट (टियर I एवं II पूंजी) के स्वरूप में प्रतिभूति-रहित अपरिवर्तनीय बॉण्ड जारी किए हैं. रिपोर्ट के अनुच्छेद 9.1 में संबंधित ब्यौरा का उल्लेख किया गया है.

7.5 दंड या आक्षेप :

गत 3 वर्षों के दौरान बैंक पर स्टॉक एक्सचेंज, सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर कोई अर्थदंड या आक्षेप नहीं लगाया गया है.

7.6 व्हिसिल ब्लोअर नीति :

बैंक ने गुप्त सूचना नीति लागू की है और इसे निम्न लिंक पर देखा जा सकता है :

https ://www.unionbankofindia.co.in/PageMenuDocs/whistleblowerpolicy.pdf.

लेखापरीक्षा समिति उक्त नीति के कार्य की आवधिक रूप से समीक्षा करती है. इसके अतिरिक्त, यह भी निर्दिष्ट किया जाता है कि किसी भी कर्मचारी को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने से रोका नहीं गया है.

7.7 महत्वपूर्ण सहायक निर्धारण की नीति:

सेबी (सूचीयन बाध्यता और प्रकटन अपेक्षा) विनियम 2015 के विनियम 46(2)(एच) के अनुपालन में बैंक ने प्रमुख सहायक निर्धारण की नीति निरुपित की है तथा इस तक निम्नलिखित लिंक के द्वारा पहुंचा जा सकता है.

https://www.unionbankofindia.co.in/pagemenudocs/MaterialSubsidiaryPolicy.pdf

हालाकि आज की तारीख में बैंक की कोई प्रमुख सहायक नहीं है.

7.8 संबंधित पक्ष संव्यवहार नीति:

बैंक द्वारा संबंधित पक्ष संव्यवहारों के निपटान हेतु संबंधित संव्यवहार नीति निरुपित की गयी है. इस तक निम्नलिखित लिंक के द्वारा पहुंचा जा सकता है.

https://www.unionbankofindia.co.in/pagemenudocs/RelatedPartyTransactionPolicy.pdf

7.9 प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण:

इसे वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है.

7.10 कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर अनुपालन रिपोर्ट

बैंक ने संबंधित तिमाही की समाप्ति के 15 दिन के भीतर कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर तिमाही रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में बीएसई एवं एनएसई को प्रस्तुत किया.

7.11 वेबसाइट पर जानकारी का प्रचार

बैंक ने सूचियन विनियम के उप-विनियम 46 के खंड (बी) से (आई) तक के अधीन आवश्यक जानकारी को अपने वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर प्रदर्शित किया हैं.

8 संप्रेषण के साधन

बैंक के तिमाही, छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम बिजनेस स्टैन्डर्ड (अंग्रेजी) सहित फ्री प्रेस जर्नल (अंग्रेजी), नवभारत (हिंदी), नवशक्ति (मराठी) आदि अग्रणी समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए हैं. ये परिणाम बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी दर्शाये गये हैं. इसी प्रकार बैंक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति, संबंधित प्रस्तुतियां, शेयरधारकों का पैटर्न आदि भी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये हैं.

9. शेयरधारकों की सूचना

9.1 बैंक के इक्विटी शेयर बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया में सूचीबद्ध हैं तथा इसका स्क्रिप कोड निम्नानुसार है: -

बीएसई लिमिटेड (बीएसई)	532477
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)	UNIONBANK-EQ

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान दोनों शेयर एक्सचेंज को 30 अप्रैल, 2018 से पूर्व कर दिया गया है.

बैंक ने समय-समय पर प्रॉमिजरी नोट (टियर I एवं II पूंजी) के रूप में अरक्षित गैर परिवर्तनीय-बांड जारी किए हैं. 31 मार्च 2018 को तत्संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है:

शृखंला	मात्रा (₹करोड़ में)	आबंटन की तिथि	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
बॉण्ड सिरीज़ XI- प्रथम खंड (लोअर टियर II)	400	12.12.2007	12.04.2018	9.35% पर स्थिर	आईएनई692ए09134
बॉण्ड सिरीज़ XII (परपेचुयल)	200	09.09.2008	स्थाई	11.15% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 11.65% तक यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09159
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	400	17.09.2008	17.09.2018	10.95% पर स्थिर	आईएनई692ए09167
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	200	23.12.2008	23.12.2018	9.50% पर स्थिर	आईएनई692ए09175
बॉण्ड सिरीज़ XII (लोअर टियर II)	200	30.12.2008	30.12.2018	8.60% पर स्थिर	आईएनई692ए09183
बॉण्ड सिरीज़ XII (परपेचुयल)	140	30.03.2009	स्थाई	9.10% 10वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.60% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09191
बॉण्ड सिरीज़ XIV-ए (परपेचुयल)	200	16.06.2009	स्थाई	8.85% 10वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.35% यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09209
बॉण्ड सिरीज़ XIV-बी (अपर टियर II)	500	25.06.2009	15 वर्ष 25.06.2024	8.65% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 9.15%, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09217
बॉण्ड सिरीज़ XIV-सी (अपर टियरII)	500	27.01.2010	15 वर्ष 27.01.2025	8.55% 10 वर्ष तक, 10वर्ष के उपरांत 9.05% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09225
बॉण्ड सिरीज़ XV-ए (अपर टियर II)	500	28.06.2010	15 वर्ष 28.06.2025	8.48% 10 वर्ष तक, 10 वर्ष के उपरांत 8.98% तक, यदि मांग विकल्प का उपयोग न किया गया हो	आईएनई692ए09233

शृखंला	मात्रा (₹करोड़ में)	आबंटन की तिथि	परिपक्वता तिथि	कूपन दर % (प्र.व.)	आईएसआईएन नं.
बॉण्ड सिरीज़ XVI-बी (लोअर टियर II)	800	28.12.2012	28.12.2022	8.90%	आईएनई692ए09241
बॉण्ड सिरीज़ XVII-ए (बासल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	2000	22.11.2013	22.11.2023	9.80%	आईएनई692ए09266
बॉण्ड सिरीज़ XVIII (बासल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	1000	29.03.2016	29.03.2026	8.61%	आईएनई692ए09274
बॉण्ड सिरीज़ XIX (बासल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	1000	22.08.2016	22.08.2026	8.00% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08011
बॉण्ड सिरीज़ XX (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	1000	15.09.2016	स्थाई	9.50% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08029
बॉण्ड सिरीज़ XXI (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	1000	04.11.2016	स्थाई	9.00% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08037
बॉण्ड सिरीज़ XXII (बासल III अनुपालन टियर II बॉन्ड)	750	24.11.2016	24.11.2026	8.00%	आईएनई692ए08045
बॉण्ड सिरीज़ XXIII खण्ड-1 (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	250	29.03.2017	स्थाई	9.10% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08052
बॉण्ड सिरीज़ XXIII खण्ड-2 (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	750	30.03.2017	स्थाई	9.10% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08060
बॉण्ड सिरीज़ XXIII खण्ड-3 (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	500	31.03.2017	स्थाई	9.10% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08078
बॉण्ड सिरीज़ XXIV (बासल III अनुपालन अतिरिक्त टियर I बॉन्ड)	500	03.05.2017	स्थाई	9.08% मांग विकल्प का उपयोग आबंटन तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर या उसके उपरांत किसी भी कूपन भुगतान तारीख से परिपक्वता तक	आईएनई692ए08086
कुल	**12,790**				

ये सभी बांड राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को 2018-19 के लिए वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का अग्रिम भुगतान कर दिया है.

9.2 लाभांश

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिदेशों के अनुरूप, पूंजी पर्याप्तता अनुपात में संवर्धन हेतु लाभ बढ़ाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निदेशक मण्डल ने वर्ष 2017-18 के लिए लाभांश घोषित नहीं करने का निर्णय लिया है.

9.3 वार्षिक साधारण बैठक के विवरण

लेखों और लाभांश पर विचार विमर्श के लिए बोर्ड की बैठक	गुरूवार, 10 मई, 2018
वार्षिक साधारण बैठक की तिथि, समय और स्थान	बुधवार, दि.27 जून, 2017 को प्रात: 11.30 बजे रामा एंड सुन्दरी वाटुमल ऑडिटोरियम, के.सी.कॉलेज, दिनशा वाचा रोड, चर्चगेट, मुंबई-400 020.
वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक साधारण बैठक के नोटिस का प्रेषण	सोमवार, 4 जून, 2018 को या उसके पूर्व
बहियों के बंद रहने की तिथि	21 जून, 2018 से 27 जून, 2018
ई-वोटिंग के खुलने और बंद होने की तिथि	23 जून, 2018 से 26 जून, 2018

9.4 वित्तीय कैलेंडर

वित्तीय वर्ष 2018 -19 के वित्तीय परिणामों की घोषणा की संभावित तिथियां निम्नलिखित हैं:

वित्तीय परिणाम	घोषणा की संभावित तिथि
30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	06 अगस्त, 2018 तक
30 सितंबर, 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	06 नवम्बर, 2018 तक
31 दिसंबर, 2018 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	08 फरवरी, 2019 तक
31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम	12 मई, 2019 तक

9.5 शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशकों की शिकायतों का निवारण

बैंक यह सुनिश्चित करता है कि सभी शेयरों का अंतरण, विधिवत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करने की तिथि से 15 दिनों के अंदर कर दिया जाए. बैंक ने शेयरों के अंतरण और उनसे संबंधित मामलों पर विचार के लिए बोर्ड की शेयर अंतरण समिति बनाई है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है तथा अपने कारोबारी मॉडल में सामाजिक एवं सामुदायिक विकास हेतु विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करता है. बैंक द्वारा यूनियन बैंक सामाजिक फाउंडेशन नामक ट्रस्ट की स्थापना की गई है जो कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित क्रियाकलापों को संचालित करता है. इस ट्रस्ट के माध्यम से, बैंक विभिन्न विकासात्मक क्रियाकलापों से लोगों को सक्षम बना रहा है.

2017-18 में बैंक ने सीएसआर पर ₹5.55 करोड़ खर्च किया. रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान बैंक द्वारा सीएसआर के अंतर्गत किये गये कुछ चुनिंदा प्रयासों में निम्नलिखित भी शामिल हैं:

2017-18 में सीएसआर के अंतर्गत की गयी कुछ नयी पहल की सूची:

- बांद्रा रेलवे स्टेशन के नवीकरण हेतु दान
- रायगढ़ एवं ठाणे जिले के सरकारी स्कूलों में एजूकेशन सॉफ्टवेयर प्रदान करने हेतु दान
- जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, रीवा क्षेत्र में वॉटर टैंक के निर्माण हेतु दान
- कैंसर पीड़ित लोगों के इलाज के लिए इंडियन कैंसर सोसाइटी, मुंबई को दान

- सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, रीवा को एम्बुलेन्स की खरीद हेतु दान
- महर्षि दयानन्द कला एवं विज्ञान कॉलेज, परेल, मुंबई में शौचालय ब्लॉक के निर्माण हेतु दान
- हजारीबाग, रांची और छत्तीसगढ़ के दूरस्थ ग्रामीणों के लिए रनिंग मोबाइल मेडिकल सेवाओं हेतु दान
- नेत्रहीनों के लिए पुस्तकों की ऑडियो रिकॉर्डिंग के लिए नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड, मुंबई को दान
- उत्तर प्रदेश और बिहार में एकल विद्यालय के माध्यम से आदिवासी बच्चों के समग्र विकास हेतु भारत लोकशिक्षा परिषद को दान.
- नेत्र उपचार के लिए फेकोमल्सीफ़ीयर सिस्टम की खरीद हेतु महावीर इंटरनेशनल वेलफेयर एसोसिएशन, फ़रीदाबाद को दान.
- मरीजों के आने-जाने के लिए एम्बुलेन्स की खरीद हेतु चैतन्य साइट फ़ाउंडेशन, तिरुवनंतपुरम, केरल को दान.
- पिपलांतरी गांव, उदयपुर में गोद ली गई 300 बालिकाओं को पुस्तकें, यूनीफार्म, साइकिल आदि प्रदान किया गया.

अनुभाग सी: अन्य ब्यौरे

बैंक की तीन सहायक कंपनियां हैं (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लि., यूनियन केबीसी एसेट मेनेजमेंट कंपनी प्राईवेट लिमिटेड तथा यूनियन केबीसी ट्रस्टी कंपनी प्राईवेट लिमिटेड, एक संयुक्त उपक्रम (स्टार यूनियन दाई-ईची लाईफ इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड) तथा एक सहयोगी (काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक) है. बैंक की सहायक कंपनियों के साथ ही साथ इसके भागीदार जिम्मेदारीपूर्वक कारोबार करते हैं. बैंक अपनी सहायक कंपनियां तथा कारोबारी भागीदारों को कारोबारी उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु यथावश्यक ज्ञान तथा सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है.

अनुभाग डी: बीआर संबंधी सूचना

कारोबार उत्तरदायित्व संबंधी गवर्नेंस

कारोबार दायित्व से संबंधित नीति/नीतियों की अनुपालना हेतु जिम्मेदार निदेशक:

डीआईएन नंबर	03567831
नाम	श्री राज कमल वर्मा
पदनाम	कार्यपालक निदेशक

कारोबारी उत्तरदायित्व प्रमुख के ब्यौरे:

डीआईएन नंबर (यदि लागू हो)	लागू नहीं
नाम	श्रीमती रेखा पी नायक
पदनाम	महाप्रबंधक, वैयक्तिक बैंकिंग एवं परिचालन विभाग, केंद्रीय कार्यालय.
दूरभाष	022-22896600
ई-मेल आईडी	gm.pbod@unionbankofindia.com

कारोबार उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट के बारे में

बीआर रिपोर्ट प्रकाशित करने का यूनियन बैंक का यह छठा वर्ष है. चूंकि यह एक विनियामक आवश्यकता है, अत: इसे वार्षिक रिपोर्ट के साथ ही प्रकाशित किया जाता है. वर्तमान समय में बैंक के बीआर संबंधी कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन, बैंक की स्थायी विकास तथा सीएसआर समिति द्वारा किया जाता है. बैंक की बीआर रिपोर्ट हमारी वेबसाईट में निम्नलिखित लिंक पर देखी जा सकती है:

Main Page > Others>Policies & Disclosures

सिद्धान्त-वार (एनवीजी के अनुसार) बीआर पॉलिसी/पॉलिसियाँ (जवाब-हाँ/नहीं में)

क्र. सं.	प्रश्न	राष्ट्रीय ऐच्छिक दिशानिर्देश के सिद्धांत (एनवीजी)									
		1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	क्या सिद्धांत/तों हेतु आपकी कोई पॉलिसी/ पॉलिसियां है?	जी हां									
2	क्या पॉलिसी संबंधित स्टेकहोल्डरों के परामर्श से तैयार की जाती है?	जी हाँ									
3	क्या आपकी पॉलिसी किन्हीं राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं? यदि हाँ तो उल्लेख करें? (50 शब्द)	जी हाँ, बैंक की स्थायी विकास एवं सीएसआर नीति, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कारोबारी सामाजिक, पर्यावरणीय तथा आर्थिक उत्तरदायित्वों के संबंध में जारी किये गये राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशानिर्देशों पर आधारित है.									
4	क्या नीति का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा किया गया है? यदि हाँ तो क्या यह प्रबंध निदेशक/स्वामी/ सीईओ/ सक्षम निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है	जी हाँ, स्थायी विकास एवं सीएसआर नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित व प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है.									
5	नीति के कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण के लिए क्या निदेशक मंडल की कोई समिति/निदेशक या कोई अधिकारी है?	जी हाँ									
6	इस नीति को ऑनलाईन देखने के लिए लिंक बतायें?	Main Page > Others > Policies & Disclosures									
7	क्या नीति को औपचारिक रूप से आंतरिक तथा बाह्य स्टेकहोल्डरों में परिचालित किया गया है?	जी हाँ, पॉलिसी वेब साईट पर अपलोड की गई है. तथापि, पॉलिसी के संबंध में जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.									

क्र. सं.	प्रश्न	राष्ट्रीय ऐच्छिक दिशानिर्देश के सिद्धांत (एनवीजी)									
		1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
8	क्या पॉलिसी/पॉलिसियां लागू करने के लिये इन-हाउस व्यवस्था है?	जी हाँ									
9	क्या बैंक में स्टेकहोल्डरों की पॉलिसी/पॉलिसियां संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु कोई प्रणाली है?	जी हां									
10	क्या पॉलिसी के क्रियान्वयन के संबंध में बैंक द्वारा, स्वतंत्र रूप से आंतरिक या बाहरी एजेंसी द्वारा लेखापरीक्षा/ मूल्यांकन करवाया गया है?	वर्तमान समय में बैंक के बीआर संबंधी कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन एसडी तथा सीएसआर समिति द्वारा तिमाही अंतराल में किया जाता है. तथापि, आगे से आवधिक अंतरालों में बाह्य एजेंसी से भी मूल्यांकन करवाया जाएगा.									

अनुभाग ई: सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्तरदायित्व के तौर पर अपने कारोबार का परिचालन एवं विकास करने हेतु प्रतिबद्ध है. बैंक का मानना है कि जो कारोबार, नागरिकों के प्रत्यक्ष मुद्दों एवं पर्यावरण आवश्यकताओं दोनो से सरोकार रखेगा, दीर्घावधि में वही कारोबार समृद्धि करेगा.

बैंक विजन की मूल धारणा है कि इसके अपने कारोबार में वृद्धि हो, जबकि पर्यावरण प्रभावित न हो व सकारात्मक सामाजिक प्रभाव में वृद्धि हो. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विभिन्न सीआरएस कार्यक्रमों के माध्यम से इसे पूरा करने हेतु वचनबद्ध है. बैंक का लक्ष्य लोगों के स्वास्थ्य एवं उनकी समृद्धि में वृद्धि, पर्यावरणीय प्रतिकूलता को कम कर, कारोबार में वृद्धि के साथ ही उनकी आजीविका में वृद्धि में सहायता प्रदान करना है.

रिपोर्ट में राष्ट्रीय ऐच्छिक दिशानिर्देश (एनवीजी) के नौ सिद्धांतों में से, प्रत्येक के अधीन संचालित की जा रही गतिविधियों का सिंहावलोकन दिया गया है.

सिद्धांत 1- सुदृढ़ कॉर्पोरेट गवर्नेंस

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अपने कुशल गवर्नेंस पर गर्व है जो कि इसके संस्थापकों की दूर दृष्टि व वास्तव में बाद के नेतृत्वकर्ताओं ने इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए, इन वर्षो में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिंग उद्योग मे अग्रणी बनाया है. बैंक की कार्रवाई मूल्यों व सिद्धांतो के आधार पर नियंत्रित होती है, जिसे बैंक के भीतर सभी स्तर के कर्मचारियों द्वारा सुदृढ़ बनाया जाता है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने कार्यों को नीति सम्मत तथा लागू संहिता के अनुपालन के अनुरूप करते हुए सुदृढ़ कॉर्पोरेट गवर्नेंस की ओर अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है.

बैंक द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस के प्रति सिद्धान्त आधारित रवैया अपनाते हुए यह सुनिश्चित किया जाता है कि बैंक द्वारा ऐसा मजबूत एवं प्रभावी कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रदान किया जाय जिसे निवेशकों का सम्मान प्राप्त हो. कॉर्पोरेट गवर्नेंस के एक भाग के रूप में बैंक में बोर्ड के निदेशकों तथा वरिष्ठ प्रबंधन के लिए एक आचार संहिता है. यह संहिता उन सिद्धांतों का प्रतिपादन करती है जिनसे मार्गदर्शित होकर बैंक अपने बहुसंयोजक स्टेकहोल्डरों, सरकार, मीडिया, विनियामक एजेंसियों तथा उस हर घटक के साथ, जिससे बैंक जुड़ा हुआ है, के साथ अपना दैनंदिन कारोबार करता है. यह संहिता इस बात को दर्शाती है कि बैंक आम जनता के धन का मात्र ट्रस्टी एवं अभिरक्षक है तथा अपने ऊपर किये जाने वाले जनता के विश्वास एवं सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरा करता है और बैंक को व्यापक तौर पर जनता का यह विश्वास तथा भरोसा बनाये रखना होगा.

यह संहिता निम्नलिखित अपेक्षायें और आशायें करती है -

- वैयक्तिक एवं व्यवसायिक संबंधों के बीच में होने वाले वास्तविक एवं प्रत्यक्ष परस्पर विरोधों को पारदर्शी नैतिक प्रक्रियाओं के माध्यम से हल करने के दौरान ईमानदारी व नैतिकता के उच्चतम सिद्धांतों का अनुपालन.
- सरकार तथा विनियामक एजेंसियों के समक्ष आवधिक रूप से प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्टों में पूर्ण, निष्पक्ष, सही, तर्कसंगत, समयबद्ध तथा अर्थपूर्ण घोषणा.
- लागू कानूनों, नियमों और विनियमनों का अनुपालन.
- बैंक की आस्तियों और संसाधनों के दुरुपयोग एवं त्रुटिपूर्ण उपयोग को रोकना.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा "सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन :

मुंबई - 2 नवम्बर, 2017: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वाई. बी. चव्हाण ऑडिटोरियम, नरीमन पॉइंट, मुंबई में "मेरा लक्ष्य - भ्रष्टाचार मुक्त भारत" थीम पर सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन 30 अक्तूबर से 04 नवम्बर 2017 के दौरान मनाए जा रहे "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" के उपलक्ष्य में किया गया. डॉ. टी. एम. भसीन, सतर्कता आयुक्त, केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली, ने प्रतिभागियों को भ्रष्टाचार मुक्त समाज के महत्व, सरकार एवं सीवीसी द्वारा भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए उठाए गए कदम तथा इस अभियान में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर संबोधित किया. बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों जैसे एमडी एवं सीईओ/ईडी एवं अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों ने इस समारोह में भाग लिया.

- बैंक के भीतर तथा बाहर उच्चस्तरीय गोपनीयता एवं सदव्यवहार बनाए रखना.

कारोबारी सिद्धांतों की संहिता बैंक के मूल्यों का अभिवर्धित अंश है जो कारोबारी परिचालनों के दौरान बैंक की कारोबार संबंधी नैतिक प्रथाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. यह संहिता उन मानकों का भी निर्धारण करती है जो बैंक पर लागू विधिक अपेक्षाओं से संबंधित होते हैं तथा साथ ही कुछ ऐसे मामलों से संबंधित मानकों का भी निर्धारण करती है जो बैंक के कार्यक्षेत्र से बाहर होते हैं.

बैंक अपनी वार्षिक रिपोर्ट के साथ कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट भी प्रकाशित करता है. बैंक के सभी अधिकरियों/कर्मचारियों पर निम्नलिखित नीतियां लागू हैं:

- दि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (व्यवहार) विनियमन 1976
- दि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन एवं अपील) विनियमन 1976
- विभिन्न बैंक प्रबंधनों का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय बैंक संघ के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न कर्मचारी संगठनों/अधिकारी संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित द्विपक्षीय समझौता/संयुक्त नोट
- स्थायी विकास एवं कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति

विगत वर्षों के दौरान बैंक को इसकी अच्छी कॉर्पोरेट नीतियों के लिए बहुत सारे प्रतिष्ठा-पत्र एवं सम्मान मिले हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सीएमडी को
'बैंकर ऑफ द इयर' का पुरस्कार

मुंबई - 20 जून, 2017: श्री अरुण तिवारी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड - 'बैंकर ऑफ द इयर - सतत कार्यनिष्पादन' से सम्मानित किया गया. यह सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान बीएसई कन्वेन्शन हॉल, मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया.

(उपर्युक्त फोटो में बीएसई कन्वेन्शन हॉल, मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री अरुण तिवारी, प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड 'बैंकर ऑफ द इयर - सतत कार्यनिष्पादन' पुरस्कार प्राप्त करते हुए.)

यूनियन बैंक को वित्त वर्ष 2016-17 में श्रेष्ठ उभरते बैंक के रूप में आईडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नोलॉजी एक्सिलेन्स अवार्ड का विजेता घोषित किया गया

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वर्ष 2016-17 के लिए श्रेष्ठ उभरते बैंक के रूप में सम्मानित किया गया. आईडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नोलॉजी एक्सिलेन्स अवार्ड तकनीकी अभिग्रहण, उन्नयन, समावेशन एवं नवोन्मेष के क्षेत्र में बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए प्रदान किया जाता है. आईडीबीआरटी बैंकिंग टेक्नोलॉजी एक्सिलेन्स अवार्ड ऐसे बैंकों की पहचान करने का मानदंड हैं, जिन्होंने लागत, ग्राहक तक पहुँच, ग्राहक सेवा एवं कार्य-दक्षता में सुधार के लिए तकनीकी नवोन्मेष पर बल दिया है. 'श्रेष्ठ उभरता बैंक' पुरस्कार से उस बैंक को सम्मानित किया जाता है, जिसके द्वारा विभिन्न श्रेणियों में सराहनीय कार्यनिष्पादन किया गया है.

दिनांक 01.09.2017 को हैदराबाद में आईडीआरबीटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यपालक निदेशकों श्री एस. गणेश कुमार एवं श्री सुदर्शन सेन द्वारा हमारे बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री राज कमल वर्मा एवं महाप्रबंधक-डीआईटी श्री आर. कंदासामी ने पुरस्कार प्राप्त किया.

सिद्धांत 2- टिकाऊ उत्पाद एवं सेवाएं

बैंक इस बात से अवगत है कि अर्थव्यवस्था में अपनी दोनों महत्वपूर्ण भूमिकाओं, अर्थात व्यक्तियों, कंपनियों और सरकारी निकायों को वित्तीय उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करना तथा जनसंख्या के विशाल भाग को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाकर परिवर्तन के सशक्त माध्यम है. बैंक का यह प्रयास है कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे उत्पाद और सेवाओं को विकसित और प्रदान करे जिससे कि पर्यावरण के लिए दीर्घकालिक लाभ के साथ समाज का भी विकास हो.

बैंक की कारोबारी नीतियां चयनित क्षेत्रों में, बैंक के कारोबार को संगठित करने, कोर एवं खुदरा कारोबार पर केंद्रित करने, सार्थक वित्तीय समावेशन हेतु प्रयास करने, प्रणालियों और नियंत्रण को मजबूत बनाने की ओर केंद्रित हैं. बैंक की रणनीति नयी तकनीक के साथ अपने ग्राहकों तक पहुंच के नये तरीके इज़ाद करना तथा ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाना है. देश के विकास के भागीदार के रूप में, बैंक अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ऋण प्रदान करता है, चाहे वे बड़े उद्योग हों या एमएसएमई क्षेत्र, निर्यात, व्यापार,कृषि, मूलभूत ढांचे या वैयक्तिक संवर्ग हों. बैंक वित्तीय वंचन से प्रभावित संवर्गों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत लाने के लिए सार्थक प्रयास करने में अग्रणी रहा है. बैंक द्वारा किये इन प्रयासों को बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाईट पर देखा जा सकता है.

बैंक के विभिन्न डिजिटल उत्पादों, सेवाओं और समाधानों से बैंक की अपनी अलग पहचान है, इनमें निधियों के अंतरण, पूछताछ, ग्राहकोन्मुख प्रयोग, उच्च स्तर की सुरक्षा और अन्य कई विशेषताएं होने के कारण ये सेवाएँ ग्राहकों को अपने संव्यवहार डिजिटल रूप में करने के लिए प्रेरित करते हैं. बैंक द्वारा कुछ

ऐसे नवोन्मेषी उत्पाद भी लाये गये हैं जो विकलांगों के लिए तो लाभदायक होने के साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण तथा समाज की भलाई से भी जुड़े हैं. ग्राहकों को उपलब्ध किए जाने वाले कुछ उत्पाद जो पर्यावरण/समाज के लिए लाभदायक हैं, उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

1. **भीम आधार:** भीम आधार यह मर्चंट पेमेंट एप्लीकेशन है जो ग्राहकों को आधार क्रमांक एवं बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) प्रमाणीकरण का उपयोग करते हुए खरीद लेनदेन की अनुमति प्रदान करता है. यह अंतर संचालित लेनदेन का स्वरूप है जो किसी भी बैंक ग्राहक को इस आधार आधारित मर्चंट एप्लीकेशन में लेनदेन करने की अनुमति प्रदान करता है बशर्ते कि यह आधार अंकित बैंक खाता है.

2. **भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस):** ग्राहकों को "किसी भी समय कहीं भी" बिल भुगतान की सुविधा प्रदान करने वाला सिंगल ब्रांड इमेज पर कार्य करता है. यह एक सिंगल बिल पेमेंट सिस्टम है जो रोज़मर्रा की उपयोगी सेवाएँ जैसे बिजली, पानी, गैस, टेलीफोन और डायरेक्ट-टू-होम(डीटीएच) टेलीविजन सेवा के लिए बार-बार किए जाने वाले भुगतान की सेवाएँ प्रदान करता है. यह सुविधा इंटरनेट बैंकिंग के बिल प्रेजेन्टमेंट मॉड्यूल के तहत है.

3. **यूनियन सहयोग:** बैंक ने संस्था के संबंध में विभिन्न जानकारी के प्रचार प्रसार के लिए कार्यपद्धति को सरलीकृत करने और सभी मोबाइल एवं वेब आधारित पेमेंट चैनल को सिंगल इंटरफेस प्रदान करने की दृष्टि से यूनियन सहयोग एप्लीकेशन की शुरुआत की है. यह एक बहुविध फ़ंकशन वाला कस्टमर फ्रेंडली ऐप है जो बैंक द्वारा प्रदत्त विभिन्न उत्पादों के संबंध में जानकारी प्रदान करता है.

4. **बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एटीएम:** यूनियन बैंक पहला पीएसयू बैंक है जिसने एटीएम लेनदेनों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की शुरुआत की है. वर्तमान में 900+ एटीएम को हमने हमारे देशभर के कार्डधारकों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण हेतु इसे पहले ही समनुरूप बना दिया हैं. कार्डधारकों के फिंगरप्रिंट द्वारा प्रमाणीकरण के अतिरिक्त विकल्प के साथ एटीएम सशक्त हो गए है एवं कार्डधारकों के आधार नंबर को उनके खाते में अंकित किया गया है.

5. **रुपे प्रीपेड कार्ड:** रुपे प्रीपेड कार्ड यह हमारे तकनीकी आधारित उत्पादों एवं सेवाओं में एक और सुविधा है जो हमारे बैंक को सही अर्थ में टेक्नो सेवी बैंक के रूप में दर्शाता है. यह कार्ड ग्राहकों को केवल फिनेकल के जरिए ही जारी किया जाता है. शाखा स्तर पर कार्ड को लोड एवं अनलोड किया जाएगा फलस्वरूप सुसाध्य ढंग से उत्कृष्ट नियंत्रण एवं समाधान सुनिश्चित हो पाएगा.

6. **डेबिट कार्ड कंट्रोल:** डेबिट कार्ड कंट्रोल कार्यात्मकता (सुविधा) हमारे यू मोबाइल में शुरू की गई है, जिसके माध्यम से ग्राहक अपना डेबिट कार्ड सक्रिय/निष्क्रिय कर सकता है और अपनी व्यय सीमा निर्धारित कर सकता है. यह सुविधा ग्राहकों को उनके कार्ड ट्रांजेक्सन पर वास्तविक समय नियंत्रण की सुविधा देकर न सिर्फ उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि उन्हें सुरक्षा स्तर की एक नई श्रृंखला प्रदान करता है.

7. **चैट बॉट**: चैट बॉट, कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेन्स-एआई) का उपयोग कर मानव उपयोगकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने के लिए तैयार किया गया, एक कंप्यूटर प्रोग्राम है. मुद्दे या सवाल का जवाब देने के लिए चैट बॉट संवाद करता है, सार्थक प्रस्तावों को देकर रोज़मर्रा की बैंकिंग को सरल, त्वरित और सुविधाजनक बनाता है. इस तरह की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक यूवीए (यूनियन वर्चुअल असिस्टेंट) के नाम से एफ़एक्यू चैट बॉट सोल्यूशन लाया है. वर्तमान में यूवीए बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट और ऑफिशियल फेसबुक पेज में एकीकृत है. इसे वेबसाइट पर और यूनियन बैंक ऑफिशियल के फेसबुक मैसेन्जर पर यूवीए आइकॉन के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है.

8. **संपर्कहीन डेबिट कार्ड:** बैंक ने औसत तिमाही शेषराशि पर ध्यान दिए बिना सभी ग्राहकों के लिए वीजा पेवेव डेबिट कार्ड जारी किया है. वीजा पेवेव डेबिट कार्ड निकट क्षेत्र संचार (नियर फील्ड कम्यूनिकेशन-एनएफ़सी) की तकनीक पर आधारित हैं, जो ग्राहकों को स्पीड की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हैं, जैसा कि ये कार्ड ₹2000/- तक का ट्रांजेक्शन पूर्ण करने के लिए मौजूदा मैग्नेटिक स्ट्रिप/ईवीएम कार्डों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम समय लेते हैं. वीजा पेवेव डेबिट कार्ड में चिप और एन्टेना दोनों अन्त:स्थापित है, जो कि कार्ड को संपर्कहीन और सामान्य पीओएस टर्मिनल दोनों पर कार्य करने के लिए सक्षम बनाता है.

9. **डेबिट काड्र्स के लिए ग्रीन पिन समाधान:** हरित पहल (पेपर रहित और डिजिटल) तथा मूल्यवर्धित सेवाओं की शुरुआत; इसमें यूनियन बैंक के किसी भी एटीएम से हमारे डेबिट कार्ड धारक आसानी से पिन को जेनरेट कर सकते हैं. इस समाधान के माध्यम से कार्ड धारक नया पिन जेनरेट कर सकते हैं और अपने विद्यमान पिन को बदल भी सकते हैं.

10. **यूनियन कनेक्ट:** प्रोजेक्ट यूनियन कनेक्ट परियोजना के तहत सामूहिक मीडिया प्लेटफॉर्म में विद्यमान समाज के बीच कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने, ब्रेंड इमेज को बढ़ाने, ग्राहकों को शिक्षित करने तथा ग्राहकों के बीच अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रचार करने हेतु दिनांक 11-11-2016 को हमारे स्थापना दिवस के अवसर पर फेसबुक और ट्विटर पर बैंक के अधिकृत पेज की शुरुआत की गई है. इसके माध्यम से, ग्राहकों को लगातार कारोबारी चर्चाओं, ग्राहक सेवा, शैक्षणिक पोस्ट्स, ऑनलाइन कार्यक्रमों के आयोजन उपयोगकर्ताओं के मामलों के समाधान आदि के द्वारा उपयोगकर्ताओं को शिक्षित किया जा रहा है. हम अपने विद्यमान या नए उत्पादों के बारे में ग्राहकों की भावनाओं से भी सीख ले रहे हैं और प्राप्त सुझाव/फीडबैक संबन्धित टीम को भेज रहे हैं. वित्त वर्ष 2016-18 में यूट्यूब और इन्स्टाग्राम के बाजार में भी हमारी उपस्थिति है.

11. **यूपीआई:** यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से ग्राहक 24X7 आधार पर, बैंक खाते की जानकारियों को साझा किए बिना, एक मात्र पहचान अर्थात आधार नंबर, खाता नंबर आईएफ़एससी कोड के साथ या वर्चुअल पेमेंट एड्रैस रकम प्रेषण/प्राप्त कर सकते हैं.

12. **यू कंट्रोल:** मोबाइल आधारित यह एप्लिकेशन क्रेडिट कार्ड धारकों की सुविधा के लिए बनाई गई है, जिसमें ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड संव्यवहारों

को किसी विशेष चैनल के लिए सक्रिय/निष्क्रिय कर सकते हैं. इसके अलावा, ग्राहक अपने कार्ड को ब्लॉक कर सकते हैं और स्वीकृत सीमा के अंदर अपने व्यय की सीमा निर्धारित कर सकते हैं.

13. **भारत क्यूआर:** भारत क्यूआर के माध्यम से किसी स्मार्ट फोन से आसानी से सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए, 2डी बारकोड के समान एक शीघ्र रिस्पोंस की उपलब्धता के लिए प्रयोग किया जा सकता है. प्राप्तकर्ता बैंक द्वारा यह कोड व्यापारी को आबंटित किया जाता है. इसमें उस व्यापारी के विवरण होते हैं, जिन्हें यह आबंतित किया गया हो. ग्राहक के स्मार्ट फोन पर उपलब्ध स्केन एंड पे एप्लिकेशन के द्वारा व्यापारी भुगतान स्वीकार कर सकता है.

14. **बोलते एटीएम:** बैंक देश में बोलते एटीएम लगाने में अग्रणी रहा है. ये एटीएम दृष्टि बाधित व्यक्तियों को आवाज़ के द्वारा निर्देशित कर संव्यवहार करने में सक्षम बनाता है इसीलिए इसे बोलता एटीएम कहा जाता है. इस एटीएम का डिज़ाईन इस प्रकार का होता है कि शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति भी व्हील चेयर पर अंदर जाकर अपने संव्यवहार कर सकता है. दिवयांगों की सुविधा के लिए बैंक के पूरे देश में 1584 ऐसे एटीएम लगाए हैं.

15. **आईआरसीटीसी यूनियन बैंक वर्चुअल प्रीपेड कार्ड:** कार्ड को ऑनलाइन जेनरेट किया जाता है तथा कार्ड के सभी ब्यौरे यथा कार्ड नं., पीआईएन, सीवीवी तथा समाप्ति तिथि ग्राहक को मेल के द्वारा भेजी जाती है. कार्ड के ब्यौरे का उपयोग ग्राहक द्वारा रेलवे टिकट बुक करने तथा ऑनलाइन शॉपिंग के लिए किया जा सकता है. चूंकि यह वर्चुअल कार्ड है, इसमें प्लास्टिक प्रिंटिंग तथा कागज की पीआईएन जेनरेट करने की भी आवश्यकता नहीं है.

16. **एनपीए रिकवरी एप्लिकेशन:** यूनियन रिकवरी ऐप क्षेत्र के दौरे (फील्ड विजिट) की टिप्पणियाँ, एक सरल, प्रभावी एवं कुशल तरीके से दर्ज करने के लिए स्टाफ सदस्यों एवं वसूली एजेन्टों की मदद करता है. यह मोबाइल एप्लिकेशन बैंक के क्षेत्र कर्मियों को संबन्धित शाखाओं के लोन पोर्टफोलियो को अद्यतन करने, ट्रैक करने एवं अनुश्रवण करने की सुविधा प्रदान करता है. यह बैंक कर्मियों को सभी संबद्ध ऋणों को पूर्ण भौगोलिक विवरणों को देखने, ऋणों को निर्दिष्ट/विनिर्दिष्ट करने, फॉलो अप कॉल्स और क्षेत्र के दौरे के विवरणों को अद्यतन करने की सुविधा प्रदान करता है. यह उपयोग सुलभ एप्लिकेशन है, जो बैंक कर्मियों/वसूली एजेंटो को बेहतर मार्ग नियोजन के साथ अधिकतम खाते कवर करने हेतु, उधारकर्ताओं तक पहुँचने की योजना बनाने में सहयोगी है, इस प्रकार बेहतर समय प्रबंधन में मदद करता है.

17. **परिचालनात्मक ग्राहक संबंध प्रबंधन (ओसीआरएम):** यूनियन ग्राहक कनेक्ट (ओसीआरएम) एप्लिकेशन बैंक को अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को बहुत प्रभावी और कुशल तरीके से पूरा करने की अनुमति देता है. यह वर्तमान एप्लिकेशन को समग्र रुप से ग्राहक को सौंपने तथा बैंक के साथ ग्राहक बातचीत के समग्र अनुभव में वृद्धिकरता है. यह ग्राहक शिकायत के निपटान तथा सेवा अनुरोध संबोधन में भी मदद करता है. इस एप्लिकेशन के लिए बैंक ने मेसर्स इन्फोसिस लि. से "बेस्ट कस्टमर सर्विस इनोवेशन" अवार्ड जीता है.

18. **आधार आधारित इ-केवाईसी:** बैंक द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक अनुभव के लिए आधार आधारित इ-केवाईसी सोल्यूशन कार्यान्वित किया है. यह सोल्यूशन इलेक्ट्रॉनिक्स, कागज-रहित, केवाईसी सत्यापन प्रस्तुत करता है जो भौतिक दस्तावेज सत्यापन की जरुरत को समाप्त करता है इसके साथ ही ग्राहक पते का प्रमाण (पीओए) एवं पहचान प्रमाण (पीओआई) की विश्वसनीयता और सुरक्षा को बढ़ाता है.

19. **वर्च्युअलाईजेशन एवं क्लाउड कम्प्यूटिंग:** बैंक ने हार्डवेयर, नेटवर्क तथा स्टोरेज परफ़ोर्मेंस बढ़ाने के साथ हाइपर-कनवरगेडन-प्रेमाइस प्राइवेट क्लाउड स्थापित किया है, जिसे बेहतर स्केलेबिलिटी के लिए गतिशील रुप से एप्लिकेशन के बीच आबंटित किया जा सकता है. वर्च्युअलाईजेशन पर्याप्त संसाधन एवं सुरक्षा प्रबंधन में मदद करता हैं. यह कार्बन फुटप्रिन्ट्स को घटाने में भी सहायता करता है जिससे यह स्पष्ट होता है कि बैंक पर्यावरण को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है.

20. **डेबिट कार्ड के लिए टोगल:** बैंक ने डेबिट कार्ड टर्न ऑन/ऑफ करने के लिए विद्यमान मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन में नयी प्रणाली शुरु की है जो डेबिट कार्ड के किसी भी दुरुपयोग को रोकने की विशेष अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है. इस प्रणाली के उपयोग से उपयोगकर्ता डेबिट कार्ड की आहरण सीमा भी निर्धारित कर सकता है.

21. **साइबर सिक्युरिटी परिचालन सेन्टर (सीएसओसी):** दिन-प्रतिदिन वित्तीय संस्थाओं पर साइबर हमलों की संख्या बढ़ रही है. इसके मद्देनजर, बैंक ने प्रिमाइस साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन सेन्टर की स्थापना की है जहां किसी भी प्रकार के साइबर हमलों को रोकने तथा बैंक के डाटा सेन्टर में स्थित ग्राहक की जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सभी एप्लिकेशन को एकिकृत किया गया है. इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत बैंक ने विभिन्न एप्लिकेशन्स को कार्यान्वित किया है जैसे वेब एप्लिकेशन फायरवाल (डब्ल्यूएएफ), नेटवर्क बिहेवियर एनोमली डिटेक्शन (एनबीएडी), प्रिविलेज आईडेंटिटी मैनेजमेन्ट (पीआईएम), एडवांस परसिस्टेंट थ्रेट (एपीटी), डीकॉय, वलनरेबिलिटी मैनेजमेन्ट, मोबाइल थ्रेट प्रोटेक्शन (एमटीपी), एन्टी-फिशिंग सर्विसेस आदि.

22. **कृषि-ऋणों के लिए लेन्ड परफेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन:** कृषि आधारित ऋणों के लिए ब्यौरे प्राप्त करने हेतु लेन्ड परफेक्ट टैब आधारित एप्लिकेशन डिज़ाइन किया है. बैंक कर्मचारी द्वारा तुरंत दस्तावेजीकरण प्रक्रिया, आवेदन प्रपत्र भरने, ऋणों हेतु नियम विनियमन, अपेक्षित दस्तावेज आदि के लिए इसका उपयोग किया जा रहा है, जो टैब एप्लिकेशन के भीतर बनाई गई एकल प्रोफाइल से जुड़े हुए हैं. इससे बैंक को पता लगाने और पहचानने में मदद मिलती है कि क्या संभावित ग्राहक पहले से ही ऋण के लिए उनसे संपर्क कर चुका है या नहीं. उस ग्राहक से संबंधित सभी जानकारियां इलेक्ट्रानिक प्रारुप में वन सिंगल यूनिट में उनकी वित्तीय सक्षमता के लिए बाहरी एजेन्सियों के क्रॉस-रेफरेन्स के साथ उपलब्ध रहेगी.

23. **हरियाणा अर्बन डेवलपमेन्ट ऑथोरिटी (हुडा) के साथ एकीकरण:** शाखा में चालान प्रस्तुतीकरण के बाद हुडा सर्वर से ई-रिसीट पुष्टिकरण जेनरेट करने के क्रम में बैंक के सीबीएस प्रणाली के साथ हरियाणा अर्बन डेवलपमेन्ट ऑथोरिटी (हुडा) द्वारा जारी विभिन्न चालानों को सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है. यह बिना किसी मैन्युअल हस्तक्षेप के ई-रिसीट जनरेशन हेतु हुडा सर्वर को सीधे पुष्टिकरण भेजता है.

24. **पंच-परमेश्वर पोर्टल (पंचायत राज निदेशालय, मध्य प्रदेश सरकार):** बैंक ने पंच-परमेश्वर पोर्टल (पंचायत राज निदेशालय, मध्य प्रदेश सरकार) के साथ उनके लाभार्थियों को केन्द्रीकृत भुगतान हेतु सफलतापूर्वक एकीकृत किया है. अधिकृत मौद्रिक सलाहों पर कार्य करना स्वचालित प्रवाह है, जो अंतहीन है. यह किसी भी मैन्युअल हस्तक्षेप को समाप्त कर देता है. लाभार्थियों के खाते में सीधे कागज-रहित भुगतान करता है. यह केन्द्रित प्राप्तियों एवं भुगतानों तथा निधियों के उचित उपयोग के समाधान भी सुनिश्चित करता है. यह अनचाहे डाटा, स्टेट्स रिपोर्ट्स के असमय प्रस्तुतीकरण तथा जवाबदेही की संभावनाओं को समाप्त कर देता है. यह डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित सुरक्षित भुगतान है.

25. **प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण:** ग्राहकोन्मुख बैंकिंग की दिशा में कारोबार में आसानी से वृध्दि करने हेतु अधिक से अधिक उत्पादों को डिजिटल बनाना है.

    ए. ई-पीपीओ: रेलवे, टेलिकॉम, रक्षा आदि के साथ ई-पीपीओ का एकीकरण.

    बी. ई-एनपीएस: खाता खोलने तथा ऑनलाइन मोड के जरिए योगदान.

    सी. ई-सुकन्या समृध्दि योजना: खाता खोलना तथा ऑनलाइन मोड के जरिए योगदान.

26. प्रशासकीय निपुणता को बढ़ाने के लिए दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत केन्द्रीकृत खाता खोलने में विस्तार, ऋण प्रस्तावों का डिजिटलीकरण, ई-लर्निंग तथा कारोबार प्रक्रिया का डिजिटलीकरण जैसे विभिन्न उपाय किए गए हैं.

27. "ऑनलाइन खाता" खोलने की सुविधा उन ग्राहकों के लिए है जो तकनीकी रूप से दक्ष हैं. बचत बैंक खाता खोलने की यह वेब आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से कोई प्रस्तावित ग्राहक बैंक की वेबसाइट में जाकर बचत बैंक खाता खोल सकते हैं.

28. देश में गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए एसएचजी- बैंक लिंकेज कार्यक्रम के माध्यम से बैंक द्वारा भारत सरकार की एनआरएलएम/एनयूएलएम योजना लागू की जा रही है.

29. कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों के लिए अक्षय ऊर्जा उपकरणों की खरीद के लिए कृषकों को ऋण देने की योजना: इसके तहत कृषकों को पानी पंप करने के लिए सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगाने, एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम तथा एलईडी लाइट्स और छोटे डीसी लोड्स के लिए सोलर लाइटिंग सिस्टम हेतु ऋण प्रदान किया जाता है.

30. **यूनियन बायो टेक:** देश में ऊतक संवर्धन तकनीक और पोली-हाउस को प्रोत्साहित करने के लिए इस उत्पाद को बनाया गया है.

31. सभी उत्पाद और सेवाएं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) की आवश्यकताओं के लिए प्रदान की जाती हैं.

32. सभी उत्पाद, सेवाएं तथा योजनाएं ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग के तहत आते हैं.

    बैंक के एटीएम, केवल नकद निकासी वाली मशीनें नहीं हैं बल्कि इनके माध्यम से प्रेषण सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं, जैसे एटीएम के माध्यम से एनईएफ़टी, आईएमपीएस तथा यूनियन ई-केश: मोबाइल आधारित निधि अंतरण सुविधा है जिसमें प्राप्तकर्ता द्वारा मोबाइल पर एटीएम आधारित प्रमाणन से राशि आह रित करने की सुविधा दी जाती है. पुराने रिकार्ड के निपटान के लिए बैंक की अपनी स्थापित नीति है, इन्हें नष्ट करने के बाद रिसाइकलिंग के लिए भेज दिया जाता है.

    उत्पादों की रिसाइकलिंग और अवशिष्ट 10% से अधिक के संवर्ग में आते हैं. बैंक अपने उपभोग की अधिकांश वस्तुएँ स्थानीय सप्लायरों से ही लेती है. बैंक छोटे और सूक्ष्म उपक्रमों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है और इन क्षेत्रों को बैंकिंग सेवाओं तक आसानी, तेजी और पारदर्शी पहुंच तथा उनके दैनिक परिचालनों के दौरान वित्तीय कठिनाइयों का समय पर सहायता सुनिश्चित करता है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संपर्कहीन डेबिट कार्ड शुरू किया गया

संपर्कहीन डेबिट कार्ड का शुभारंभ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक श्री आर. के. वर्मा और अपनी टीम के साथ, भारत दक्षिण एशिया की वीज़ा विपणन प्रमुख-सुश्री मनमीत वोहरा की उपस्थिती में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री राजकिरण रै जी. द्वारा किया गया.

यूनियन बैंक संपर्कहीन डेबिट कार्ड, कार्डधारकों को जल्द इलेक्ट्रॉनिक भुगतान करने के लिए कार्ड डालने या स्वाइप करने के स्थान पर मर्चेंट टर्मिनल के समीप लाने मात्र से ही लेन-देन संचालित हो जाता है. विशेषताओं के तौर पर, इस कार्ड में चिप और एंटीना दोनों ही लगे हुए हैं, जो संपर्कहीन के साथ-साथ सामान्य पीओएस टर्मिनल पर भी काम करता है. अत: ग्राहक अपनी सुविधानुसार दोनों में से किसी भी टर्मिनल पर अपना कार्ड इस्तेमाल कर सकते हैं. संपर्कहीन कार्ड के रूप में सभी भुगतानों के लिए एक ही कार्ड की विशेष सुविधा है, जिससे यात्रा भुगतान (बस, मेट्रो, कैब आदि), टोल, पार्किंग, कम मूल्य के ऑफलाइन खुदरा भुगतानों के साथ-साथ दैनिक खुदरा भुगतानों के लिए अलग-अलग कार्ड रखने की आवश्यकता को समाप्त किया गया है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्राहकों के लिए यूनियन सहयोग ऐप का शुभारंभ
यूनियन बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग का आधुनिकीकरण

मुंबई, 13 अक्टूबर 2017: भारत में डिजिटल परिवर्तन के अभियान के तहत, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ऐप यूनियन सहयोग के शुभारंभ द्वारा एक पथ-प्रदर्शी खोज की है, जिसके द्वारा ग्राहकों को संपूर्ण बैंकिंग सुविधाएँ मोबाइल पर उपलब्ध कराई जाएगी.

यूनियन सहयोग ऐप, बैंक के व्यापक रूप से उपलब्ध उत्पादों को हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में देखने की सुविधा प्रदान करता है; इस उद्देश्य के साथ कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक तथा अन्य ग्राहकों को उनके मोबाइल पर हाथों-हाथ सेवा प्रदान की जा सके. यूनियन सहयोग ऐप को एंड्रायड फोन पर प्ले स्टोर से डाउनलोड कर चलाया जा सकता है; आईओएस में यह सुविधा जल्द ही उपलब्ध होगी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने नरीमन पॉइंट में
नयी ई-कम्फर्ट लॉबी का शुभारंभ किया

(उपर्युक्त फोटो में नरीमन पॉइंट, मुंबई में नयी ई-कम्फर्ट लॉबी के उद्घाटन समारोह में उपस्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री राजकिरण रै जी. के साथ कार्यपालक निदेशक श्री राज कमल वर्मा एवं श्री विनोद कथूरिया, महाप्रबंधक (एसएसडी), श्री इशराक़ अली ख़ान; क्षेत्र महाप्रबंधक, मुंबई, डॉ के. एल. राजू; क्षेत्रीय कार्यलय, मुंबई, दक्षिण के क्षेत्र प्रमुख श्री एच. सी. मित्तल; मुंबई, मुख्य शाखा के शाखा प्रमुख, श्री प्रांजल बाजपेयी थे.)

सिद्धांत 3- कर्मचारी कल्याण

स्थाई तथा लाभप्रद वृद्धि उसी संस्था द्वारा प्राप्त की जा सकती है जहाँ कार्यनिष्पादन को मूल्यों के साथ जोड़ा जाता हो. बैंक उन कर्मचारियों से भरी-पूरी एक दक्ष तथा बहुमुखी संस्था है जिसके कर्मचारी जब अच्छा कार्य करते हैं तो उसमें कल्याण की भावना भी सन्निहित होती है.

मानव संसाधन पहल

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का विश्वास है कि शिक्षित, अभिप्रेरित तथा उत्पादक कर्मचारी ही बैंक की सबसे बड़ी आस्ति है. इसे ही ध्यान में रखते हुये बैंक ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाकर संगठनात्मक कुशलता को बढ़ाने के उपाय किए हैं. इससे युवा प्रतिभा आकर्षित हो रहे हैं, जो बैंक के अनुभवी कर्मचारियों की सीख से लाभ ले रहे हैं. बैंक द्वारा अपनी विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सुव्यवस्थित किया गया, जॉब-क्लैरिटी के साथ हरेक की भूमिका को परिभाषित एवं कलमबद्ध किया गया. इसे फीडबैक की सुविधा के साथ इंट्रानेट पर अपलोड भी किया गया है. एच आर द्वारा निम्नलिखित का कार्यान्वयन किया गया है:-

1. सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप एक पारदर्शी तथा उद्देश्यपूर्ण परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम(पीएमएस).
2. बैंक द्वारा महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार आयोजना पर भी अमल किया जा रहा है तथा नेतृत्व की शृंखला को जारी रखने के लिये भी प्रयासरत है.
3. एच आर सुविधा, कर्मचारी सुविधाओं की केंद्रीकृत स्वीकृत की सुविधा आरंभ की गई है, जिसमें पदोन्नति पर फिटमेंट की सुविधा भी प्रदान करना आदि शामिल है, इससे कर्मचारी संतुष्टि में वृद्धि हुई है.
4. एच आर आपके द्वार, कर्मचारियों के शिकायतों के निवारण के लिए एक समर्पित उपाय, इससे कर्मचारियों के मतभेदों को कम कर सम्बन्धों को बेहतर बनाया गया है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है जिसमें ऑनलाइन शिकायत निवारण हेतु समर्पित पोर्टल है. इस मंच पर उठाए गए मामलों का तुरंत समाधान होता है.
5. यूनियन भविष्य, एक ऐसी परियोजना है जिसका उद्देश्य बैंक को अगले दशक में आत्मविश्वास के साथ ले जाने के लिए ऐसे लीडरों को प्रशिक्षित करना एवं समर्थ बनाना है.
6. इसी प्रकार, वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कई अन्य पहल किए गए हैं, इनका उद्देश्य कर्मचारियों को व्यस्त, प्रतियोगी और संघर्षशील बनाए रखना है.

सेवा-काल में कार्य-संतुलन

यूनियन बैंक कर्मचारियों के सेवा-कालीन जीवन को बेहतर बनाने संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रयास किये जा रहे हैं. बैंक में आकर्षक पदोन्नति नीति है जिसमें योग्य कर्मचारियों के आगे बढ़ने के लिये बैंक की फास्ट ट्रैक प्रमोशन पॉलिसी भी शामिल है. इस नीति का उद्देश्य कर्मचारियों को विस्तृत अनुभव उपलब्ध कराना तथा पदोन्नति के माध्यम से अभिप्रेरित करना एवं बैंक में कर्मचारियों का कैरियर आगे बढ़ाना है.

बैंक अपने स्टाफ को ऐसी सुविधायें तथा लाभ भी प्रदान करता है जिससे वे अपने कार्य तथा जीवन में संतुलन बनाये रख सकें. स्टाफ की चिकित्सकीय आवश्यकताओं का ध्यान रखने के उद्देश्य से बैंक द्वारा देश भर में कई अस्पतालों से टाई-अप योजना के माध्यम से अस्पतालीकरण की योजना लागू की गई है. बैंक की 24 कल्याणकारी योजनायें हैं जिन्हें पांच मुख्य वर्गों में विभाजित किया जा सकता है:- कैंटीन सब्सिडी, शिक्षा, चिकित्सा और अस्पतालीकरण, सेवानिवृत्त स्टाफ तथा अन्य कल्याणकारी उपाय.

स्टाफ के लिये अन्य उपायों में स्वास्थ्य शिविर, बैंक के स्थापना दिवस समारोह

का आयोजन, हिन्दी दिवस का आयोजन, स्वतंत्रता दिवस का आयोजन, गणतंत्र दिवस का आयोजन तथा स्टाफ एवं उनके बच्चों की उत्कृष्टता को पहचानने और स्वीकारने के लिये खेल, शिक्षा तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सम्मान-पहचान आदि तथा सिल्वर जुबली अवार्ड्स आदि शामिल हैं. 31 मार्च 2018 को बैंक की कुल स्टाफ संख्या 37589 थी जिसमें से 8922 महिलायें तथा 869 दिव्यांग स्टाफ थे.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

08 मार्च 2018 को मुंबई में आयोजित भव्य समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने उत्साह एवं उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया. इस अवसर पर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री राजकिरण रै जी. द्वारा ऐक्सिस बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्रीमती शिखा शर्मा, जो कि इस समारोह की मुख्य अतिथि थी, का स्वागत किया गया. इस कार्यक्रम में कर्मचारियों के बीच गर्व और अपनापन की भावना देखी गई थी.

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि के लिए जिन महिलाओं को सम्मानित किया, उनमें सुश्री रूपिन्दर बरार (आईआरएस), सुश्री मुमताज़ शेख (सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल है.

मानवाधिकारों के लिये आदर:

बैंक अपने कारोबार तथा प्रभावक्षेत्र में मानवाधिकारों का सम्मान तथा उनके अनुसार कार्य करने के लिये प्रतिबद्ध है. बैंक ने कार्यस्थल पर यौन शोषण निवारण समिति का भी गठन किया है तथा किसी भी प्रकार की संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये पर्याप्त, शिकायत निवारण प्रणाली को अपनाया है. बैंक अपने स्टाफ द्वारा समूह/एसोसिएशन बनाने के अधिकारों का आदर करता है ताकि वे सामूहिक रूप से अपनी आवाज़ उठा सकें. बैंक में कई कर्मचारी एसोसिएशन बनी हुई हैं जिनमें से बैंक कुल कर्मचारियों में से बहुमत वाली एसोसिएशन को प्रतिनिधि यूनियन/एसोसिएशन के रूप में मान्यता प्रदान करता है.

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों का कल्याण

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी संवर्ग के कर्मचारियों के कल्याण के लिये बैंक द्वारा महाप्रबंधक पद के वरिष्ठ अधिकारी को संपर्क अधिकारी बनाया गया है. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रतिनिधियों के साथ यह संपर्क अधिकारी तिमाही आधार पर बैठक करते हैं और उनके कल्याण से संबंधित समस्याओं को हल करते हैं.

औद्योगिक स्तर पर वेतन समझौता

वेतन संबंधी वार्तालाप बैंकों की ओर से भारतीय बैंक संघ द्वारा मान्यता प्राप्त यूनियनों/एसोसिएशनों के साथ सामूहिक समझौते के माध्यम से उचित मांगों को स्वीकार किया जाता है. यह वेतन पुनरीक्षण 5 वर्षों तक मान्य होता है. XI द्विपक्षीय समझौते के लिए वेतन संशोधन संबंधी चर्चा जारी है.

मानव संसाधन में उत्कृष्टता के लिए
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को गोल्डन पीकॉक पुरस्कार

मुंबई - 9 फ़रवरी, 2018: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वर्ष 2017 के लिए मानव संसाधन में उत्कृष्टता हेतु गोल्डन पीकॉक पुरस्कार से सम्मानित किया गया. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को लगातार यह अवार्ड चौथी बार मिला. यह पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स (आईओडी), नई दिल्ली की ओर से दिया जाता है. बैंगलुरु में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित, इंस्टीट्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स, भारत, के राष्ट्रीय अध्यक्ष और माननीय न्यायाधीश एम. एन. वेंकटचलय्या एवं भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रदान किया गया.

उपर्युक्त फोटोग्राफ में इंस्टीट्यूट ऑफ डाइरेक्टर्स, भारत, के राष्ट्रीय अध्यक्ष, माननीय न्यायाधीश एम. एन. वेंकटचलय्या एवं भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप-महाप्रबंधक (मासं), श्री अतुल कुमार एवं स्टाफ कॉलेज के प्राचार्य श्री कल्याण कुमार पुरस्कार प्राप्त करते हुए.

प्रशिक्षण एवं कर्मचारियों के कौशल का विकास

प्रशिक्षण कार्य को बैंक के उच्च प्रबंधन द्वारा समग्र रूप से सारे बैंक के प्रति महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व एवं संपूर्ण प्रतिबद्धता के रूप में माना जाता है ताकि बैंक के विभिन्न चैनलों द्वारा दी जाने वाली ग्राहक सेवा से संबंधित तथा इसके कर्मचारियों की आवश्यकतायें पूरी कर सके. एक ज्ञानार्जन करने वाली संस्था के रूप में बैंक समसामयिक जानकारी को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है, कौशल को बढ़ाने तथा पुनरीक्षित करने के प्रयास करता है तथा अभिवृत्तियों में सुधार करता है. बैंक का प्रशिक्षण मिशन है: व्यक्ति तथा बैंक दोनों के विकास के लिये निरंतर सीखने की कला को बढ़ावा देना. बैंक का प्रयास है कि "उत्कृष्टता के लिये प्रशिक्षण दिया जाये और उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया जाए." स्टाफ को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना तथा उक्त प्रशिक्षण का संस्थागत आवश्यकताओं के साथ सामंजस्य बिठाना बैंक के प्रशिक्षण तंत्र की एक विशेषता है. हाउस-कीपिंग स्टाफ से लेकर उच्च कार्यपालक तक के स्टाफ की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का निर्धारण कर उसे पूरा किया जाता है. अपने स्टाफ सदस्यों को मौलिक कार्यों में कुशल बनाने तथा व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी रखने में सक्षम बनाने का सुनिश्चयन करने हेतु बैंक प्रतिबद्ध है. किसी भी कर्मचारी के पूरे कार्यकाल में संस्था में प्रवेश से लेकर सेवानिवृति तक प्रशिक्षण का कार्य बैंक की सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्था बेंगलुरु तथा देशभर में फैले 8 स्टाफ प्रशिक्षण केंद्रों-अलुवा, अहमदाबाद, भोपाल, भुवनेश्वर, कोलकाता, गुड़गाँव, लखनऊ तथा पवई(मुंबई) में स्थित स्टाफ प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से पूरा किया जाता है. संस्थागत आवश्यकताओं के अनुसार नई मांगों को पूरा करने के लिये क्षेत्रीय स्तरों में भी लोकेशनल प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं. स्टाफ को अद्यतन प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से बाहरी और आंतरिक संकाय सदस्यों की

व्यवस्था भी की जाती है. पात्र मामलों में स्टाफ सदस्यों को विदेशों में भी प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान प्रशिक्षण तंत्र द्वारा 956 केलेंडर प्रोग्राम, 87 लोकेशनल प्रोग्राम तथा 42 कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से कुल 28,172 स्टाफ सदस्यों को शामिल किया गया था. इनके अलावा, 267 अधिकारियों को बाहरी प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं में नामित किया गया था.

यूनियन भविष्य

क्षमता विकास एक सतत प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्तिगत, समूह , संगठन एवं समाज विकास हेतु चुनौतियों की पहचान एवं उसे पूरा करने के लिए अपनी क्षमता में विकास करता है. इसका उद्देश्य उन बाधाओं को भी समझना है जो लोगों एवं संगठनों को उनके विकासशील लक्ष्यों को प्राप्त करने से रोकता है. हमारे बैंक ने यूनियन भविष्य परियोजना की शुरुआत की है जिसका उद्देश्य बैंक को अगले दशक में आत्मविश्वास के साथ ले जाने के लिए ऐसे लीडरों को प्रशिक्षित एवं समर्थ बनाना है.

इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए, बैंक ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित सलाहकार, मेसर्स मैकिन्से एंड कंपनी की नियुक्ति की है. इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

1. कर्मचारियों को समर्थ एवं भविष्य के लिए तैयार करना ताकि बड़े-बड़े उत्तरदायित्वों एवं कारोबार भूमिकाओं का वहन कर सकें;
2. भावी लीडरों में विशिष्ट स्वामित्व की भावना उत्पन्न करने हेतु उनकी मानसिकता और आचरण में परिवर्तन लाना;
3. मुख्य कारोबार के परिणामों को अनुकूल बनाना;
4. व्यक्तियों को गहरे कार्यात्मक कौशल के साथ उनकी वर्तमान भूमिका में उन्हें और अधिक प्रभावी करना ताकि विकास में तेजी आ सके, जिससे उन्हें नई भूमिका के लिए तत्काल तैयार किया जा सके;
5. स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक क्षमताओं (प्रशिक्षक को प्रशिक्षित करना) यथा शाखा प्रबन्धक, यूएलपी प्रमुखों, सरल के प्रमुखों एवं क्षेत्र प्रबन्धकों को प्रशिक्षित करना;
6. भावी लीडरों को तैयार करना.

नियुक्तियों के समान अवसर

प्रबंधन और पर्यवेक्षकीय स्टाफ/अधिकारियों की रिक्तियों की पहचान तथा उन्हें भरने हेतु विभिन्न स्तरों पर भर्ती के प्राधिकारों के संबंध में सुस्पष्ट दिशानिर्देश हैं. कुशल तथा अकुशल स्टाफ की भर्तियों के लिये योग्यताक्रम को आधार बनाकर अभ्यार्थियों का चयन किया जाता है. बैंक अपना ध्यान लिंग-वैविध्य की ओर भी केंद्रित करता है.

सुरक्षित कार्यस्थल

अपने कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंक में यौन-उत्पीड़न की रोकथाम हेतु नीति है तथा सबंधित मामलों में सकारात्मक कार्रवाई की जाती है. यौन-उत्पीड़न के मामलों पर यौन-उत्पीड़न-रोधी नीति तथा प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाती है. बैंक तथा अन्य सब्सीडियरीज़ के सभी स्टाफ सदस्यों को कार्य-स्थल पर यौन-उत्पीड़न-रोकथाम के संबंध में विविध पहलुओं पर नियमित रूप से ई-मेल तथा संप्रेषण के अन्य माध्यमों से अवगत कराया जाता है.

संगठन, प्रतिभागिता तथा सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता

बैंक कर्मचारियों के संगठित होने तथा सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने हेतु स्वतंत्रता के सिद्धांत का अनुश्रवण करता है. कर्मचारियों तथा स्टाफ सदस्यों के अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति हेतु सुस्पष्ट एवं पारदर्शी प्रक्रिया है.

बैंक की मानवाधिकार से संबंधित प्रक्रियाएं, बैंक-कर्मचारियों को विधि-सम्मत तरीकों से, संगठन एवं सामूहिक सौदेबाजी हेतु कर्मचारियों की स्वतंत्रता के सिद्धांत को मान्यता प्रदान करती हैं.

शिकायत-निवारण

बैंक के अपने परिचालनों तथा इसके कारोबारी-भागीदारों में बाल श्रम, बाध्यकारी श्रम, पक्षपातयुक्त भर्ती तथा यौन-उत्पीड़न से संबंधित के स्पष्ट दिशानिर्देश हैं.

बैंक की प्रणालियाँ इस प्रकार के मामलों की रिपोर्टिंग हेतु फोरम उपलब्ध कराती हैं. बैंक द्वारा इस हेतु ई-मेल पते की सुविधा दी गई है जहाँ इस प्रकार की शिकायतें प्रेषित की जा सकती हैं. शिकायतों की गोपनीयता बनाई रखी जाती है. बैंक द्वारा इस आशय से संबंधित प्रक्रियाएँ और प्रणालियाँ बनाई गई हैं कि इस प्रकार के मामलों में शिकायतकर्त्ता को प्रताड़ित न किया जा सके और दोषी न माना जा सके.

यौन-उत्पीड़न सहित सभी शिकायतें बैंक की नीतियों के अनुसार निपटाई जाती हैं. वर्ष के दौरान, बाल-श्रम, जबरन श्रम, अनैच्छिक श्रम तथा पक्षपातपूर्ण भर्तियों से संबंधित कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

सिद्धांत 4- स्टेकहोल्डरों से संपर्क

यूनियन बैंक के लिए स्टेकहोल्डर प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इसी के द्वारा हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पाते हैं तथा कारोबार में सफल हो पाते हैं. ग्राहक, शेयरहोल्डर, निवेशक, कर्मचारी, मीडिया तथा एनजीओ आदि वे स्टेक-होल्डर समूह हैं जिनसे बैंक सक्रियतापूर्वक संबंध बनाये रखता है.

बैंक अपने स्टेक-होल्डर को उस व्यक्ति के रूप में देखता है जो बैंक के परिचालनों से प्रभावित होता है या बैंक के परिचालनों को प्रभावित करता है. इस प्रभाव के कारण ही कोई स्टेकहोल्डर 'प्राईमरी, सेकेंडरी या की स्टेकहोल्डर कहलाता है.'

प्राइमरी स्टेक-होल्डरों में स्टाफ और ग्राहक आदि शामिल होते हैं किंतु इन दोनों ही श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. सेकेंडरी स्टेकहोल्डरों में स्थानीय कम्युनिटीज़, आपूर्तिकर्ता, एन जी ओ, इंडस्ट्री एसोसिएशन आदि शामिल होते हैं किंतु यह श्रेणी भी यहीं तक सीमित नहीं है. 'की' स्टेकहोल्डर में शेयरधारक, प्रोमोटर तथा विनियामक इकाईयां शामिल हैं. बैंक विभिन्न संप्रेषण माध्यमों से अपने सभी स्टेक होल्डरों से औपचारिक या अनौपचारिक तरीकों से संपर्क में रहता है.

बैंक द्वारा कुछ स्टेकहोल्डरों की अलाभप्रद, असुरक्षित या मार्जिनल के रूप में पहचान की गयी है तथा उन्हें विशेष उत्पाद/सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है. स्टेकहोल्डरों के ऐसे समूह में कुछ कृषि-संबंधी ग्राहक,एमएसएमई ग्राहक, स्वयं सहायता समूह, अल्पसंख्यक समूह, शहरी श्रमिक तथा फेरीवाले, पिछड़े गाँवों में रहने वाले ग्रामीण आदि हैं किंतु ऐसे स्टेकहोल्डरों की संख्या इन्हीं श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. इस प्रकार के सभी स्टेकहोल्डरों के लिये बैंक विशिष्ट उत्पाद/सेवायें और योजनायें उपलब्ध कराता है जिनके विवरण बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाईट पर उपलब्ध है.

बैंक के मुख्य स्टेकधारक निम्नानुसार हैं:

ग्राहक

बैंक का ध्यान अपने सभी संपर्क साधनों पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने पर केंद्रित रहता है फिर वह चाहे शाखा हो, एटीएम हो, इंटरनेट बैंकिंग हो, मोबाईल बैंकिंग हो या फिर कॉल सेंटर हो. उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये बैंक ने निम्नलिखित उपाय किये हैं:

- ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ बनाने हेतु, उनके साथ लगातार संपर्क में रहने के लिए, बैंक द्वारा ग्राहक संपर्क अधिकारियों को नियुक्त किया गया है.
- शिकायतकर्ताओं को प्रचारकों में परिवर्तित करने के लिये स्टाफ सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं.
- ग्राहकों को प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा अपने नये उत्पादों और सेवाओं के बारे में शिक्षित करना. विगत में बैंक को शाखा संप्रेषण तथा विपणन के लिये एबीसीआई (एसोसिएशन ऑफ बिज़नेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया) पुरस्कार प्राप्त हुआ है.
- ग्राहकों की जिज्ञासा का उत्तर देने के लिये 24x7 कॉल सेंटर की स्थापना.
- शाखा, क्षेत्रीय तथा कॉर्पोरेट स्तर पर तिमाही आधार पर ग्राहक बैठकें आयोजित करना. इस मंच का उपयोग बैंक द्वारा ग्राहकों को अपने उत्पादों/सेवाओं की जानकारी देने, केवाईसी अनुपलान जैसे नये पहलुओं की जानकारी देने, सुरक्षित बैंकिंग के लिए इंटरनेट बैंकिंग करते समय सुरक्षा उपायों की जानकारी देने के लिये करता है. ऐसी बैठकों में बैंक के तिमाही कार्यनिष्पादन की जानकारी भी ग्राहकों को दी जाती है.
- बैंक द्वारा ग्राहकों की जिज्ञासाओं का उत्तर देने के लिये कस्टमर केयर यूनिट की स्थापना की गयी है. यह यूनिट बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिये प्रणालीबद्ध तरीके से फीडबैक का विश्लेषण भी करती है. इस इकाई की स्थापना के बाद से इंटरनेट बैंकिंग तथा एटीएम के पिन की अप्राप्ति आदि की शिकायतों में बहुत कमी आई है. कस्टमर केयर यूनिट शिकायतों के निस्तारण के संबंध में ग्राहक की संतुष्टि का स्तर भी जांचती है.

कर्मचारी

- बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा, प्रबंधन एवं कर्मचारियों के मध्य आन्तरिक सम्प्रेषण का उत्कृष्ट माध्यम बनी हुई है, जो स्टाफ सदस्यों के बीच जानकारियां प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें कर्तव्यों, निष्ठा एवं सृजनात्मकता हेतु प्रेरित करने का उद्देश्य पूरा कर रही है. यूनियन धारा लगातार एसोसियेशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) का पुरस्कार जीत रही है.
- बैंक के अपने आन्तरिक पोर्टल में सभी नीतियां, दिशानिर्देशों, संहिताएं, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के सम्प्रेषण उपलब्ध होते हैं जिन्हें सभी कर्मचारी आसानी से देख सकते हैं.
- केंद्रीय कार्यालय से एमडी एवं सीईओ/ईडी/महाप्रबंधक आवधिक रुप में क्षेत्र/शाखाओं का दौरा करते हैं.
- पूरे देश के कर्मचारियों के फीडबैक प्राप्त करने के लिए innovation@unionbankofindia.com के नाम से बैंक की एक समर्पित ऑन लाईन प्रणाली है. उत्पादों के विकास/संशोधन, प्रक्रिया एवं सेवाओं के संबंध में कर्मचारियों के प्राप्त सुझावों को एकत्र किया जाता है, विश्लेषण किया जाता है एवं उन पर विचार किया जाता है.

निवेशक

- बैंक प्रत्येक तिमाही के अपने कार्यनिष्पादन की प्रमुख मदों के साथ संक्षिप्त तुलन पत्र प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराती है.
- बैंक अपने अंशधारकों को भी बैंक के कार्यनिष्पादन के बारे में अर्धवार्षिक आधार पर सूचित करती है.
- बैंक विश्लेषकों एवं निवेशकों की तिमाही आधार पर बैठकें आयोजित करती है.

समाज

- बैंक सरकार एवं अन्य प्रमुख बैंकों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखती है एवं भारत में बैंकिंग उद्योग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए विभिन्न नीति निर्माण एवं उद्योग स्तर के मामलों में सक्रियता से भाग लेती है.
- बैंक ने 211 गाँवों को आदर्श गाँव बनाने हेतु गोद लिया है. प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और कार्यपालक निदेशक आवधिक रूप से इन गाँवों का दौरा करते हैं तथा ग्रामीणों के साथ चर्चा करके इस कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ाना सुनिश्चित करते हैं.

बैंक ने कुछ स्टेकहोल्डरों की अलाभप्रद, असुरक्षित या मार्जिनल के रूप में पहचान की है. स्टेकहोल्डरों के ऐसे समूह में कुछ कृषि-संबंधी ग्राहक,एमएसएमई ग्राहक, स्वयं सहायता समूह, अल्पसंख्यक समूह, शहरी श्रमिक तथा फेरीवाले, पिछड़े गाँवों में रहने वाले ग्रामीण एवं दिव्यांग आदि हैं किंतु ऐसे स्टेक-होल्डरों की संख्या इन्हीं श्रेणियों तक सीमित होना आवश्यक नहीं है. इस प्रकार के सभी स्टेकहोल्डरों के लिये बैंक विशिष्ट उत्पाद/सेवायें और योजनायें उपलब्ध कराता है. कमजोर व सीमांत किसानों को स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त देयता समूह के अंतर्गत संगठित कर उन्हें परेशानी मुक्त तरीके से आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है. इसके अलावा पीएमजेडीवाई के अंतर्गत सरलीकृत स्वरूपों में उन्हें ₹5,000/- ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है.

बैंक, सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कार्यक्रम यथा पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई तथा अटल पेंशन योजना के रूप में भी इस प्रकार की योजनाओं को प्रस्तुत करता है. बोलते एटीएम नेत्रहीन व्यक्तियों को ध्वनि मार्गदर्शन से लेनदेन करने के लिए सक्षम बनाता हैं. एटीएम साइट को इस प्रकार का बनाया गया है कि व्हील चेयर पर बैठा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति भी अंदर जाकर लेन-देन कर सकता हैं.

सिद्धांत 5- मानवाधिकारों का सम्मान

यूनियन बैंक मानव अधिकार के सिद्धांतों को मानते हुए उनका स्पष्ट पालन करता है तथा मानव अधिकारों एवं कर्मचारियों के हितों में ईमानदारी, समग्रता एवं खुले रुप में कार्यान्वित करता है. एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई के रूप में, बैंक केंद्र/राज्य/स्थानीय सरकारों द्वारा मानवाधिकारों के बारे में जारी दिशानिर्देशों, अनुदेशों, निदेशों का न केवल अक्षरश: पालन करता है बल्कि व्यवहार में भी उन्हें अपनाता है.

बैंक की एसडी और सीएसआर नीति यह दर्शाती है कि बैंक मानवाधिकारों का आदर करेगा तथा इनके बारे में स्टेक-होल्डरों के बीच सामान्य जागरुकता को बढ़ायेगा. बैंक अपने कारोबारी भागीदारों के अलावा आपूर्तिकर्ताओं, बिज़नेस कॉरेसपोंडेंस आदि से अपेक्षा रखता है कि वे भी अपने कर्मचारियों के मानवाधिकारों का सम्मान करें तथा उनके उल्लंघन से बचें. बैंक द्वारा रिर्पोटिंग वर्ष में मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त नहीं की गई.

सिद्धांत 6- पर्यावरण पर प्रभाव

बैंक एक जिम्मेदार कार्पोरेट संस्था होने के नाते समाज एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही के प्रति सजग है. बैंक ने कार्बन को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं. कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिये बैंक द्वारा एलईडी वाली प्रकाश व्यवस्था, एयरकंडीशनरों में पर्यावरण के संरक्षण वाली गैस का उपयोग, कम ऊर्जा की खपत करने वाले एयर कंडीशनरों का उपयोग, नयी परियोजनाओं में सौर ऊर्जा जैसे गैरपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आदि अनेक कदम उठाये गये हैं. हालांकि अंतिम रूप से हुये लाभ की गणना अभी नहीं की जा सकी है किंतु ऊर्जा संबंधी बिलों में उक्त प्रयासों का प्रभाव दिखाई पड़ता है. इन प्रयासों को आगे भी लगातार जारी रखा जायेगा.

बैंक मुख्य रूप से एटीएम की ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं तथा बैंक के साथ-साथ प्रशिक्षण केंद्रों में हीटिंग की आवश्यकताओं के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है. बैंक परिसरों में लगी प्रकाश-व्यवस्थायें तथा एयर कंडीशनर ऊर्जा की बचत के लिये स्टार रेटेड है. एयर कंडीशनरों में उपयोग की जाने वाली रेफ्रीजेरेंट गैस (आर-407 सी) कार्बन के उत्सर्जन को कम करती है.

बैंक द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में उठाये गये कुछ अन्य कदम निम्नानुसार हैं:

- ऊर्जा की बचत वाले सीएफएल तथा एलईडी फिटिंग्स का उपयोग.
- एलईडी वाले साईनेज़ का संस्थापन.
- बीईई प्रमाणित एयर कंडीशनर की स्थापना और सीएनजी के साथ करार.
- बैंक परिसर में वर्षा के जल का भंडारण, जो भूजल के स्तर को बढ़ाता और उसका संरक्षण करता है.
- सभी उपकरणों में बिजली के समान प्रवाह के लिये बसबार ट्रंकिंग सिस्टम जैसे किफायती एवं सुरक्षित प्रणाली का उपयोग. अभी हाल ही में बैंक द्वारा केंद्रीय कार्यालय परिसर के एक्सटर्नल ईलेक्ट्रिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का नवीकरण किया गया है और नये बसबार ट्रंकिंग सिस्टम को लगाया गया है.
- पवई में ग्रीन डाटा सेंटर:- प्रौद्योगिकी केन्द्र, पवई बिल्डिंग में एयर कंडीशनिंग प्रणाली के साथ-साथ ऊर्जा बचत विद्युत प्रणाली स्थापित कर डाटा सेंटर का विस्तार किया गया. सूक्ष्म एयर कंडीशनर इलेक्ट्रिक कूलिंग तकनीक पर आधारित हैं तथा इको-फ्रेंडली गैस से युक्त हैं. दूसरी ओर यूपीएस/केबिनों/बैटरी रूम को ठंडा करने के लिये वैरियेंट रेफ्रीजेंट सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है.
- प्रकाश तथा एयर कंडीशनरों पर नियंत्रण के लिये केबिनों में ऑक्यूपेंसी सेन्सर लगाये गये हैं.
- भवनों में वास्तुकला के माध्यम से दिन के समय सूर्य के प्रकाश का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है.

सिद्धांत 7- जन कल्याण हेतु समर्थन

यूनियन बैंक की कारोबारी इको-प्रणाली एवं समुदायों में सकारात्मक प्रभाव लाने के उद्देश्य से सक्रियता से समर्थन करने की परम्परा रही है. यूनियन बैंक की यह सक्रिय समर्थन केवल सरकार से लॉबी करने एवं उद्योग के लिए कुछ लाभ प्राप्त करने की नहीं है, बल्कि समाज में बड़े पैमाने पर लाभ के लिए भी समर्थन करने की कुछ अच्छी परम्पराएं रही हैं.

ग्राहक सेवा में सुधार की दृष्टिकोण से बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय बैंक संघ तथा अन्य इकाइयों के सदस्य नामित किये जाते हैं. बैंक वित्त एवं उद्योग से संबंधित ट्रेड चैम्बर एवं एसोसिएशन का सदस्य है. ट्रेड चैम्बर तथा इंडस्ट्री एसोसिएशनों के मंच से ही बैंक आम जनता के लिये सार्वजनिक नीतियों की वकालत करता है. इन अधिकारियों के साथ बैंक अन्य चैनलों से भी संपर्क में रहता है तथा कानून तथा विनियमन संबंधी उन आम नीतियों को आकार देने का प्रयास करता है जो इसके कारोबार तथा कर्मचारियों से जुड़ी होती हैं. नीति निर्माण के मामले में आर्थिक सुधारों, बैंक वित्तीय समावेशन, वित्तीय साक्षरता तथा समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है. बैंक निम्नलिखित वित्तीय तथा औद्योगिक व्यापार चैम्बरों/संघों का सदस्य है:

- भारतीय बैंक संघ(आईबीए)
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेन्स (आईआईबीएफ)
- द एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसोचैम)
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री(एफआईसीसीआई)
- कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)
- बैंकिंग कोड्स व भारतीय मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई)

बैंक सक्रिय रूप से इन निकायों के साथ सहभागिता कर व विभिन्न मुद्दों यथा वार्षिक बजट, ऋण नीति/मौद्रिक नीति, उत्पाद के मूल्य निर्धारण पर दिशा निर्देश, विभिन्न सर्वेक्षणों आदि पर जानकारी उपलब्ध कराता है.

सिद्धांत 8- समावेशी वृद्धि

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्तीय समावेशन को एक प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है जो कमज़ोर वर्गों तथा कम आय वाले वर्गों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समय पर, पर्याप्त अग्रिम सुविधायें, उनके द्वारा वहन की जा सकने वाली लागत पर मुख्य वित्तीय संसाधनों से उपलब्ध कराती है. बैंक ने तीन वर्ष 2016-19 तक वित्तीय समावेशन के लिये तीन वर्षों की बोर्ड द्वारा अनुमोदित परियोजना तैयार की है जिसका विज़न है:- "वंचितों तक उचित लागत पर "निरन्तर प्रक्रिया के तहत" सेवाएं पहुंचाना तथा औपचारिक वित्तीय संस्थाओं द्वारा, लाभ से वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना."

31 मार्च, 2018 तक बैंक ने वित्तीय समावेशन से संबंधित निम्नलिखित उपलब्धियां हासिल कर ली थीं:-

- बैंक ने बिज़नेस कॉरेसपोंडेंट मॉडल के तहत 5407 बैंक मित्र की नियुक्ति करके 18396 बैंकिंग से वंचित/न्यूनतम बैंकिंग सुविधाओं से युक्त गाँवों तक अपनी पहुंच बनाई है.
- बिज़नेस कॉरेसपोंडेंट मॉडल के द्वारा बायोमैट्रिक कार्ड के माध्यम से ₹245.55 लाख वित्तीय समावेशन ग्राहकों के खाते खोले गये हैं तथा इन ग्राहकों से बैंक ने ₹2332.77 करोड़ की जमाराशियां जुटाई हैं.

- ग्रामीण एवं शहरी निर्धन वर्गों को आकस्मिक अग्रिम के रूप में सूक्ष्म ऋण की उपलब्धता से आर्थिक गतिविधियों को प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करना. बैंक बहुत कम प्रीमियम/प्रभार पर बीमा/पेंशन की सुविधा भी उपलब्ध कराता है.
- बैंक का श्री क्षेत्र धर्मस्थल रुरल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (एसकेडीआरडीपी) नामक एनजीओ, जो कर्नाटक और केरल में स्वयं सहायता समूहों को वित्तीयन करता है, के साथ टाई-अप किया है. स्वयं सहायता समूह रोजगार के सृजन तथा ग्रामीणों की आय हेतु मुख्य रूप से कृषि एवं उससे संबद्ध गतिविधियों में संलग्न रहते हैं. एसएचजी/जेएलजी के बीसी मॉडल के तहत सूक्ष्म ऋणों (एसकेडीआरडीपी तथा प्रगति) में बकाया राशि ₹884.64 करोड़ है. वर्तमान में यह प्रोजेक्ट बेलगाम, बेंगलुरु, मंगलोर तथा कोझीकोड़ क्षेत्रों में लागू है.

1. वित्तीय साक्षरता:

बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में ग्राहकों में जागरुकता लाने के लिये, 14 अग्रणी जिलों के साथ 16 गैर- अग्रणी जिलों में कुल 30 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले गये हैं. बैंक ने वित्तीय साक्षरता तथा बैंकिंग सेवाओं की जागरुकता हेतु कुल 5328 गांवों में कैम्प का आयोजन किया गया है. मार्च 2018 तक इन कैंपों में 2,15,820 लोगों को परामर्श दिया गया है. 54,833 लोगों के खाते खोलकर उन्हें वित्तीय सुविधाएं प्रदान की गई और उन्हें बैंकिंग से जोड़ा गया है.

बैंक ने नियमित अंतरालों में ग्रामीण शाखाओं द्वारा आयोजित कैंपों के अलावा, अपने एफ़एलसीसी के माध्यम से, विशेषकर केरल और उत्तर प्रदेश में कई डिजिटल बैंकिंग जागरूकता कैंपों का आयोजन किया है.

विशेष वित्तीय साक्षारता कैंप "गोइंग डिजिटल" के आयोजन के लिए वित्तीय समावेशन निधि (एफ़आईएफ़) के अधीन हमें नाबार्ड द्वारा अनुदान सहायता हेतु अनुमोदन प्राप्त हुआ है. अब तक ग्रामीण शाखाओं द्वारा 230 गोइंग डिजिटल कैंप्स तथा एफ़एलसी द्वारा 814 गोइंग डिजिटल कैंप्स का आयोजन किया गया है.

2. यूनियन आदर्श ग्राम योजना:

देश के प्रति कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत अपनी प्रतिबद्धता के रूप में बैंक ने "यूनियन आदर्श ग्राम योजना" प्रारंभ की है. इस योजना के तहत इस वर्ष देश भर में 211 गाँवों को उनके सर्वांगीण विकास हेतु गोद लिया है.

3. अग्रणी बैंक योजना:

बैंक देश के चार राज्यों में स्थित 14 जिलों में अग्रणी बैंक की भूमिका का निर्वहन कर रहा है. इन जिलों में बैंक न केवल लगातार अपनी शाखाएं बढ़ाते हुए सामान्य बैंकिंग गतिविधियां कर रहा है, बल्कि स्थानीय सरकारों के साथ जिला ऋण योजना के लिए भी काम करता है. इससे जिला ऋण योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं के अनुश्रवण में सहायता मिलती है. बैंक के 14 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) भी हैं जहां ग्रामीण युवाओं को सूक्ष्म उद्योगों को चलाने के लिये प्रशिक्षण तथा कौशल उन्नयन के कार्यक्रम चलाये जाते हैं. बैंक चार चयनित पिछड़े जिलों में महिला सशक्तिकरण हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सहायता दे रहा है.

4. प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):

देश में सभी परिवारों को मूलभूत वित्तीय सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने देश की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना-प्रधान मंत्री जन धन योजना को अगस्त 2014 में आरम्भ किया है. इस योजना में जो 6 स्तम्भ शामिल है, वे हैं: सबकी पहुंच, ओवरड्राफ्ट की सुविधा के साथ बेसिक बैंकिंग खाता, दुर्घटना बीमा और रुपे डेबिट कार्ड, वित्तीय साक्षरता, क्रेडिट गारंटी निधि, सूक्ष्म वित्त और अन्त में असंगठित क्षेत्र पेंशन योजना. इन स्तम्भों को दो चरणों में लागू किया जाना है.

प्रथम चरण दिनांक 28 अगस्त, 2014 को आरम्भ किया गया जिसका उद्देश्य बचत, प्रेषण और ₹1.00 लाख के दुर्घटना बीमा कवर करते हुए रुपे डेबिट कार्ड के लिए बेसिक बैंकिंग खाता खोलते हुए सभी लोगों के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवाना है. इसमें वित्तीय साक्षरता को भी शामिल किया गया है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत हमारे कार्यनिष्पादन के मुख्य तत्व		
1	कवर किये गये कुल गांव	18,396
2	उप सेवा क्षेत्र (एसएसए)	5,407
3	शहरी वार्डस्	2581
4	सर्वे किये गये कुल परिवार	72.34 लाख
5	जिनमें से ए. ग्रामीण परिवार	45.54 लाख
6	बी.शहरी परिवार	26.80 लाख
31 मार्च, 2018 का कार्यनिष्पादन		
7	31 मार्च, 2018 तक खोले गये खाते	86.22 लाख
8	31 मार्च, 2018 तक जारी रुपे कार्ड	48.83 लाख
9	31 मार्च, 2018 को खातों मे शेष राशि	1930.64 करोड़
10	पीएमजेडीवाई के तहत ई-केवाईसी के तहत खोले गए खाते	15.62 लाख

5. वित्तीय साक्षरता:

हम अपने 26 वित्तीय साक्षरता केन्द्रों और ग्रामीण शाखाओं के माध्यम से प्रधान मंत्री जन धन योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्य कर रहे हैं. हमने कॉमिक पुस्तकों के साथ ही साथ पोस्टर्स तथा अन्य पठन सामग्री का प्रकाशन किया है.

इस क्षेत्र में हमारे बैंक ने 01 जनवरी, 2015 को एक अनोखी पहल आरम्भ की है और इंडियन स्कूल ऑफ माइक्रो फाइनेंस फॉर वुमन (ISMW) के सहयोग से पूर्वी उत्तर प्रदेश में वित्तीय साक्षरता पर 60 कैंपों का आयोजन किया है. इन कैंपों में 80% महिलाओं के साथ, करीब 15000 प्रतिभागियों

को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत लिंकेज, लाभ और पात्रता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया था. इन कैंपों में हमने, प्रधान मंत्री जन धन योजना के बारे में निम्न जानकारियाँ प्रदान की :

1) रुपे कार्ड का प्रयोग और लाभ
2) आधार कार्ड लिंकेज और लाभ
3) प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत बीमा का लिंकेज
4) ऋण एवं ओवरड्राफ्ट की सुविधा
5) बचत, उधार और उच्च लागत वाले ऋणों पर जानकारियां
6) मोबाइल बैंकिंग और तकनीक का प्रयोग

प्रत्येक कैंप में करीब 250 से 300 महिलाओं ने भाग लिया तथा प्रत्येक कैंप की अवधि लगभग 4 घंटे की थी. सहभागिता और प्रशिक्षणों में जिन साधनों और उपायों को शामिल किया गया था उनमें वीडियो, फिल्मस, नाटक, पोस्टर्स, अक्सर पूछे जाने वाले सवाल आदि थे और इनका संचालन इंडियन स्कूल ऑफ माइक्रो फाइनेंस फॉर वुमन के प्रशिक्षित लोगों द्वारा किया गया था. प्रतिभागियों को कुछ हेंडबुक्स भी प्रदान किये गये थे.

ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI):

बैंक ने देश के उन 14 जिलों में 14 आरसेटी की स्थापना की है, जहां अग्रणी बैंक के रूप में हमारे ज़िम्मेदारी है. वर्तमान में निम्न स्थानों पर बैंक के आरसेटी कार्यरत हैं:

- आजमगढ़, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, वाराणसी-उत्तर प्रदेश
- खगड़िया, समस्तीपुर-बिहार
- रीवा, सीधी एवं सिंगरौली-मध्य प्रदेश
- एर्णाकुलम, इडुक्की-केरल
- आरसेटी की स्थापना का उद्देश्य, स्व रोजगार आरंभ करने के लिए ग्रामीण युवकों को मुफ्त भोजन और आवास की सुविधा के साथ अल्पकालिक गहन प्रशिक्षण प्रदान करना है.
- हमारे आरसेटी में मार्च 2018 तक 63,771 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिनमें से 41,374 लोगों ने अपना कार्य स्थापित कर लिया है, इस प्रकार स्थापन दर 65% है.
- ग्रामीण मंत्रालय के आंकलन के अनुसार, वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान हमारे 14 आरसेटी में से 10 आरसेटी को "एए" ग्रेड, 3 आरसेटी को "एबी" ग्रेड तथा 1 आरसेटी को "बीबी" ग्रेड मिला है.

स्वयं सहायता समूह:

- स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सूक्ष्म वित्त की योजना, गरीब को स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में अर्थक्षम बनाने का प्रभावी साधन है. वर्ष के दौरान 1.83 लाख स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋणों से लिंक किया गया है. मार्च, 2018 को स्वयं सहायता समूहों को दिये गए ऋणों में बकाया राशि ₹1538 करोड़ थी.
- महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, बैंक द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन और उन्हें वित्त प्रदान करने में विशेष ध्यान दिया जा रहा है. वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, बैंक द्वारा देश के 4 जिलों-रीवा, सीधी, चंदौली तथा जौनपुर में महिला सशक्तिकरण के लिए महिला स्वयं सहायता समूह योजना लागू की जा रही है.
- देश के 250 चिन्हित जिलों में महिला स्वयं सहायता समूहों के लाभ के लिए, बैंक द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्याज अनुदान योजना लागू की जा रही है.

6. प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई):

- पीएमएमवाई के तहत हमारा बैंक ग्रामीण, शहरी व महानगरीय क्षेत्रों के सूक्ष्म उद्यमों को वित्त प्रदान करता है जो विनिर्माण, व्यापार तथा सेवा क्षेत्र के व्यवसाय में है.
- पीएम मुद्रा योजना विभिन्न नए व वर्तमान उद्यमियों को बैंकिंग चैनल से ऋण लाभ लेने का अवसर प्रदान करता है. इससे ऋण हेतु बैंक का ग्राहक आधार बढ़ जाता है.
- **31 मार्च 2018 के अनुसार मुद्रा लोन की स्थिति.**

(राशि करोड़ में)

ऋण की श्रेणी	स्वीकृत		संवितरित	
	खाते	राशि	खाते	राशि
शिशु	41160	162.37	41160	143.46
किशोर	128058	2654.85	128058	2408.48
तरुण	15919	1191.2	15919	1041.53
कुल	**185137**	**4008.42**	**185137**	**3593.47**

7. प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाइ) का द्वितीय चरण

प्रधानमंत्री जन धन योजना के दूसरे चरण में निम्न कार्य शामिल हैं:

- ₹5,000 तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा, पिछले 6 माह में बचत/ऋण ब्यौरे में संतोषजनक कार्यनिष्पादन होने पर.
- सूक्ष्म-बीमा

  बैंक द्वारा पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 31 मार्च, 2018 तक **7277 खातों** में **₹170.13 लाख** का ओवरड्राफ्ट वितरित किया गया. पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत, बैंक ने एटीएम व एसएमएस चैनलों के माध्यम से भी ओवरड्राफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई है. बैंक द्वारा निम्न तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से, गरीबों और सुविधाओं से वंचित लोगों के लिए सूक्ष्म बीमा और पेंशन प्रदान की जाएगी:

- **प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):** यह योजना 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के लिए, बहुत कम प्रीमियम ₹12 प्रतिवर्ष पर ₹2.00 लाख का दुर्घटना बीमा कवर करती है.
- **प्रधान मंत्री जीवनज्योति बीमा योजना (पीएमजेबीवाई):** यह योजना प्राकृतिक या दुर्घटना से मौत की जोखिम के लिए ₹2.00 लाख का बीमा कवर करता है. इसमें वार्षिक प्रीमियम ₹330.00 होगी. यह योजना 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के लिए है.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):** यह योजना 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्तियों को निर्धारित पेंशन प्रदान करती है, जो अंशदान की राशि और अवधि के आधार पर होती है.

31 मार्च, 2018 तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की स्थिति:

योजना का नाम	पुरुष ग्राहक	महिला ग्राहक	कुल नामांकन
अटल पेंशन योजना	214232	102179	316411
प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना	785478	480905	1266383
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना	1698233	1172159	2870392
कुल	**2697943**	**1755243**	**4453186**

स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत कार्यनिष्पादन यथा 31.03.2018:

क्र. संख्या	संवर्ग	01.04.2017 से 31.03.2018 तक		
		स्वीकृत		संवितरित
		खातों की संख्या	राशि	राशि
1	अनुसूचित जाति (केवल पुरुष)	15	224.26	193.71
2	अनुसूचित जनजाति (केवल पुरुष)	0	0.00	0.00
3	महिला उद्यमी	332	6880.11	5937.87
	कुल	**347**	**7104.37**	**6131.58**
6	जिनमें से			
	अल्पसंख्यक	50	990.74	855.97

8. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)/एल.पी.जी. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटीएल):

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के क्षेत्र में हमारे बैंक की उपस्थिति 113 जिलों में है. प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत भारत सरकार ने 43 विभिन्न योजनाओं को आरंभ किया है और सरकार से प्राप्त निधियों को, अनुदान/लाभों के रूप में, सीधे लाभार्थियों के खाते में जमा किया जाता है.

इस योजना के तहत 31 मार्च, 2018 तक संवितरण निम्नानुसार है:

अवधि	यूनियन बैंक शाखाओं में आरम्भ संव्यवहार				अन्य बैंकों से प्राप्त जमा	
	प्रायोजक बैंक के रूप में प्राप्त कुल रिकार्ड	राशि लाख में (₹)	सफल रिकार्ड	राशि लाख में (₹)	डेस्टिनेशन बैंक के रूप में प्राप्त रिकार्ड	राशि लाख में (₹)
वित्त वर्ष 2014-15	18133	387.38	15106	307.36	4331948	16230.15
वित्त वर्ष 2015-16	36839	1547.82	15208	552.12	22035238	53330.33
वित्त वर्ष 2016-17	33492	610.75	26044	524.67	29160282	70129.96
वित्त वर्ष 2017-18	**162801**	**18462.01**	**152689**	**17353.68**	**40872020**	**165518.53**

प्रायोजक बैंक: प्रायोजक बैंक के रूप में हमें सरकार से राशि के साथ उन लाभार्थियों की सूची मिलती है, जिनके खातों में रकम जमा करनी होती है. इन सूचियों को एनपीसीआई सर्वर पर अपलोड किया जाता है, जहां से डेस्टिनेशन बैंकों में लाभार्थियों के खाते में जमा करने के लिए बैंक-वार विभाजित हो जाता है.

डेस्टिनेशन बैंक: डेस्टिनेशन बैंक के रूप में, बैंक को एनपीसीआई से राशि के साथ उन लाभार्थियों की सूची मिलती है, जिनके खातों में राशि जमा किए जाने हैं.

कमीशन: डीबीटी/डीबीटीएल के तहत किए गए संव्यवहारों के लिए हमारे बैंक को अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के दौरान आय/कमीशन के रूप में ₹768.46 लाख अर्जित किया है.

9. आईआईबीएफ प्रमाणन और बैंक मित्रों की क्षमता निर्माण:

भारतीय बैंक संघ ने अपने पत्र क्रमांक. एसबी/सीबीसी/1141 दिनांक 30 जुलाई, 2015 के द्वारा सभी बैंकों को आईआईबीएफ प्रशिक्षण द्वारा बैंक मित्रों के प्रशिक्षित व प्रमाणन का निर्देश दिया है. प्रशिक्षित व प्रमाणित बैंक मित्र व्यापक वित्तीय समावेशन के लिए अधिक विश्वसनीय होंगे. हमारे कुल 4,596 बैंक मित्र (84%) आईआईबीएफ़ से प्रमाणित हो चुके हैं.

बैंक ने मेसर्स क्रुक्स मेनेजमेंट सर्विसेस के माध्यम से शेष 1686 बैंक मित्रों के प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया है. एफ़आईएफ़ के तहत नाबार्ड के द्वारा 60% व्ययों की प्रतिपूर्ति की जानी है, शेष 40% बैंक द्वारा वहन किया जाएगा.

10. आधार सीडिंग की स्थिति:

31.03.2018 तक आधार सीडिंग की प्रगति स्थिति इस प्रकार है:

यथास्थिति	लघु खातों एवं तीन राज्यों (जम्मू कश्मीर, असम एवं मेघालय) के अतिरिक्त कासा परिचालित खातों की संख्या	आधार अंकित खातों की संख्या	आधार अंकित खातों का %	सक्रिय बचत खातों की संख्या	मोबाइल अंकित खातों की संख्या	मोबाइल अंकित खातों का %
	(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
मार्च, 2018	33130374	27424808	82.78	33852604	25645522	75.76

तथापि, 31.03.2018 तक पीएमजेडीवाई खातों में आधार अंकन की स्थिति इस प्रकार है:

बैंक	पीएमजेडीवाई खातों की संख्या	आधार अंकित खाते	आधार अंकन का %
यूनियन बैंक	86.22 लाख	69.26 लाख	80.33%

वर्ष : 2017-18 के दौरान नई पहल:

1. **आधार नामांकन केंद्र:-** यूआईडीएआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी वाणिज्यिक बैंकों को यूआईडीएआई द्वारा 10% बैंक शाखाओं में आधार नामांकन केंद्र खोलने का निर्देश दिया गया है. तदनुसार, हमने पूरे भारत की 429 शाखाओं में आधार नामांकन केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा है. वर्तमान में 255 बैंक शाखाएं आधार नामांकन हेतु सक्रिय हैं.
2. **वित्तीय साक्षरता पहल:-** हमारे बैंक द्वारा 14 अग्रणी जिलों के साथ ही साथ केरल राज्य के कुछ गैर-अग्रणी जिलों में कुल 30 वित्तीय साक्षरता केंद्र खोले गये हैं. वित्तीय एवं डिजिटल साक्षारता तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में ग्राहकों में जागरुकता लाने के लिये 5328 ग्रामीण कैंप का आयोजन किया गया. मार्च 2018 तक इन कैंप में 2,15,820 लोगों को परामर्श दिया गया है. 54,833 लोगों के खाते खोलकर उन्हें बैंकिंग क्षेत्र से जोड़ा गया और ऋण सुविधाएँ प्रदान की गईं.
3. **गोइंग डिजिटल कैंप:-** ग्रामीण शाखाओं ने 230 गोइंग डिजिटल कैंप का आयोजन किया है एवं हमारे एफ़एलसी द्वारा अब तक 814 गोइंग डिजिटल कैंप का आयोजन किया गया है.
4. आरएफ़पी प्रक्रिया द्वारा कॉर्पोरेट बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट को सूचीबद्ध करना, जो अंतिम चरण में है. इससे हमें बेहतर कारोबार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कॉर्पोरेट बीसी के बीच प्रतिस्पर्धा खड़ी करने में मदद मिलेगी.
5. बैंक मित्र केन्द्रों पर गैर पीएमजेडीवाई ग्राहकों के लिए प्रभार लागू किया गया है. यह हमारे बैंक के लिए नया ब्याज रहित आय स्रोत है.
6. बैंक मित्र केन्द्रों पर गैर पीएमजेडीवाई ग्राहकों से प्रभार लेने के कारण क्षेत्रीय बैंक मित्रों द्वारा आवर्ती लेनदेन की जांच होगी और बैंक मित्र पारितोषिक पर हमारे व्यय में भी कमी आएगी.
7. बैंक ने हाल ही में आधार आधारित लेनदेनों एवं नामांकन के लिए पंजीकृत उपकरण सेवाओं को स्वीकार किया है ताकि इनसे संबंधित जोखिम को कम किया जा सके.
8. वित्तीय समावेशन हेतु मोबाइल आधारित एप्लिकेशन परीक्षण के चरण में है. इससे माइक्रो एटीएम पर आवर्ती रखरखाव व्यय एवं बैंक के खर्च में कमी आएगी.
9. वित्तीय समावेशन गतिविधियों के लिए अब बैंक मित्रों के पास वेब किओस्क, माइक्रो एटीएम एवं मोबाइल आधारित एप्लिकेशन जैसे तीन विकल्प उपलब्ध हैं.
10. प्रमुख बैंकों द्वारा परिवारों को कवर करने, खातों की सक्रियता और रुपे कार्ड्स, आधार और मोबाइल नंबरों का अंकन आदि के मामलों में, हमारे बैंक का स्थान प्रमुख है.
11. एटीएम व एसएमएस के माध्यम से ओवरड्राफ्ट का स्वचालन.
12. एटीएम के माध्यम से पीएमजेडीवाई खातों में ओवरड्राफ्ट की हमारी निर्बाध प्रक्रिया, 24 घंटे में.
13. क्षेत्रों में खुले कुल 5407 माइक्रो एटीएम ईपीएस एवं रुपे आधारित लेन-देन के लिए सक्षम. हमने क्षेत्र के बैंक मित्रों को 100% माइक्रो एटीएम उपलब्ध करवाया है.

बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल:

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपनी सीएसआर प्रतिबद्धताओं को पूर्ण करने में सदैव अग्रणी रहा है. इसी दिशा में हमारे बैंक ने वर्ष 2006 में यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट (यूबीएसएफ़टी) की स्थापना की है. बैंक की प्रमुख सीएसआर गतिविधियां इसी ट्रस्ट के माध्यम से की जाती है. इसके ट्रस्टी बोर्ड में, उपाध्यक्ष के रूप में कार्यपालक निदेशकों के साथ बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक है, अन्य ट्रस्टियों में बैंक के महा प्रबंधकगण व एक स्वतंत्र ट्रस्टी होता है. बोर्ड द्वारा बैंक के प्रमुख क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए दिशानिर्देश प्रदान कर प्रत्येक तिमाही समीक्षा की जाती है. इन दिशानिर्देशों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा क्रियान्वित किया जाता हैं, जिसका मुख्यालय मुंबई में है.

बैंक की सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) गतिविधियों के साथ ही यूबीएसएफ़टी के तिमाही आधार पर अनुश्रवण के लिए बैंक ने अपने शीर्ष स्तर पर सीएसआर समिति का गठन किया है. समिति का नेतृत्व कार्यपालक निदेशकों के साथ एमडी एवं सीईओ द्वारा किया जाता है, अधिनियम* के 9(3)(h) के अंतर्गत एक अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक को नामित एवं अधिनियम* की धारा 9(3)(i) के तहत एक शेयर धारक निदेशक का समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचन किया जाता है.

*बैंककारी कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण एवं हस्तांतरण) अधिनियम 1970.

सामाजिक उत्थान और सुविधाओं से वंचित लोगों के जीवन में सुधार की पहल में सहायता करने के उद्देश्य से यूबीएसएफ़टी को सम्मिलित किया गया है, बैंक मुख्यत: निम्नलिखित क्रियाकलापों में सहायता करने के लिए ध्यान केन्द्रित कर रहा है:-

शिक्षा:

यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा अहमदाबाद के 4 विद्यालयों और वाराणसी के 1 विद्यालय में 4 वर्षों के लिए "प्रगना प्लस" सृजनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है. हाल ही में जिला सरकार प्राधिकारियों द्वारा इस प्रोजेक्ट का दौरा किया गया एवं इस कार्यक्रम की सराहना की गयी.

यूबीएसएफ़टी द्वारा नवीनीकृत सरकारी प्राथमिक शाला में माननीय संचार मंत्री एवं रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा का दौरा.

पहले **बाद में**

सामुदायिक कल्याण:

यूबीएसएफ़टी ने विजयवाड़ा के अंतर्गत कुरुमंडली पंचायत में सामुदायिक भवन की स्थापना में सहायता की. उपर्युक्त चित्र में भवन का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त

उत्तर बिहार के ठंड से प्रभावित क्षेत्र में कंबल वितरण :- उक्त चित्र में जिला न्यायाधीश समस्तीपुर एवं क्षेत्र प्रमुख समस्तीपुर, कंबल वितरित करते हुए

स्वच्छता

यूनियन बैंक सोशल फ़ाउंडेशन ट्रस्ट ने, विभिन्न महिला विद्यालयों में 273 शौचालयों के निर्माण के लिए ₹5.00 करोड़ का अनुमोदन किया है. इनका निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है और कुछ शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिन्हें फोटोग्राफ में देखा जा सकता है. फ़ाउंडेशन ने 500 से अधिक व्यक्तिगत/ सामुदायिक शौचालयों के निर्माण में सहायता की है, जिनमें से 83 शौचालयों का निर्माण महिला विद्यालयों में किया गया है.

यूबीएसएफ़टी ने बांद्रा (पश्चिम) मुंबई रेलवे स्टेशन पर शिशु-पालन इकाई के साथ ही सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया है, जिसका उद्घाटन बांद्रा (पश्चिम) के विधायक श्री आशीष शेलार द्वारा किया गया. प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों द्वारा इस सुविधा का लाभ उठाया जा रहा है.

कौशल विकास :

पैरामेडिक्स लैब:- भुवनेश्वर में पैरामेडिक्स लैब की स्थापना के लिए सेंचूरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलोजी एंड मेनेजमेंट को ₹100.00 लाख की सहायता दी गई है. सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को, लेब में नर्सिग और ओटी सहायक का कार्य करने हेतु इसमें मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है. उक्त चित्र में विद्यार्थियों को पुतलों पर प्रशिक्षण लेते हुए देखा जा सकता है.

डीजी क्लासरूम: यूबीएसएफ़टी ने तटीय कर्नाटक के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से निर्धन विद्यार्थियों के लिए डिजिटल क्लासरूम की स्थापना में सहायता की. उक्त चित्र में डिजिटल क्लासरूम का उद्घाटन करते हुए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ.

शारीरिक अक्षमता को सहायता: यूबीएसएफ़टी ने नेशनल असोसिएशन फॉर ब्लाइंड्स, इंडिया को वर्ष 2017-18 में अपनी डिजिटल लाइब्रेरी परियोजना के तहत 250 किताबों की आडिओ रिकॉर्डिंग करने में सहायता प्रदान की है. फ़ाउंडेशन ने एनएबी को अपने विद्यार्थियों में निशुल्क ब्रेल किट के वितरण में भी सहायता प्रदान की.



यूबीएसएफ़टी ने चेतना फ़ाउंडेशन, करकला कर्नाटक के पहली मंजिल क्लासरूम के निर्माण में सहायता की. उक्त चित्र में, चेतना फ़ाउंडेशन के विद्यार्थियों के साथ एमडी एवं सीईओ.

यूबीएसएफ़टी ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, विरासत स्थलों के जीर्णोद्धार एवं बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 4.60 करोड़ की राशि का अनुमोदन 25 परियोजनाओं के लिए किया है.

वर्ष 2017-18 के दौरान यूबीएसएफ़टी का क्षेत्रवार अनुमोदन एवं संवितरण निम्नानुसार है:

क्षेत्रवार अनुमोदन एवं संवितरण:





वर्ष 2017-18 के दौरान प्राप्त पुरस्कार एवं उपलब्धियां

I. इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए) बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड

- विजेता-श्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल
- उप-विजेता-वर्ष का श्रेष्ठ टेक्नोलॉजी बैंक

II. आईडीआरबीटी बैंकिंग टेक्नोलॉजी एक्सिलेन्स अवार्ड

- वर्ष का श्रेष्ठ उभरता बैंक

III. स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड

- डेबिट कार्ड हेतु ग्रीन पिन सोल्यूशन
- यूनियन मोबाइल एनपीए रिकवरी ऐप
- आपदा प्रबंधन और आपदा रिकवरी रणनीतियां
- कारोबार निरंतरता रणनीतियां
- परिचालनात्मक ग्राहक संबंध प्रबंधन सोल्यूशन
- यूनियन बैंक यूपीआई ऐप
- बैंक ने वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान मुद्रा योजना में बेहतर प्रदर्शन के लिए स्कॉच अवार्ड प्राप्त किया है.

IV. गवर्नेंस नाउ द्वारा वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कार एवं उपलब्धियां

- बैंक को "सर्टिफिकेट ऑफ रिकॉग्निशन फॉर फोस्टरिंग फाईनेन्शियल इंक्लूजन एंड प्रोवाइडिंग फाईनेंशियल सर्विसेस एट डोरस्टेप्स बाइ गवर्नेंस नाउ" से सम्मानित किया गया है.

V. एम/एस इंफ़ोसिस अवार्ड

- श्रेष्ठ ग्राहक सेवा नवोन्मेष

VI. पीएफ़आरडीए अवार्ड: पीएफ़आरडीए द्वारा 14.09.2017 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के तहत अपने निम्नलिखित अभियान के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को तीन अवार्ड से सम्मानित किया गया;

- प्रोस्पेरिटी I (3 मार्च 2017-10 मार्च 2017) के लिए एनपीएस में दूसरा पुरस्कार
- रिटायर विथ प्राइड (14 जुलाई 2017 - 21 जुलाई 2017) - एनपीएस में दूसरा पुरस्कार
- प्रोस्पेरिटी II (17 मार्च 2017 -24 मार्च 2017) के लिए एनपीएस में तृतीय पुरस्कार
- 20 नवम्बर 2017 से 2 दिसम्बर 2017 तक पीएफ़आरडीए द्वारा आयोजित "एनपीएस लाओ अच्छे दिन पाओ" अभियान के लिए द्वितीय पुरस्कार. (पीओपी-एसपी के उच्चतम संख्या से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए).
- 8 सितंबर 2017 से 22 सितंबर 2017 तक पीएफ़आरडीए द्वारा आयोजित "लाइफ्स ग्लोरी" अभियान के लिए द्वितीय पुरस्कार. (एनपीएस खातों के उच्चतम संख्या से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए)
- 8 सितंबर 2017 से 22 सितंबर 2017 तक पीएफ़आरडीए द्वारा आयोजित "लाइफ्स ग्लोरी" अभियान के लिए द्वितीय पुरस्कार. (नई पीओपी-एसपी एक्टिवेशन के उच्चतम संख्या प्राप्त करने के लिए)
- 20 नवम्बर 2017 से 2 दिसम्बर 2017 तक पीएफ़आरडीए द्वारा आयोजित "एनपीएस लाओ अच्छे दिन पाओ" अभियान के लिए तृतीय पुरस्कार. (पीओपी-एसपी के उच्चतम प्रतिशत से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए).
- 18 अक्तूबर 2017 से 28 अक्तूबर 2017 तक पीएफ़आरडीए द्वारा आयोजित "लिव ऑन एनपीएस लाइफ" अभियान के लिए तृतीय पुरस्कार. (एनपीएस खातों के उच्चतम संख्या से लक्ष्य प्राप्त करने के लिए).

अन्य सामाजिक गतिविधियां :

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 99वां स्थापना दिवस आयोजन

(उपर्युक्त फोटोग्राफ में नेहरू सेंटर, मुंबई में आयोजित बैंक के 99वें स्थापना दिवस समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक, श्री विनोद कथूरिया एवं उनके साथ बैंक द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से पुरस्कृत लोग देखे जा सकते हैं.)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों एवं बैंक के सम्मानित ग्राहकों की उपस्थिती में 99वां स्थापना दिवस मनाया.

99वां स्थापना दिवस के अवसर पर, बैंक द्वारा 5 प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया, जो निम्न हैं.

	नाम	श्रेणी
1.	सुश्री मिताली दोराई राज	- खेल
2.	डॉ. एम. अन्नादुराई	- विज्ञान
3.	गुंडेचा ब्रदर्स	- संगीत
4.	डॉ. प्रकाश बाबा आमटे	- सामाजिक कार्य
5	डॉ. टी. ई. उदवाडिया	- चिकित्सा

सतर्कता जागरूकता सप्ताह:

"मेरा लक्ष्य: भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय के तहत हमारे बैंक एवं हमारे बैंक द्वारा संयोजित आरआरबी, काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजी) में 30 अक्तूबर से 04 नवंबर, 2017 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2017 यथोचित रूप से मनाया गया. इस अनुष्ठान के एक हिस्से के रूप में, हमने अपने संस्था में विभिन्न सतर्कता कार्यक्रम तथा अखिल भारत स्तर पर भारत के युवा वर्ग एवं आम जनता में भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने की भावना जागरूक करने हेतु अन्य गतिविधियों, का संचालन किया हैं.

वाराणसी में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंगीकृत नागेपुर एवं जयापुर गांवों सहित देश में सभी जगहों पर विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों/ग्राम पचायतों/ग्राम सभा/स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) में उक्त कार्यक्रम संचालित किए गए.

हमने सितंबर 2017 से उक्त कार्यक्रम का संचालन करना आरंभ कर दिया था तथा 04 नवंबर 2017 तक 5187+ कार्यक्रमों को संपन्न किया गया जिसमें 4353 कार्यक्रम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में तथा यूनियन बैंक द्वारा संयोजित काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजी), वाराणसी में 834 कार्यक्रम सम्पन्न किए गए.

वाद-विवाद, निबंध-लेखन, चित्रकला (ड्राइंग), वक्तृत्व कला प्रतियोगिता, क्विज, एक मिनट का छोटा भाषण, शॉर्ट फिल्म, रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि जैसे कार्यक्रम संचालित किए गए थे. इन प्रतियोगिताओं की फोटोग्राफ एवं विडियो क्लिप बनायी गयी हैं. मीडिया और डिजिटल मीडिया के माध्यम से समाचार-पत्रों में लेख एवं फोटोग्राफ द्वारा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया.

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2017 के दौरान ग्रामवासियों/किसानों को भ्रष्टाचार-विरोधी एवं सतर्कता निवारक उपायों जैसे विषयों पर शिक्षित करने के लिए, सभी आर-सेटी/वित्तीय परामर्श केन्द्रों पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया.
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2017 के दौरान, हमारे सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में स्टाफ सदस्यों एवं उनके परिजनों के लिए भ्रष्टाचार-विरोधी मुद्दों पर क्विज, वाद-विवाद, वक्तृत्वकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.
- **यूनियन सतर्कता सम्मान:** "यूनियन सतर्कता सम्मान" शीर्षक के तहत उत्कृष्ट सतर्कता सम्मान 06 अक्तूबर 2017 को घोषित किया गया. इस योजना का मुख्य उद्देश्य, सिस्टम/कार्यवाही के सख्त अनुसरण द्वारा स्वयं अनुशासित आदत को विकसित करना एवं तदनुसार कारोबार उत्कृष्टता और सांप्रदायिक विकास को प्राप्त करना है.
- क्षेत्र कर्मियों में जागरूकता विकसित करने के लिए "सतर्कता की एबीसीडी" नयी श्रृंखला आरंभ की गयी है जहां उन्हें सहज रूप से प्रत्येक दिन ए से ज़ेड तक सतर्कता की एक शब्दावली प्रेषित की जाएगी.
- बैंक की इंटरनेट/इंट्रानेट वेबसाइट के साथ-साथ एटीएम एवं इलेक्ट्रानिक स्क्रीन पर सतर्कता जागरूकता संदेश/स्लोगन को प्रदर्शित किया गया.

1. आम जनता / नागरिक के लिए आयोजित अन्य गतिविधियों का ब्यौरा निम्नलिखित हैं:

a) सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2017 के दौरान, बैंक की वेबसाइट एवं इंट्रानेट (यूबीआईनेट) पर ई-प्लेज के लिए लिंक उपलब्ध कराई गयी थी, जिसके माध्यम से 4,00,000 बैंक के ग्राहक, 75,000 नागरिकों एवं 38,390 स्टाफ सदस्यों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली.

b) लोगों तक भ्रष्टाचार विरोधी और सतर्कता जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए देश भर के 38 मुख्य केन्द्रों पर वॉकथॉन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन आदि आयोजित किए गए.

c) वेसिट, मुंबई में भ्रष्टाचार विरोध पर एक लघु फिल्म बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों द्वारा 7 लघु फिल्में बनाई गई. अनाथालय एवं वृद्धाश्रमों में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही भोजन वितरण, रक्त दान शिविर का आयोजन भी किया गया. कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों के द्वारा सतर्कता जागरूकता गतिविधियों के एक भाग के रूप में वृक्षारोपण, दिव्यांगों में भोजन, वस्त्र एवं पुस्तकों का वितरण किया गया.

d) मुद्रा कैम्प, आधार कैम्प आदि के दौरान सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम किए गए.

e) 4789 ग्राम पंचायतों के 425 जिलों में ग्राम सभा और सेमिनार आयोजित किए गए, जिसमें बैठकें, प्रतियोगिताएं, मेलों, चौपाल, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, रंगोली बनाना, भाषण प्रतियोगिताएं जैसी 5187 से अधिक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई. प्रतिभागियों की कुल संख्या 2,22,093 (लगभग) थी, जिसमें यूनियन बैंक के 1,71,243 प्रतिभागी सहित काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक के 50,800 प्रतिभागी शामिल थे.

f) आयोग ने बैंक के लिए 12 शहरों/नगरों में कम से कम 3 कॉलेजों एवं 2 स्कूलों में गतिविधियों के आयोजन करने की सलाह दी थी. हमें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बैंक द्वारा देश भर के विशिष्ट क्षेत्रों एवं अन्य क्षेत्रों के शिक्षकों एवं छात्रों तक इस संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से 304 स्कूलों एवं 94 कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विचार-विमर्श, ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया, जिसमें 73,177 छात्रों ने भाग लिया.

g) साथ ही, आयोग के निर्देशानुसार, स्कूलों एवं कॉलेजों में "इंटिग्रिटी क्लब" स्थापित किए जाने थे एवं हमें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारे द्वारा लगभग 960 छात्रों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ विभिन्न शहरों/नगरों में 48 इंटिग्रिटी क्लब बनाए गए हैं.

h) काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक (केजीएसजीबी), वाराणसी के नाम से हमारे बैंक का एक प्रायोजक ग्रामीण बैंक है. केजीएसजीबी की 444 शाखाएं हैं, जिसमें से 390 ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी शाखाएं और 54 शहरी शाखाएं हैं. सभी शाखाओं ने 780 ग्राम पंचायतों को कवर करने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया है. प्रतिभागियों की कुल संख्या 50,800 थी. उन्होंने बैठकें, प्रतियोगिताएं, मेलों, चौपाल, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, भाषण प्रतियोगिताएं, रंगोली बनाने जैसे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया है.

केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम

नागपुर - विजिथॉन - भ्रष्टाचार के विरुद्ध दौड़

अहमदाबाद - विद्यालय में प्रतियोगिताएं

कोल्हापुर - विद्यालय में इंटेग्रिटी क्लब

गोवा - स्वयं सहायता समूह में जागरुकता कैंप

चेन्नई - विद्यालय में इंटेग्रिटी क्लब

सेलम - महिला एसएचजी द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ

चंडीगढ़ - सतर्कता जागरुकता कार्यशाला

भोपाल - विद्यालय में सत्यनिष्ठा की शपथ एवं कार्यक्रम

लुधियाना - प्रदर्शनी में सतर्कता जागरुकता स्टॉल/कैंप

ग्वालियर - भ्रष्टाचार के विरुद्ध रैली

गुवाहाटी - भ्रष्टाचार मुक्त भारत के विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

भुवनेश्वर - सतर्कता जागरुकता कैंप के साथ ही मुद्रा कैंप

आजमगढ़ - विद्यालय में प्रतियोगिताएं

समस्तीपुर - विद्यालय में सत्यनिष्ठा की शपथ

गोरखपुर - रक्त दान कैंप

मेरठ - स्कूल/कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

बनारस - विद्यालयों में प्रतियोगिताएं

विद्यालयों में इंटिग्रिटी क्लब

व्हिसिल ब्लोवर पॉलिसी



सिद्धांत 9 - ग्राहक केंद्रीकरण

बैंक बीसीएसबीआई द्वारा निर्देशित मार्गदर्शी सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करता है तथा ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करता है, अपनी सारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता रखता है तथा ग्राहकों की शिकायतों के निस्तारण हेतु एक सुदृढ़ प्रणाली भी अपनाता है. इस मद में बैंक के कुछ प्रयास निम्नानुसार हैं;

विश्वस्तरीय ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना:

ग्राहक शिकायतों को प्रभावी और समय पर निवारण एवं साथ ही ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता की सुनिश्चिति को ध्यान में रखते हुए एक प्रमुख एजेंसी, ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना की गई है.

ग्राहक सेवा केन्द्र की संरचना:

बैंक में ग्राहक सेवा केन्द्र की स्थापना निम्न उद्देश्यों को पूरा करने के लिए की गई है:

1. आवेदनों पर त्वरित, विश्वसनीय और बिना किसी अवरोध के प्रतिक्रिया हेतु
2. निवेदनों और शिकायतों के मूल कारणों का समाधान - बैंक को लगातार प्राप्त होने वाले आवेदनों और शिकायतों की संख्या को कम करने के लिए उन्नत प्रक्रिया अपनाना
3. ग्राहक संबंधी बेहतर जानकारी प्राप्त करने के लिए सूचनाएं जेनरेट करना

प्रोजेक्ट 'उत्कर्ष'

हमारे बैंक ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के ध्वज तले कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन की एक नयी यात्रा आरंभ की है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष ग्राहक अनुभव बढ़ाकर, बेहतर प्रक्रिया दक्षता और कर्मचारी उत्पादकता में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर बैंक को उसकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा.

इन उद्देश्यों को बैंक द्वारा निम्न 6 महत्वपूर्ण पहल के माध्यम से हासिल किया जायेगा:

1. **यूनियन एक्सिपीरीअंस:** खुदरा शाखाओं के ऑपरेटिंग मॉडल व संगठनात्मक ढांचे को दुरुस्त बनाना
2. **यूनियन लोन पॉइंट:** फार्म में विशिष्ट खुदरा ऋण प्रोसेसिंग व अधिग्रहण इकाई बनाना
3. **सरल:** अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ स्वतंत्र एमएसएमई प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करना
4. **व्यापार विश्लेषिकी केंद्र:** डेटा व क्रॉस सेल में सुधार के लिए एनालिटिक्स शक्ति का उपयोग
5. **डिजिटल चैनल:** मल्टी चैनल (यथा एटीएम, इंटरनेट, मोबाइल) के कार्यनिष्पादन और रिटर्न को अधिकतम करना
6. **साझा सेवा केंद्र, सक्सेशन प्लानिंग, कर्मचारी संवर्धन और इंगेजमेंट कार्यक्रमों** जैसे प्रमुख पहलों के माध्यम से **मानव संसाधन प्रथाओं** और कर्मचारी प्रक्रियाओं में सुधार

कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन

बैंक ने 2015-16 में उत्कर्ष प्रोजेक्ट के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के पश्चात वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान उत्कर्ष के तहत कारोबार प्रक्रिया परिवर्तन के अधीन विभिन्न कदम उठाए हैं.

प्रोजेक्ट उत्कर्ष पूरे भारत के 35 क्षेत्रों में पंहुच गया है और इसमें खुदरा और एमएसएमई का 65% कारोबार, 1007 यूनियन एक्सिपीरियंस शाखाएं तथा 13000 से अधिक कर्मचारियों को कवर कर लिया गया है. इसमें यूएलपी की अच्छी संख्या, खुदरा ऋणों (73 में से 55) के लिए केंद्रीयकृत हब तथा एमएसएमई ऋणों (28 में से 26) के लिए केंद्रीयकृत हब को शामिल कर लिया गया है.

उत्कर्ष 35 क्षेत्रों में लागू किया गया है और इसने खुदरा एवं एमएसएमई के ~65% कारोबार को कवर कर लिया है



उत्कर्ष परिवर्तन ने जिन क्षेत्रों में प्रोजेक्ट उत्कर्ष को कार्यान्वित किया है वहाँ प्रोजेक्ट के उद्देश्य से संबद्ध सभी मुख्य पैरामिटर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शायी है. प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अधीन प्रोजेक्ट की अवधि के दौरान मार्च 2018 तक कारोबार कार्यनिष्पादन में बेसलाइन से अधिक वृद्धि हुई है.

विकासमान परिदृश्य के साथ यह आवश्यक हो गया है कि बैंक एक सुदृढ़ केंद्रीकृत प्रोसेसिंग कारोबारी मॉडल को अपनाए ताकि उसके ऋण प्रदान करने की क्षमता में वृद्धि, जोखिमों को कम करना, ऋण निर्णयों में टीएटी का सुधार तथा बैंकिंग की सुविधा के लिए डिजिटल चैनल का प्रयोग किया जा सके, जिससे ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाकर तथा सुदृढ़ अर्जन प्रणाली द्वारा बैंक के कारोबार में वृद्धि की जा सके.

कारोबार प्रक्रिया पुनर्निर्माण के अंतर्गत नई पहल के रूप में, बैंक ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान उत्कर्ष प्रोजेक्ट में निम्नलिखित **मुख्य संरचनात्मक रूपान्तरण के कदम** उठाए हैं.

- **एमसीबी (मिड कॉर्पोरेट शाखा) :** एमएसएमई के अंतर्गत केन्द्रीकरण पहल के रूप में, मिड कॉर्पोरेट कारोबार अनुभाग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक नए एमसीवी (मिड कॉर्पोरेट वर्टिकल) की स्थापना की गई है. संभावनापूर्ण क्षेत्रों में एमसीबी (मिड कॉर्पोरेट शाखाओं) की स्थापना की गई है एवं मार्च तक, छ: विद्यमान एमसीबी का पुनर्निर्माण किया गया तथा एर्णाकुलम में एक नया एमसीबी खोला गया.
- **सरल :** एमएसएमई के अंतर्गत केन्द्रीकरण पहल के रूप में, एमएसएमई ऋणों के लिए एक प्रोसेसिंग प्रणाली सरल की स्थापना की जा रही है. पूरे भारत में 2017-18 के अंत तक 28 सरल की स्थापना/सुदृढ़ की जा चुकी है.
- **आरयूएसयू (ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी परिवर्तन) :** बैंक द्वारा किया गया एक अन्य महत्वपूर्ण परिवर्तन आरयूएसयू हब का निर्माण है. विशाल ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने हब एवं स्पोक मॉडल के माध्यम से (रैम) रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र में क्रेडिट डिलिवरी केंद्रीकरण का प्रयास किया है, जहां हब केंद्रीकृत प्रोसेसिंग केंद्र (यूनियन समृद्धि केंद्र के रूप में नामित) के रूप में हैं एवं मुख्य जिलों के ग्रामीण/अर्ध-शहरी शाखाएं स्पोक होंगे. यह मॉडल शीघ्र निर्णय लेने को आसान बनाने के लिए डिजिटल माध्यम से हब को जानकारी प्रेषित करने पर बल देता है. इसके अतिरिक्त, आरडीओ अर्जन प्रणाली के रूप में कार्य करेंगे; इस क्षेत्र में कंपनी के साथ साझेदारी एवं टाई-अप के अवसरों की तलाश करेंगे. बैंक ने देश में कुछ ऐसे जिलों की पहचान की है, जहां ऐसे यूनियन समृद्धि केन्द्रों को स्थापित करने की बड़ी संभावनाएं हैं. बैंक लेनदेन एवं लीड सृजन के लिए बीसी (बिजनेस कॉरस्पोंडेंट) टच पॉइंट का व्यापक उपयोग करेगा तथा ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी ग्राहकों को एम-पीओएस एवं एईपीएस (आधार समर्थित भुगतान प्रणाली) के जरिए कारोबार लेनदेन के लिए रसीद एवं भुगतान हेतु यूनियन डिजि कैश पॉइंट तथा पार्टनर के रूप में मर्चंट एस्टैब्लिशमेन्ट. बैंक ने पायलट के माध्यम से दिसंबर 17 में नासिक और करनाल क्षेत्र में इस पहल का आरंभ किया है.
- **कारोबार विश्लेषण :** बिज़नस इंटेलिजेंस यूनिट (बीआईयू) ने एटीएम के साथ-साथ शाखा में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करने के लिए पूर्वसूचना मॉडल विकसित करने तथा आस्ति प्रबंधन के लिए ईडबल्यूएस (पूर्व चेतावनी) की ओर तेजी से कदम बढ़ाया हैं.

ग्राहक-सेवा में उत्कृष्टता लाने के लिए अन्य पहल:

1. कॉल-सेंटर, एटीएम तथा अन्य वैकल्पिक चैनलों को व्यवस्थित करना: बैंक के एटीएम न केवल नकदी प्रदान करते हैं बल्कि हाल ही में प्रेषण के 3 उत्पादों को एटीएम के साथ आरम्भ किया है. बैंक एटीएम के माध्यम से म्युचुअल फंड में निवेश, आयकर भुगतान तथा मोबाईल टॉप-अप जैसे अन्य उत्पाद की सुविधा भी प्रदान की है. इस प्रकार ये अधिकतम सेवा सुविधा का सर्वाधिक प्रभावी माध्यम हैं. इसीलिये इन्हें **संपूर्ण एटीएम** का नाम दिया गया है.
2. गैर-ग्राहक संबंधी देयता गतिविधियों का नेशनल प्रोसेसिंग सेंटर पर केंद्रीकरण.
3. **यूनियन डिजिगाँव:** ₹500 और ₹1000 के पुराने बैंक नोटों के विमुद्रीकरण के बाद सक्रियता से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बड़े पैमाने पर जनता को शिक्षित करने और उनके बीच विभिन्न डिजिटल संव्यवहारों को प्रोत्साहित कराते हुए डिजिटल बैंकिंग जागरूकता बढ़ाने का निर्णय लिया है. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी तरीके से डिजिटल बैंकिंग की जागरूकता बढ़ाने के लिए, बैंक ने प्रत्येक अग्रणी जिलों में ग्रामों को अंगीकृत किया है. बैंक ने इन ग्रामों को "डिजिटल ग्राम" बनाने के लिए अपने अंचलीय कार्यालयों की मदद से 18 जिलों के 60 ग्रामों को अंगीकृत किया है, जिन्हें "यूनियन डिजिगाँव" का नाम दिया गया है, इन ग्रामों में भुगतान के डिजिटल चैनलों तथा व्यापारियों को संव्यवहार लेने, जागरूकता बढ़ाने, ग्राहकों/व्यापारियों को शिक्षित करने और प्रत्येक ग्राम में कैंप के आयोजन किए जा रहे हैं. चूंकि, ग्रामीण जनता और अर्थव्यवस्था में बैंक की उपस्थिति और प्रयास उपयोगी रहे हैं और इसके लिए व्यापारी या ग्राहक पर पर कोई अतिरिक्त लागत नहीं आती है, उपयोगकर्ताओं द्वारा इसकी बहुत प्रशंसा हुई है और प्रिंट मीडिया/टीवी चैनलों पर से प्रसारित खबरों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को अन्य मुख्य बैंकों से अलग पहचान दिलाई है.
4. **पीओएस में नकद:** विमुद्रीकरण के दौरान, ग्राहकों को नकद आहरण की सुविधा के लिए हमने अपनी शाखाओं में 360 पीओएस मशीनें लगाकर शाखा में एक अतिरिक्त चैनल उपलब्ध करवाया था.
5. शिकायत निस्तारण प्रणाली को और अधिक ग्राहकोन्मुख बनाने के लिये बैंक ने आंतरिक बैंकिंग लोकपाल की नियुक्ति की है, जो ग्राहकों की उन शिकायतों के निस्तारण संबंधी कार्यवाही करते हैं जो 30 दिनों तक लंबित रह जाती हैं. इसके अलावा वे मामले भी देखते हैं, जिनमें बैंक के निर्णय से ग्राहक संतुष्ट नहीं होते हैं.

RISK MANAGEMENT

Disclosures under Basel III Capital Regulations and Pillar III

In accordance with RBI issued Master Circular on Basel III Capital Regulations dated July 1, 2015, Banks are required to make Pillar 3 disclosures under Basel III capital requirements. The Bank has made these disclosures which are available on its website at the following link.

https://www.unionbankofindia.co.in/english/Basel_Disclosures_III.aspx

BUSINESS RESPONSIBILITY REPORT 2017-18

Section A: General Information about the Company

Union Bank of India, founded on 11thNovember 1919 with its headquarters in Mumbai, was inaugurated by Mahatma Gandhi, the Father of the nation in the year 1921. The Bank's core values of prudent management without ignoring opportunities is reflected in the fact that the Bank has shown steadfast growth and development during all 98 years of its operations. The Bank's focus is on qualitative growth in business while lending to productive sectors and ensuring asset quality is not impaired. This ensures that the Bank's performance in key business parameters improves year after year. The Bank now has 4296 Domestic branches and 7642 ATM's.

The Bank also has four full-fledged international branches in DIFC Dubai, Hong Kong, Sydney and Antwerp. The Bank is also having three representative offices in Shanghai, Beijing & Abu Dhabi and one wholly owned subsidiary, Union Bank of India (UK) Ltd, in London. The Bank has staff strength of 36877 who diligently adhere to the Bank's values and work towards achieving the Bank's vision.

UNION BANK OF INDIA WINS IBA BANKING TECHNOLOGY AWARDS

Union Bank of India won two Banking Technology Awards in an event organized by Indian Bank's Association (IBA). Bank won awards in Best Financial Inclusion Initiatives (Winner) and Best Payment Initiatives (Runner). Managing Director & CEO Shri Rajkiran Rai G. received the awards at the glittering award function organized by IBA at Mumbai on 23.02.2018.

The Bank is primarily engaged in providing Banking and Financial services to its customers and majority of the Bank's products and services broadly falls under three categories:

1. Deposits
2. Loans and Advances
3. Remittances and Collections

The Bank's activities are covered under the activity code - 6419 under "Group K: Financial and Insurance Activities of National Industrial Classification (All Economic Activities) - 2008" published by Ministry of Statistics and Program Implementation. The Bank has been a leader in infusion of technology and all its branches are computerized. The Bank has also introduced Core Banking Solution with connectivity between branches and cent percent of the business of the Bank is under Core Banking Solution.

Other useful information about the Bank is:

Corporate Identity Number (CIN) of the Company:	Not Applicable
Registered Address:	Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg,
Nariman Point, Mumbai – 400021	http://www.unionbankofindia.co.in
Website:	http://www.unionbankofindia.co.in
	2017 -18
E-mail Id:	busresponsehead@unionbankofindia.com
Financial Year reported:	2017 -18

Section B: Financial Details of the Company

The Bank's financials during the reporting year are as under:

(₹ In crores)

Paid up Capital	1169.00
Total Deposits	408502.00
Gross Advances	313860.00
Total profit after taxes	(-) 5247.00
Total Spending on Corporate Social Responsibility (CSR)	5.55
Total Spending on CSR as percentage of profit after tax (%)	-

Corporate Social Responsibility:

Union Bank of India is committed to the objective of corporate social responsibility (CSR) and integrates it into its business model by creating enablers for social and community development. The Union Bank Social Foundation, a trust set up by the Bank is spearheading its CSR initiatives. Through the trust, the Bank is engaged in empowering people through various developmental initiatives.

The Bank's CSR spend in 2017-18 is Rs. 5.55 Crores. Some of the notable projects undertaken by the Bank under CSR in the reporting year include:

List of some new CSR initiatives taken in 2017-2018:

- Donation for renovation of Bandra Railway station
- Donation for providing education software in Government schools in Raigad & Thane districts
- Donation for construction of water tank in Jagadguru Ramabhadracharya Handi-capped University, Chitrakoot, Rewa Region.
- Donation to Indian Cancer Society, Mumbai for treatment of cancer affected persons
- Donation for purchase of Ambulance to Sadguru Netra Chikitsalaya, Rewa
- Donation for construction of toilet blocks in Maharshi Dayanand Arts & Science College, Parel, Mumbai

- Donation for running mobile medical services to remote villagers in Hazaribagh, Ranchi, Chhattisgarh
- Donation to National Association for Blind, Mumbai for audio recording of books for blind persons
- Donation to Bharat Loksiksha Parishad for holistic development of tribal children through Ekal vidyalayas in Uttar Pradesh & Bihar.
- Donation to Mahavir International Welfare Association, Faridabad for purchase of Phacomulsifier system for eye treatment.
- Donation to Chaitanya sight Foundation, Tiruvananthapuram, Kerala for purchase of Ambulance for transporting patients.
- Donation for adoption of 300 girls students in Piplantri village, Udaipur by distributing books, Uniform, cycle etc..

Section C: Other Details

